ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, माघ शुक्ल पक्ष 04, विक्रम संवत 2080 | रांची, मंगलवार, 13 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक 14, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय जीवन शैली में सुधार लाकर हृदयाघात ...08
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
भारत का समय आ गया है, पूरा विश्व भारत ...12 देश विदेश







**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 62,270

चांदी (1 किलो) 78,000

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## राज्य के विकास में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण : चंपई सोरेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर मामले में आत्मनिर्भर और स्वतंत्र हैं। अब महिलाएं पुरुषों के बराबर सब कुछ करने में सक्षम हैं। समाज सुधार, राजनीति, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, विज्ञान व अनुसंधान, व्यवसाय, खेलकूद और सैन्य बलों सहित कई क्षेत्रों में हमारी बहनों और बेटियों ने अमूल्य योगदान दिया है। मुख्यमंत्री सोमवार को मोरहाबादी मैदान में सखी मंडल की महिलाओं की राज्यस्तरीय एक्सपोजर एवं क्षमता संवर्धन शिविर सह महिला महासम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में 55 हजार महिला सखी मंडलों के बीच 825 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की। चंपई ने कहा कि मैं आज इस मंच से यहां उपस्थित सभी महिला स्वयं सहायता समूह की दीदियों से अपील करना चाहता



हूं कि आप अपनी प्रतिभा पहचाने और विश्वास के साथ आगे बढ़ें। हर कदम हर स्थिति में यह सरकार आपके साथ सदैव खड़ी रहेगी। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार जिस तरह आप दीदियों के साथ खड़ी थी, उसी तरह हम भी आपके हर दुख और सुख में साथ रहेंगे। आपके राज्य सरकार की ओर से किसी भी प्रकार से कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। यह मैं आज आप सभी को विश्वास देने आया हूं।

### समाज को बेहतर दिशा देने में लगी हैं एसएचजी की बहनें

मुख्यमंत्री ने कहा कि घर-परिवार के साथ समाज और राज्य को सही दिशा देने में एसएचजी ग्रुप की बहन-बेटियां निरंतर बेहतर कार्य कर रही हैं। आज के इस महिला महासम्मेलन में राज्य के लगभग 30 हजार सखी मंडल की महिलाएं भाग ले रही हैं। इसी तरह अन्य चारों प्रमंडल में भी राज्य की लगभग 45 हजार सखी मंडल की बहन-बेटियां इस कार्यक्रम से जुड़ी हैं। महिलाओं के सम्मान और समाज में समानता के लिए यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण कदम है। कहा, हमें यह समझने की जरूरत है कि महिलाएं हमारे समाज की आधारशिला होती हैं और उनके योगदान के बिना हमारा समाज अधूरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा लगातार सखी मंडल के माध्यम से राज्य में विकास से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतरा जा रहा है।

## राज्य में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति अब जेट परीक्षा से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में अब शीघ्र ही शिक्षकों की कमी दूर होने वाली है। सोमवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड कैबिनेट की बैठक में उक्त निर्णय लिया गया। बैठक में कुल 25 प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट में निर्णय हुआ कि झारखंड के विश्वविद्यालय और कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति के लिए झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट (जेट) लिया जाएगा। इसके लिए झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट रूल के गठन को स्वीकृति दी गई है। इसी टेस्ट के स्कोर के जरिए विश्वविद्यालयों के पीएच-डी कोर्स में भी एडमिशन लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के एक अन्य प्रस्ताव पर स्वीकृति दी गई है। इस विभाग के अधीन आने वाले तकनीकी शिक्षा निदेशालय के द्वारा राज्य के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज में शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति होगी। इसके लिए झारखंड तकनीकी सेवा नियमावली 2023 को स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने यह जानकारी दी।

**झारखंड कैबिनेट की बैठक में 25 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

**झारखंड एलिजिबिलिटी टेस्ट रूल के गठन को स्वीकृति**

**जेट स्कोर से ही पीएचडी कोर्स में लिया जाएगा एडमिशन**

**झारखंड तकनीकी सेवा नियमावली 2023 को मिली स्वीकृति**

### इन प्रस्तावों को भी मिली स्वीकृति

- केंद्र प्रायोजित योजना अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (अमृत 2.0) एवं विश्व बैंक संपोषित झारखंड म्युनिसिपल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट अंतर्गत 14436.84 लाख रुपये की लागत पर तकनीकी अनुमोदन प्राप्त लोहरदगा शहरी जलापूर्ति परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति एवं इस योजना के मानक बोली दस्तावेज (एसबीडी) की स्वीकृति दी गई।
- केंद्र प्रायोजित योजना अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (अमृत 2.0) एवं विश्व बैंक संपोषित झारखंड म्युनिसिपल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट अंतर्गत 11289.83 लाख रुपये की लागत पर तकनीकी अनुमोदन प्राप्त गुमला शहरी जलापूर्ति परियोजना की प्रशासनिक स्वीकृति एवं इस योजना के मानक बोली दस्तावेज (एसबीडी) की स्वीकृति दी गई।
- रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र अन्तर्गत निमार्णाधीन झारखंड सरकार के 11 कैबिनेट मंत्री के आवास के लिए कुल राशि 114,47,21,100 रुपये की स्वीकृति दी गई।

▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

**एक नजर**

### झारखंड विस का बजट सत्र 23 से दो मार्च तक 27 को पेश होगा बजट

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा जो दो मार्च तक चलेगा। बजट सत्र आहूत करने के प्रस्ताव को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की ओर से मंजूरी मिल गई है। चम्पाई सोरेन की सरकार 27 फरवरी को 2024-25 का बजट पेश करेगी। पंचम विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों को सदन के पटल पर रखा जायेगा। वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी का भी उपस्थापन होगा। 24-25 फरवरी को कोई बैठक नहीं होगी। 26 फरवरी को प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय अनुपूरक पर चर्चा होगी। 27 फरवरी को प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय व्यय का उपस्थापन होगा। 28 फरवरी को प्रश्नकाल और बजट के आय- व्यय पर सामान्य चर्चा होगी। 29 को प्रश्नकाल, वाद- विवाद और इस पर सरकार का उत्तर आने के अलावा मतदान होगा। एक मार्च को प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर वाद- विवाद, सरकार का उत्तर और मतदान के अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय के विनियोग विधेयक का उपस्थापन होगा। दो मार्च को प्रश्नकाल भी होगा।

## ईडी के खिलाफ हेमंत की संशोधित याचिका मंजूर

**27 को अगली सुनवाई**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संशोधित याचिका को हाईकोर्ट ने स्वीकृत कर लिया है। श्री सोरेन ने यह याचिका ईडी की कार्रवाई के खिलाफ दाखिल की थी। हाई कोर्ट अब इस पर रिट पिटिशन के तौर पर सुनवाई करेगी। अगली सुनवाई 27 फरवरी को निर्धारित की गयी है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने हेमंत सोरेन की ओर से दायर संशोधित पिटिशन पर जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को दो हफ्ते का समय दिया है। मामले में अगली सुनवाई 27 फरवरी को की जाएगी।

**कपिल सिब्बल ऑनलाइन जुड़े थे :** कपिल सिब्बल की ओर से कहा गया कि मामला लिबर्टी का है। ईडी वैसे मैटर की बात कर रही है जो उससे संबंधित नहीं है। इसपर ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। जस्टिस चंद्रशेखर की खंडपीठ में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, महाधिवक्ता राजीव रंजन और अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा।

### हेमंत की रिमांड और तीन दिनों के लिए बढ़ी

**रांची।** पीएमएलए कोर्ट ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ईडी रिमांड की अवधि और तीन दिनों के लिए बढ़ा दी है। ईडी उनसे 3 फरवरी से लगातार पूछताछ कर रही है। सोरेन की पांच दिनों की दूसरी रिमांड अवधि पूरी होने पर ईडी ने सोमवार को उन्हें कोर्ट के समक्ष पेश करते हुए कहा कि अभी कई और बिंदुओं पर पूछताछ की जरूरत है, इसलिए रिमांड चार दिनों के लिए बढ़ाया जाए। दोनों पक्षों की ओर से बहस के बाद कोर्ट ने तीन दिन का रिमांड बढ़ाने की मंजूरी दी। ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया और हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार ने पक्ष रखा, जबकि हेमंत की ओर से झारखंड के एडवोकेट जनरल राजीव रंजन ने बहस की।

## बिहार विधानसभा में नीतीश सरकार ने जीता विश्वास मत, पक्ष में पड़े 129 वोट

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा में सोमवार को नीतीश सरकार ने फ्लोर टेस्ट पास कर लिया। मतदान से पहले ही विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया था। सत्ता पक्ष की मांग पर वोटिंग करवाई गई। इसमें समर्थन में 129 वोट पड़े। विपक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा। नीतीश कुमार की सरकार के विश्वास मत पर वोटिंग से पहले विपक्ष ने सदन का बहिष्कार कर दिया। इसके बाद सीएम नीतीश के कहने पर उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने पक्ष में विधायकों को खड़ा होने कहा और उनकी गिनती करवाई। सरकार के समर्थन में 129 वोट पड़े। स्पीकर को हटाने के वक्त सरकार के पक्ष में 125 वोट ही पड़े थे। विश्वास मत पर वोटिंग के दौरान चार और वोट सरकार के पक्ष में बढ़ गए। इस बहस से पहले बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार के रखे विश्वास मत प्रस्ताव पर बहस के दौरान सदन को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने सदन में विश्वास मत का प्रस्ताव रखा, जिस पर विभिन्न

▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### राजद भ्रष्टाचार आचरण में लिप्त रही कराऊंगा जांच : नीतीश कुमार

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को आरोप लगाया कि पिछली सरकार में राष्ट्रीय जनता दल भ्रष्ट आचरण में लिप्त थी। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार इसकी जांच कराएगी। बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार ने कहा कि शिक्षकों की नियुक्ति का फैसला तो तब हो चुका था, जब भाजपा और जदयू की सरकार थी। जब राजद के साथ सरकार बनी तब राजद ने जबरदस्ती शिक्षा विभाग लिया था, लेकिन वे लोग शिक्षा विभाग में काम करने के बजाय सारे काम को रोक रहे थे। इससे पहले भी जब महागठबंधन की सरकार बनी थी तब उस समय कांग्रेस के पास शिक्षा विभाग हुआ करता था, लेकिन कांग्रेस ने गड़बड़ी नहीं की थी। राजद ने गड़बड़ किया। नीतीश कुमार ने विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि राजद के शासनकाल को भी याद करना चाहिए।

**इंडी गठबंधन को दोहरा झटका**

## जयंत की पार्टी एनडीए में शामिल



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय लोकदल (आरएलडी) के मुखिया जयंत चौधरी आखिरकार एनडीए में शामिल हो गए। बीते कई दिनों से उनके भाजपा के साथ जाने की अटकलें थीं। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव से पहले इंडी गठबंधन को एक और झटका लगा। चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न की घोषणा के बाद से ये तय माना जा रहा था कि जयंत चौधरी इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ देंगे और भाजपा नीत एनडीए के साथ चले जाएंगे। अब इस खबर पर मुहर लग गई है। जयंत चौधरी आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के साथ खड़े दिखाई देंगे। इसे लेकर जयंत चौधरी ने कहा कि मैंने अपने सारे विधायकों से बात कर ली है। हमें अल्प समय में यह फैसला लेना पड़ा क्योंकि परिस्थितियां ऐसी थीं। उन्होंने कहा कि हमारे सभी विधायक और कार्यकर्ता इस फैसले में हमारे साथ हैं। मोदी की सराहना करते हुए चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और समर्पण से एक ऐसा निर्णय लिया गया, जो पिछली कोई भी सरकार नहीं ले पाई थी। यह देश के लिए एक बड़ा दिन है।

## पूर्व सीएम अशोक चव्हाण ने कांग्रेस छोड़ा

**मुंबई।** कांग्रेस छोड़ने के कुछ घंटों बाद महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने सोमवार को कहा कि उन्होंने किसी अन्य पार्टी में शामिल होने के बारे में अभी नहीं सोचा है, लेकिन अगले कुछ दिनों में वह अपने भविष्य के राजनीतिक कदम पर फैसला करेंगे। चव्हाण ने कहा, मैंने आज कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है, विधायक के रूप में और पार्टी के अन्य सभी पदों से मैंने पार्टी से अपना सारा नाता तोड़ दिया है। मुझे कोई शिकायत नहीं है और कल तक मैंने पार्टी के लिए ईमानदारी से काम किया। बार-बार पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी तक भाजपा सहित किसी भी पार्टी में शामिल होने पर फैसला नहीं लिया है और एक दो दिन में अपने अगले कदम की घोषणा करेंगे।

## हाईकोर्ट के अधिवक्ता को अपराधियों ने मारी गोली



**अस्पताल में भर्ती**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चूना भट्टा स्थित संस्कृत विद्यालय वाली गली में झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता रवि शंकर मिश्रा को अपराधियों ने रविवार देर रात गोली मार दी। घटना में अधिवक्ता रवि शंकर मिश्रा को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिवक्ता रवि शंकर मिश्रा अपने क्लाइंट से मिलने के लिए गये थे। क्लाइंट से मिलने के बाद रविवार देर रात वह सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित अपने घर के लिए निकले थे। इसी दौरान कुछ अपराधियों ने उन पर गोली चला दी अधिवक्ता रविशंकर मिश्रा को कमर के नीचे गोली लगी और वो जमीन पर गिर पड़े। गोली मारने के बाद सभी अपराधी मौके से फरार हो गये। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हो गये और मामले की जानकारी सुखदेव नगर पुलिस को दी। सूचना पाकर सुखदेव नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत घायल अधिवक्ता को अस्पताल भेजा।

**इंडिया**

## धर्म, आस्था और परंपरा पर सवाल तार्किक हों राजनीतिक नहीं



सुनील बादल

अक्सर ज्यादा पढे लिखे लोग या राजनेता परंपराओं के बाद धर्म या आस्था का विरोध करते आदिवासी मान्यताओं के बाद सनातन धर्म का मजाक उड़ाने लगते हैं जो कई बार कट्टरता की हद तक पहुँच जाता है । यह विरोध कभी विज्ञान की कसौटियों के नाम पर होता है तो कभी आधुनिकता के नाम पर तो कभी पाखंड के नाम पर। यह सही है कि कोई भी मान्यता सर्वकालिक नहीं हो सकती और मूल धर्म में लोगों ने जो परंपराएं जोड़ीं उसमें कुछ पाखंड भी जुड़ गए पर धर्म या मान्यता के औचित्य पर सवाल उठाने या विरोध करने से पहले उसके सभी पहलुओं पर विचार अवश्य करना चाहिए। पहले तो हम समझें कि धर्म है क्या? धर्म असल में एक संविधान की तरह प्राचीन काल से था जब लिखित या घोषित संविधान की रचना नहीं हुई थी। तब उदाहरणों या प्रतिकों के अलावा धर्म के नाम पर लोगों को अनुशासनबद्ध किया जाता था। आज भी जो बातें लोगों को अन्य किसी माध्यम से न समझाई जा सकती हों उन्हें धर्म के नाम लोगों से मनवा सकते हैं। कुछ धर्म या आस्था के अनुयायी किसी भी हाल में प्राचीन मान्यताओं को नहीं बदलने पर अडिग हैं क्योंकि उनका धर्म उन्हें इसकी इजाजत



नहीं देता पर कुछ धर्म विशेषतया सनातन इस मामले में अत्यंत उदार है और उसके मानने वाले और न मानने वाले विरोधी तक जन्मया हिंदू या सनातनी हैं जबकि कुछ धर्म में इतनी उदारता नहीं है। इसी तरह के सवाल आज सरस्वती पूजा पर उठाए जा रहे हैं कि विज्ञान के युग में किसी फोटो या मूर्ति की पूजा से ज्ञान कैसे मिलेगा? तो क्या किसी प्रारंभिक विद्यार्थी से यह पूछने पर कि इन कुछ दर्जन भर भारी भरकम किताबें पढ़कर तुम डॉक्टर, इंजीनियर या वैज्ञानिक बन सकते हो तो क्या वह विश्वास कर पाएगा? पहले तो वह डर जाएगा और निराश हो जाएगा। वास्तव में मनुष्य का शरीर एक ऐसा जटिल उपकरण है जो वातावरण और नियमित संस्कारों या प्रशिक्षण से असंभव लगते कार्यों को आसानी से कर लेता है और पूजा उपासना या इबादत वह प्रक्रिया है जो उसे सुसंकृत या सुव्यवस्थित करती है। अनेक वैज्ञानिकों के साथ ऋषि मुनियों ने भी कहा है कि विचारों से या कुविचारों से हमारे शरीर के अंदर स्वास्थ्य या विकार से लेकर बीमार करने की स्थिति उत्पन्न होती है । सरस्वती पूजा वास्तव में ज्ञान,मेधा या सुविचारों के प्रति आस्था जगाने का प्रतीक पर्व है जो ऋतुराज बसंत का उत्सव भी है । बसंत पंचमी के शुभ दिन विद्या की देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी उस पहले दिन से बहुत दूर आ गए हैं जब मनुष्य ने भाषा या एक अर्थपूर्ण शब्द का उच्चारण किया था। उसके बाद भाषाविदों ने भाषा की उत्पत्ति का पता लगाने की कोशिश की है, लेकिन आज जब भाषा कहीं अधिक उन्नत है, और यहां तक कि बॉट्स और एआई भी इंसानों की तरह बोलते हैं और प्रतिक्रिया देते हैं, भारतीय छात्र अभी भी इस देवी के सामने अपना सिर झुकाते हैं।कई अन्य धर्मों के विपरीत, सनातन धर्म देवत्व के स्त्री पहलुओं को दृढ़ता से स्वीकारता है। एक उदाहरण यह है कि त्रिमूर्ति - ब्रह्मा, विष्णु, शिव- में से प्रत्येक एक महिला देवी के साथ है और पुरुष भगवान उसके बिना काम नहीं कर सकते हैं। सरस्वती का शाब्दिक अर्थ स्वयं का सार है क्योंकि संस्कृत में सारा का अर्थ सार और स्व का अर्थ स्वयं है। उन्हें तीन प्रमुख नियमों में माना जाता है: नदी के रूप में, वाक (वाणी) के रूप में, और देवी के रूप में। प्रारंभिक सनातन धर्म में, सरस्वती को सरस्वती नदी से जुड़ी नदी देवी के रूप में माना जाता था। सरस्वती नदी को वर्तमान समय में गंगा की तरह सबसे प्रभावशाली नदी माना जाता है क्योंकि यह नदी भूमि को समृद्ध करती है और उर्वरता पैदा करती है। बहते पानी की शुद्धिकरण शक्ति के कारण सरस्वती नदी भी पवित्रता का प्रतिनिधित्व करती है। ऋग्वेद में कहा गया है कि सरस्वती नदी लोगों को स्वास्थ्य और लंबी उम्र का आशीर्वाद भी देती है। बाद में वैदिक काल में, उन्हें वाणी की देवी वाक से जोड़ा गया। हिंदू धर्म में वाणी की शक्ति का महत्व रहा है। वेदों के अनुसार, ब्रह्म, सभी चीजों के हृदय में स्थित दिव्य वास्तविकता, लघु मंत्र ओम द्वारा निर्मित है, जो सृष्टि की ध्वनि है। फलतः वाणी को सृष्टि की आदिशक्ति एवं उत्पत्ति माना गया है। यदि ज्ञान देने वाली शक्ति के प्रति सम्मान गुरुओं के सम्मान की तरह आस्था प्रकट किया जा रहा है तो आज भी एक विनम्र संस्कार है।

## एक नजर

### स्वामी दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव पर डीएवी ने निकाली प्रभातफेरी

**खलारी।** महान समाज सुधारक, सत्यार्थ प्रकाश के प्रणेता व आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती के 200वें जन्म उत्सव पर डीएवी स्कूल खलारी द्वारा प्रभात फेरी निकाला गया। प्रभातफेरी स्कूल परिसर से आरंभ होकर एसीसी कालोनी में घूमते हुए वापस स्कूल पहुंचा। इस दौरान बच्चे महर्षि दयानंद अमर रहे, अमर रहे और दयानंद सरस्वती के जयकारों के साथ गगन भेदी नारे लगा रहे थे। प्रभातफेरी के साथ चल रहा बच्चों द्वारा बजाया जा रहा बैंड आकर्षक था। इससे पूर्व प्राचार्य डा कमलेश कुमार ने सभी वरिष्ठ शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से स्वामी दयानंद सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। छात्रों व शिक्षकों ने पुष्पांजलि देकर स्वामी दयानंद सरस्वती जी के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

### भूषण डेंटल क्लीनिक में आगजनी, संचालक को भारी नुकसान

**रांची।** बिरसा चौक के निकट भूषण डेंटल क्लीनिक पूरी तरह जल कर खाक हो गया। घटना 11 फरवरी की रात की है। इस आगजनी में संचालक को भारी नुकसान हुआ है। लाखों रुपए की महंगी मशीनें जल कर खास हो गयी है। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। आगजनी की घटना को लेकर क्लीनिक के संचालक डॉ प्रेम भूषण ने डोरंडा थाना में सन्हा दर्ज कराया है। सन्हा के माध्यम से उन्होंने कहा है कि प्रत्येक दिन की तरह 11 फवरी 2024 को समय करीब 08.30 बजे स्टाफ लोग क्लीनिक बंद कर चले गये। पुनः 12 फरवरी 2024 सोमवार को जब मेरी स्टाफ सुषमा ने सुबह 09:30 बजे क्लीनिक खोलने के लिए गयी, तो देखा कि क्लीनिक में आग लग गया है तथा काफी धुंआ भर गया है। इस सुचना पर में तत्काल क्लीनिक पहुंचा तो देखा कि अंदर में काफी धुंआ था तथा लगभग सभी चीजें जल गयी थी। देखने से स्पष्ट हो रहा था कि रविवार रात को ही क्लीनिक में आग लग गयी थी और रात भर में सभी चीजें जल कर नष्ट हो चुकी थी।

### डीएवी नंदराज और डीएवी कडरू में मनाई गई महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती

**रांची।** डीएवी नंदराज पब्लिक स्कूल, बरियातु में सोमवार को आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में विशेष प्रातः कालीन प्रार्थना सभा एवं वृहद हवन का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने उनके जीवन एवं कार्यों से संबंधित भाषण दिया और लोगों को उनके अनुरूप सत्यमार्ग पर चलने का संदेश दिया. समारोह में छोटे-छोटे बच्चों ने महर्षि दयानंद सरस्वती जी का वेश और रूप धारण करके महर्षि के आशीर्वचनों को दोहराया. इस विशेष सभा में विद्यालय के आदरणीय प्राचार्य महोदय श्री रवि प्रकाश तिवारी ने विस्तार पूर्वक महर्षि दयानंद सरस्वती जी के कार्यों को बताया एवं बच्चों को उनके पदचिन्हों पर चलने, उनके दिखाए सत मार्ग पर अग्रसर रहने तथा उनके सिद्धांतों का अनुसरण करने की सलाह दी.

### स्वावलंबन और आर्थिक प्रगति की राह पर बढ़ रही है महिलाएं : बसंत सोरेन

**दुमका।** जिले के कमार दुधानी स्थित तीरंदाजी स्टेडियम में प्रमंडल स्तरीय एक्सपोजर और क्षमता संवर्धन शिविर -सह- महिला महासम्मलेन का आयोजन सोमवार को हुआ। इसमें संथाल परगाना प्रमंडल के सभी छह जिले से करीब 10 हजार सखी मंडल की दीदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि आज दुमका में सखी मंडल की महिलाओं के प्रमण्डलस्तरीय एक्सपोजर और क्षमता संवर्द्धन शिविर सह महिला सम्मेलन से महिलाओं को सशक्त किया जा रहा है। घर की दहलीज से निकलकर स्वावलंबन और आर्थिक प्रगति की राह पर बढ़ रही। संताल परगना की महिलाओं के 7134 समूह को 38.57 करोड़, कैश क्रेडिट लिंकेज के रूप में 4013 समूह को 97.22 करोड़ एवं 216 दीदी की दुकान के लिए 60.80 करोड़ की वित्तीय सहायता का चेक प्रदान किया जा रहा है।

## सिल्ली स्टेट से सिल्ली-मुरी के लिए निकला खुशी रथ

# पुष्पेंद्र जी उर्फ राजा साहब ने हरी झंडी दिखा किया रथ को रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सोमवार को सिल्ली स्टेट के ड्रामेटिक क्लब परिषर से खुशी मिशन का शुभारंभ हुआ। सिल्ली राजघराने के वंशज पुष्पेंद्र नाथ सिंह शाहदेव उर्फ राजा साहब ने खुशी रथ को झंडा दिखाकर रवानगी की। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में राजा साहब ने कहा कि खुशी क्लास अब हर घर की जरूरत हो गई है। समाज में जिस कदर तनाव, डिप्रेशन, आत्महत्या बढ़ रही है, ऐसे में इसका इलाज खुशी क्लास ही है। कोई दवा नहीं, कोई विकल्प नहीं, बस सकारात्मकता के साथ कभी भी खुशी का साथ नहीं छोड़ें। रथ रवानगी के बाद आर्चिज टर्निंग सेंटर सिल्ली में तीरंदाजों के बीच खुशी क्लास का



आयोजन हुआ। संचालन कोच प्रकाश राम ने किया। मौके पर खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि जिंदगी जिंदादिली से जीने के लिए है। यूं ही गंवाने या गुजारने के लिए नहीं। यह तभी संभव है, जब आप अंदर से खुश रहेंगे। यह खुशी सकारत्मकता के गर्भ से जन्मती है। चौहान ने सकारात्मकता की शक्ति को दशार्ती कहानी सुनाई : एक राजा की एक आंख और एक पैर नहीं थें। एक दिन राजा महल के गलियारे में लगे अपने पूर्वजों की पेंटिंग देख रहे थें। बलशाली, हष्ट-पुष्ट पूर्वजों को देखकर सोचने लगे कि मेरी भी पेंटिंग कभी न कभी लगेगी। इतने अच्छे पेंटिंग के बीच मैं दिव्यांग काफी खराब दिखूंगा। कुछ सोचकर उन्होंने मुनादी करवा दी, जो भी उनकी सुंदर पेंटिंग बनाएगा, उसे इनाम मिलेगा। सभी पेंटर सोचने लगे कि दिव्यांग का पेंटिंग कैसे अच्छा बनेगा। डर से कोई भी पेंटर सामने नहीं आया। एक नवयुवक राजा की तस्वीर बनाने की घोषणा की। राजदरबार में भीड़ लग गई, यह देखने को, कि कैसी तस्वीर बनाएगा ? युवक की तस्वीर में राजा घोड़ा पर सवार थें। उनका एक पैर दूसरी तरफ छिप गया। घोड़े पर से राजा धनुष से निशाना लगा रहे थें, इसलिए उनका एक आंख बंद था। दोनों खामियों को छिपा कर बनी यह तस्वीर सभी का दिल जीत लिया। लब्बोलुआब यह, झंझावत-मुश्किलों को सकारात्मक नजरिए से देखें, मुकाबला करें ; सुखद परिणाम आने से कोई रोक नहीं सकता। अंत में लाइफ केयर हॉस्पिटल के खुशी दूत संदीप शाह ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सरकार की महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान के बारे में भी बताया।

## झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन ने पेपर लीक मामले में राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को मिला। प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के जरिये ली गई सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक मामले की विस्तृ जानकारी राज्यपाल को दी। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि राज्यपाल ने आश्वस्त किया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा गया। सौंपे गये ज्ञापन में भ्रष्टाचार का उजागर करने वाले निर्दोष छात्रों पर हुए एफआईआर को वापस लेने, सीजीएल परीक्षा लेने वाली एजेंसी के जरिये संचालित सभी परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने और नयी विश्वसनीय एजेंसी का चयन कर परीक्षा का आयोजन जल्द से जल्द कराने सहित अन्य मांग शामिल है।

### बीडीओ ने किया मॉडल स्कूल का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं को देखकर हुईं संतुष्ट

**खूंटी।** खूंटी के प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने सोमवार को कर्रा रोड स्थित बिरहू मोड़ के समीप अवस्थित मॉडल स्कूल का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ के साथ प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख जितेंद्र कश्यप भी शामिल थे। औचक निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पठन-पाठन के साथ ही साफ सफाई एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण की अच्छी व्यवस्था को देखकर बीडीओ संतुष्ट हुई। इस दौरान विद्यालय के बच्चों का शिक्षा ज्ञान मापने के लिए बीडीओ ने बच्चों से कई सवाल भी पूछे जिसका बच्चों ने सही-सही उत्तर दिया। मौके पर बच्चों को मतदान क्यों जरूरी है और मतदान संबंधी पूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही स्कूल के द्वारा आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान के लिए प्रतिभागियों का चयन किया गया। जितेंद्र कश्यप ने बच्चों से पढ़ाई के दौरान ही अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे दिशा में अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

## लापुंग प्रखंड के ककरिया में 34 वर्षों से मां सरस्वती की प्रतिमा बना रहे विभाष चन्द्र चटर्जी

**सुनील कुमार गुप्ता। लापुंग**



लापुंग प्रखंड में सरस्वती पूजा की व्यापक तैयारियां की जा रही है। शैक्षणिक संस्थानों में ही नहीं गली मुहल्लों में भी मां सरस्वती की पूजा पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ की जाएगी। लेकिन सबसे आश्चर्य वाली बात यह है कि पूरे लापुंग प्रखंड में ककरिया को छोड़कर शेष अन्य जगहों पर मां सरस्वती की प्रतिमाएं नहीं बनाई जाती। पश्चिम बंगाल से मूर्ति कला सीखकर राहे के मूर्तिकार विभाष चन्द्र चटर्जी पिछले 34 वर्षों से ककरिया में मां सरस्वती प्रतिमा का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लापुंग प्रखंड में 1990 ई के पूर्व मां सरस्वती की प्रतिमा का निर्माण नहीं किया जाता था। तब इक्के दुक्के शैक्षणिक संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा होती थी। लापुंग प्रखंड के ककरिया हाई स्कूल में सरस्वती की पूजा धूमधाम से होती थी। यहां के लोग बताते हैं कि राजकीय मध्य विद्यालय में भी मां सरस्वती की पूजा धुमधाम से मनाया जाता था। विभाष चन्द्र चटर्जी बताते हैं कि उस समय मूर्ति की कीमत न्यूनतम 90 से 100 रूपए होती थी। बाद में विद्यालयों में धीरे-धीरे सरस्वती पूजा का चलन बढ़ता गया और अब स्थिति ऐसी है कि सरस्वती पूजा व्यापक रूप से मनाया जाने लगा है। शैक्षणिक संस्थानों से बाहर चौक चौराहों पर सार्वजनिक संस्थाओं और विभिन्न क्लबों के नाम पर लापुंग प्रखंड में सरस्वती पूजा होने लगी। मूर्तिकार विभाष चन्द्र चटर्जी बताते हैं कि जिन मूर्तियों की कीमत 34 वर्ष पूर्व 100 रुपए होती थी अब उन मूर्तियों की कीमत 2000 हो गई है। उन्होंने कहा कि उनके पास 4000 रुपए तक की कीमत वाली मूर्तियां भी मिलती हैं। उन्होंने कहा कि लापुंग प्रखंड में अकेला ककरिया गांव है जहां मां सरस्वती की प्रतिमाएं बनती है।

## कोषांग की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारी को दिये दिशा-निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विशाल सागर की अध्यक्षता में आगामी लोक सभा चुनाव, 2024 के सफल संचालन को लेकर कार्मिक कोषांग एवं प्रशिक्षण कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियो के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय में किया गया। इस दौरान कार्मिक कोषांग और प्रशिक्षण कोषांग द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों के अलावा किए जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। साथ ही कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी को उपायुक्त ने निदेशित करते हुए कहा कि आगामी लोक सभा चुनाव से पूर्व पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम मतदान कर्मी, द्वितीय मतदान कर्मी एवं तृतीय मतदान कर्मी सभी का प्रशिक्षण का कार्य ससमय करा लिया जाय। आगे सभी प्रशिक्षणार्थियों को हैंड बिल दिया जाय जिसमें फॉर्म कैसे भरा जाता है, ई०भी०एम० में मॉक पोल कैसे कराया जाता है, मॉक पोल के उपरांत पर्चियों को सुरक्षित रखना है या फिर क्या किया जाना है आदि से संबंधित बातों की विवरणी रहेगी जिससे प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण में सहूलियत होगी। इसके अलावे समीक्षा बैठक में उपायुक्त श्री विशाल सागर ने प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी को निदेशित किया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण कैलेंडर ससमय तैयार करा लें एवं तिथिवार सभी को चुनाव से संबंधित पूर्ण प्रशिक्षण करवाये।

## हम सब एक है इस भाव से ही विश्व गुरु भारत की कल्पना संभव : भैय्या जी जोशी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्र संवर्धन समिति के तत्त्वाधान में रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित सामाजिक सद्भाव विषय पर अपने प्रस्तावना के आलोक में राकेश लाल ने कहा कि -हमसब हिंदू है,अपना समाज संगठित हो ताकि राष्ट्र सशक्त हो क्योंकि हिंदू समाज को तोड़ने का अथक प्रयास चलता आ रहा है ऐसे गंभीर विषय पर हमस्बको आज चिंतन करना है।उपरोक्त विषय पर सुरेश उपाख्य भैय्या जोशी ने कहा कि- हम बड़े भाग्यशाली है की हम भारत में जन्म लिया है, हमे एक ऐसा विरासत मिला जो की आदर्श और विश्व को समभाव से देखने की दृष्टि दी है। वर्तमान काल भी भारत का स्वर्णिम काल है। देश समाज बदल रहा है।हम सब संक्रांति के समर्थक



है।एक श्रेष्ठ देश का श्रेष्ठ नागरिक होने का गर्व हमे है।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में एक अलग स्थान रखता है। हमने हजारों संघर्षों के आघात को जो की विश्व के अनेक शक्तियों ने किया किंतु फिर भी हम मिटे नही।तभी हमे मृत्युंजय भारत का विशेषण महर्षि अरविंदो ने कहा था।काल प्रवाह ने अपने समाज में विसंगती भी आती रही जिसे अपने संत महात्मा ने इन विसंगति को दूर करने का सार्थक प्रयास भी किया। किंतु कुछ विसंगती हमारी परंपरा बनकर कुरीति का आकार ग्रहण कर लेता है।अपने समाज का आंतरिक शक्ति यदि ठीक हो तो ऐसी कुरीति पर अंकुश लग पाती है।उन्होंने कहा की हिंदू भारत का एक चिंतन है जो हमे जीवन देखने की एक समुचित दृष्टि देती है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच मैट्रिक की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित

# परीक्षा में 1542 में से 1524 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में लिया हिस्सा, 18 रहे अनुपस्थित

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के सभी पांच परीक्षा केंद्रों में झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुआ। बेड़ो के प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू के दिशा निदेर्शानुसार सोमवार को आयोजित सोशल साईंस की परीक्षा सभी परीक्षा केदो में शांतिपूर्ण तरीके से एवं कदाचार रहित आयोजित किया गया। सभी परीक्षा केदो में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा का आयोजन किया गया। सभी पांच परीक्षा केंद्रों में कुल 1542 परीक्षार्थियों में से केवल 1524 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान 18 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित पाए गए। प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बेड़ो परीक्षा केंद्र में 377 में से 374 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में



हिस्सा लिया। वहीं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परीक्षा केंद्र में 349 में से 346 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया जबकि एस एस प्लस टू हाई स्कूल बेड़ो परीक्षा केंद्र में 345 में से 340 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। दूसरी ओर राजकीय बालिका मध्य विद्यालय बेडो. परीक्षा केंद्र में 161 में से 156 तथा राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में 310 में से 308 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में केंद्राधीक्षक कर्मवीर महतो, राजकीय संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो में केंद्राधीक्षक हेनरिता मिंज, राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में केंद्राधीक्षक तरुण कुजूर, राजकीय बालिका मध्य विद्यालय में केंद्राधीक्षक मुक्ति खलखो, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में केंद्राधीक्षक शेखर पांडेय के देखरेख में परीक्षा का संचालन किया गया। परीक्षा के संचालन में विजेन्द्र चौबे, नीलम सिंह, श्वेता कुमारी,अरुण कुमार साहु सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गोड्डा डीसी के नाम फर्जी फेसबुक एकाउंट बनाकर 40 हजार की साइबर ठगी

**दुमका।** गोड्डा डीसी के नाम फर्जी फेसबुक एकाउंट बनाकर 40 हजार की साइबर ठगी का मामला सोमवार को आया है। बताया जाता है कि डीसी के फेसबुक एकाउंट के माध्यम से मैसेंजर पर मैसेज भेजकर एनजीओ संचालक सह अधिवक्ता मधुर सिंह हुई 40 हजार रुपये की ठगी की लिखित शिकायत नगर थाना में की गई है। शिकायत में मधुर सिंह ने बताया कि बीते 11 फरवरी को दोपहर में उनके मैसेंजर पर डीसी, गोड्डा के फेसबुक एकाउंट से मैसेज आया। इसमें उनके किसी सीआरपीएफ में काम करने वाले दोस्त को तबादला होने के कारण फर्नीचर बेचने की बात कह मधुर सिंह का नंबर देने की बात कही। मधुर सिंह ने हामी भरी। करीब एक घंटे बाद मोबाइल नंबर 9124243374 से सीआरपीएफ ऑफिस से संतोष कुमार नामक व्यक्ति ने कॉल कर कहा कि आपको सर से बात हुई है। बताया कि समान की डिलिवरी सीआरपीएफ वैन से करा दिया जायेगा। कुल समान का दाम 85

### हटाए गए मंजूनाथ भजंत्री

## आइएएस अधिकारियों का तबादला, कई को अतिरिक्त प्रभार





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अजय कुमार सिंह को कैबिनेट का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।वंदना दादेल को कैबिनेट से बदलते हुए वन एवं पर्यावरण विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गई है. मनीष रंजन को भवन निर्माण और झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम के एमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।अरवा राजकमल को जीआरडीए के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।उमाशंकर सिंह को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपोज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पूर्वी सिंहभूम के डीसी मंजूनाथ भजंत्री का तबादला कर दिया गया है. उन्हें स्वर्णरेखा बहुउद्देशीय परियोजना का प्रशासक बनाया गया है. वहीं पश्चिमी सिंहभूम के डीसी अन्नय मित्तल को जमशेदपुर का डीसी बनाया गया है. श्रम नियोजन विभाग के अपर सचिव पवन कुमार को परियोजना निदेशक झारखंड एड्स कंट्रोल सोसायटी की जिम्मेवारी सौंपी गई है. श्रमायुक्त संजीव बेसरा को झारखंड कौशल विकास मिशन सोसायटी के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.जियाडा के एमडी शशिरंजन को जेएसएमडीसी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. सत्येंद्र कुमार को झारखंड राज्य खाद्य निगम के प्रबंध निदेशक की जिम्मेवारी सौंपी गई है. माधवी मिश्रा को झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन के एमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है.

## न्यूज बॉक्स

### मांडर में डीलर संघ की बैठक



**मांडर।** प्रखंड सभागार भवन में डीलर संघ के अध्यक्ष अमिताभ कुमार पाठक के द्वारा सोमवार को डीलरों की विशेष बैठक की गई। बैठक में वितरण को सुचारू रूप से शत प्रतिशत करने के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही गई। अमिताभ पाठक ने बतलाया कि पूर्व में जिस प्रकार से डीएसडी द्वारा खाद्यान्न की आपूर्ति प्रखंड गोदाम से ही किया जा रहा था, परंतु लगभग 50 से 55 की संख्या में प्रखंड के लाइसेंस धारी की खाद्यान्न की आपूर्ति अब अन्य विभिन्न प्रखंड के डीएसडी लाइसेंस धारी द्वारा की जाएगी। इन प्रखंडों में चान्हो, बेड़ो, इटकी, रातु एवं बुढ़मू प्रखंड है। इनके डीएसडी संवेदक द्वारा खाद्यान्न की आपूर्ति माह से की जाएगी। मौके पर मुजीबुल रहमान, शफीक खान, सुनील सिंह, मुन्ना साहू, प्रकाश खलखो , राकेश कुमार, एहसान अंसारी, मिकाइल अंसारी, सुमन देवी, विमला देवी, अनीता देवी, अनीता देवी, सफीक खान, इमरान अंसारी मो जमील, भुनेश्वर साहू ,असलम अंसारी के अलावे बहुत से महिला ग्रुप एवं डीलर शामिल हुए।

### सात दिवसीय रामलीला व राम कथा मंचन का हुआ संपन्न



**रांची।** श्रीराम जानकी सेवा समिति रांची महानगर के द्वारा आयोजित सात दिवसीय राम लीला मंचन कार्यक्रम का समापन सोमवार को धुर्वा में हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन जमशेदपुर के पूर्व उप महानिरीक्षक रहे राजीव रंजन सिंह एवं अभाविप के प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। वहीं समापन पर रांची के सांसद संजय सेठ एवं समिति के मुख्य संरक्षक कुणाल आजमानी के द्वारा किया गया। मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि वर्तमान समय में रामलीला जैसे कार्यक्रम से युवाओं को जोड़ना या कहें की युवाओं का पहल सराहनीय कदम है। अयोध्या में जब से भगवान राम विराजे हैं, देश राममई हो चला है। रामलीला जैसे कार्यक्रम को भव्य रूप देना आज के युवाओं को एक पुराने युग से परिचय कराने जैसा है। समिति के अध्यक्ष रोहित शेखर ने कहा कि 22 जनवरी अयोध्या में राम जी विराज रहे थे तब समिति ने ठाना था की रामलीला के द्वारा भगवान राम को आज के युवाओं के बीच दशार्या जाये और अपने संस्कृति से जोड़ा जाये। वहीं संयोजक सौरव बोस ने कहा की भगवान राम का सीधा आशीर्वाद रहा तब हीं इतना कठिन कार्य भव्य रूप से सफल हो पाया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अन्नदान के अध्यक्ष अमर आर्य एवं सचिव संजय झा, प्रभात राजन सहित दीपक कुमार, उपाध्यक्ष आकाश चौबे,मंत्री राहुल बरनवाल, कोषसह प्रमुख रितिक रोशन, मोनू, दिवकार, रितिक, राहुल, सौरव, राहुल राज, यश, विकी, हिमांशु, अन्नी, प्रभात, चिंता मनी शाहदेव, कृष्ण, अमृतांश का योगदान रहा।

### 12वीं के बच्चों को दिए परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन के टिप्स

खलारी।12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। शुरूआत वैदिक हवन यज्ञ से की गई। इस अवसर पर आमंत्रित बच्चों के अभिभावकों को भी हवन में शामिल किया गया। हवन के बाद सभी वरिष्ठ शिक्षकों ने बच्चों के उज्वल भविष्य हेतु आशीर्वचन कहे। विद्यार्थियों पर पुष्प बरसाकर अपना आशीर्वाद दिया। उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए भेंट स्वरूप कलम दी गई। प्रसाद का वितरण किया गया। शिक्षकों ने वार्षिक परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन के लिए सभी जरूरी टिप्स दिए। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय हमेशा बच्चों के भविष्य के बारे में सजगता और ईमानदारी से उनकी भलाई के बारे में प्रयासरत रहेगा। कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे काम करने चाहिए जिन पर उनके माता-पिता, विद्यालय एवं समाज गौरवान्वित महसूस करें।

### झामुमो खलारी ने नए सीओ व थानेदार का किया स्वागत



**खलारी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा खलारी ने खलारी के नए खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह व अंचल अधिकारी प्रणव अम्बस्ट का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान के नेतृत्व में झामुमो पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने दोनो से अलग अलग मुलाकात किया तथा बुके देकर व साल ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी। झामुमो ने दोनो अधिकारियों से खलारी की जनता से मधुर संबंध स्थापित करने तथा खलारी में कानून व्यवस्था बहाल रखने का आग्रह किया। बधाई देने वालों में अनिल पासवान, इस्लाम अंसारी, नंदू मेहता, चितरंजन सिंह राजकुमार गंझू, राजेश प्रसाद, सुभाष प्रजापति, दिनेश्वर सिंह, कमलेश चौहान, प्रवीण चौहान, शंभू दास, कलम रिजवी, महेंद्र चौहान, सुधीर चौहान, इस्लाम अंसारी, अजय मुंडा शामिल थे।

### रांची जिला ग्रामीण कमेटी ने तमाड़ विधायक व बुंडू एसडीओ को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**सिल्ली।** लातेहार के युवा पत्रकार और राष्ट्रीय नवीन मेल के ब्यूरो चीफ अजय सिन्हा की संदेहास्पद मौत के बाद रांची जिला ग्रामीण कमेटी के द्वारा आज ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले तमाड़ विधायक विकास मुंडा तथा बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी संदीप अनुराग टोपनो को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के जिला तथा प्रमंडल कमिटी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। जिला अध्यक्ष अमित दत्ता ने तमाड़ विधायक से कहा कि वह मुख्यमंत्री को इस सन्दर्भ में पत्राचार कर सीआईडी जांच कराएं।पत्रकारों के साथ इस तरह की घटना संगठन कतई बर्दास्त नहीं करेगा।विधायक ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री को पत्राचार कर सीआईडी जांच की मांग को लेकर अवगत कराएंगे।

# प्रमुख मार्गों में नहीं जली लाल ट्रैफिक सिग्नल





**रांची।** सखी मंडल की महिलाओं के राज्यस्तरीय एक्सपोजर एवं क्षमता संवर्धन शिविर सह महिला महासम्मेलन का आयोजन सोमवार को मोरहाबादी मैदान में हुआ। इसमें राज्यभर से महिलाएं इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आईं। महिलाओं की सुविधा को देखते हुए प्रशासन की ओर से सभी रुट के ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया था। हजारो की संख्या में वाहनो में सवार हो कर महिलाएं मोरहाबादी पहुंच रहीं थीं। इस वजह से सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक शहर में प्रमुख ट्रैफिक सिग्नल में लाल बत्ती नहीं जली। साथ ही शहर में सभी तरह के बड़े वाहनों तथा मालवाहक के प्रवेश पर रोक लगी रही। बरियातु रोड, कांके रोड, हरमू रोड में ऑटो तथा सिटी बसों का परिचालन नहीं किया गया। साथ ही बूटी मोड़ से बरियातु होते हुए करमटोली तक, चांदनी चौक कांके रोड से न्यू मार्केट चौक तक, पिस्का मोड़ चौक से रातू रोड होते हुए न्यू मार्केट चौक, सहजानंद चौक से हरमू रोड होते हुए न्यू मार्केट चौक तक परिचालन नहीं हुई।

# पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच होने तक आंदोलन जारी रहेगा

## रांची विवि अंतर्गत सभी कॉलेजों में चलेगा आजसू का अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में सोमवार को विवि मुख्यालय व विभिन्न महाविद्यालय में जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच करने व छात्र-छात्राओं पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हजारों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने इस अभियान को समर्थन देते हुए हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया।आजसू रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा की हमारी मांगें स्पष्ट है। राज्य सरकार जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराए। जेएसएससी के अध्यक्ष और सचिव को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। साथ ही जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं व नेताओं प्पर किया गया एफआईआर वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक हमारी ये तीनों मांगे पूरी नहीं होती आजसू के सदस्य इस मामले को लेकर राज्य भर में आंदोलनरत रहेंग।हस्ताक्षर अभियान को रांची विवि मुख्यालय व विभिन्न कॉलेजों में सफल बनाने में अभिषेक शुक्ला, विशाल कुमार यादव, नैतिक सिंह, आदित्य सिंह, मनजीत, अकाश नयन, प्रियांशु शर्मा, अभिषेक साहू, सूरज, ऋषभ, विशाल कुमार यादव, रूफी प्रवीण, अजीत सिंह,दीपक दुबे, अभिषेक शुक्ला, चेतन प्रकाश, राज गुप्ता, सुभम गुप्ता, शुभम पांडे, अमित तिर्की, शानू कुमार, फुल सिंह बारीक, संतोष तांती, विशाल कुमार, आयुष,अकाश, रोशन नायक आदि का योगदान रहा।



## भूषण डेंटल क्लीनिक में आगजनी, संचालक को भारी नुकसान

**रांची।** बिरसा चौक के निकट भूषण डेंटल क्लीनिक पूरी तरह जल कर खाक हो गया। घटना 11 फरवरी की रात की है। इस आगजनी में संचालक को भारी नुकसान हुआ है। लाखों रुपए की महंगी मशीनें जल कर खास हो गयी है। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। आगजनी की घटना को लेकर क्लीनिक के संचालक डॉ प्रेम भूषण ने डोरंडा थाना में सन्हा दर्ज कराया है। सन्हा के माध्यम से उन्होंने कहा है कि प्रत्येक दिन की तरह 11 फवरी 2024 को समय करीब 08.30 बजे स्टाफ लोग क्लीनिक बंद कर चले गये। पुनः 12 फरवरी 2024 सोमवार को जब मेरी स्टाफ सुषमा ने सुबह 09:30 बजे क्लीनिक खोलने के लिए गयी, तो देखा कि क्लीनिक में आग लग गया है तथा काफी धुंआ भर गया है। इस सुचना पर में तत्काल क्लीनिक पहुंचा तो देखा कि अंदर में काफी धुंआ था तथा लगभग सभी चीजें जल गयी थी।

## मां सरस्वती प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे शिल्पकार



**रांची।** सरस्वती पूजा 14 फरवरी को है। शहर में मूर्तिकार देवी सरस्वती के विभिन्न रूपों को अंतिम रूप देने में जोर-शोर से जुटे हुए हैं। कोलकाता से आए कारीगर और मूर्तिकारों ने कहा कि मूर्ति बनाने के लिए वे पिछले दो महीने से शहर में हैं और दिन-रात एक कर मूर्तियों को तैयार करने में लगे हैं।प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मूर्तियों की मांग में बढ़ोतरी की उम्मीद थी लेकिन इस बार परिस्थिति विपरीत है। मांग में वृद्धि की बजाय कमी आयी है। कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब में मां सरस्वती की कुल 150 मनमोहक और दिव्य मूर्तियां बनकर तैयार हैं। चार मूर्तिकारों ने 60 दिनों से दिन-रात एक कर सभी मूर्तियां तैयार की है। कोलकाता के मूर्तिकार ने कहा कि तीन फीट से लेकर नौ फीट तक मां सरस्वती की कई आकर्षक मूर्तियां तैयार की गई है। अब तक 80 मूर्तियां बिक चुकी हैं। भारत माता चौक के समीप मूर्ति बना रहे कोलकाता के आनंद बाजार से आए मनोज पाल ने कहा कि बनाई गईं कुल 70 मूर्तियों में केवल 35 मूर्तियां ही बिकी हैं।

# पीएम आवास से वंचित परिवारों को देंगे अबुआ आवास का लाभ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सोच को हम हर हाल में आगे बढ़ाएंगे। पीएम आवास योजना से वंचित हमारे गरीब जरूरतमंद परिवारों तक हम अबुआ आवास योजना का लाभ पहुंचाएंगे। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के तहत अबुआ आवास योजना के लिए 30 लाख से ज्यादा आवेदन मिले हैं। हमारी सरकार 20 लाख पात्र परिवारों को अबुआ आवास देने का कार्य करेगी। जो लोग घास फूस और खपड़े, मिट्टी के कच्चे मकान में रहते हैं उनकी पीड़ा को हमारी सरकार अच्छी तरीके से समझता है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे परिवारों तक हर हाल में तीन कमरों वाला पक्का मकान उपलब्ध कराएंगे ताकि वे सम्मानजनक तरीके से जीवन-यापन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम यह मानते हैं कि रोटी, कपड़ा और मकान मनुष्य जीवन के लिए नितांत आवश्यक है। हमारी सरकार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आकांक्षाओं को पूरा करते हुए सभी को रोटी, कपड़ा और मकान का अधिकार उन तक पहुंचाएगी।

# 33 हजार से ज्यादा महिलाओं को मिला फूलों झानों योजना का लाभ




मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि ऐसे तो पिछले 4 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले महिला पुरुषों के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई गई हैं। फूलों झानों आशीर्वाद योजना भी एक महत्वपूर्ण योजना बनकर उभरी है। इस योजना के माध्यम से हड़िया-दारु के व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार से जोड़ा जा रहा है। चिन्हित महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार के लिए 50 हजार रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा रहा है। राज्य में अब तक 33000 से ज्यादा महिलाओं ने इस योजना का लाभ उठाया और सम्मानजनक जीवन की शुरूआत की है।

## तुषार कांति ग्लोबल लीजेंड अवार्ड से सम्मानित

**एमटी टीवी न्यूज मीडिया ने दिया 'ग्लोबल सोशल आइकॉन' का खिताब**



**रांची ।** राजधानी के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता तुषार कांति शीट को ग्लोबल लीजेंड अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान एमटी टीवी न्यूज मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दिया गया है। एमटी टीवी न्यूज के संस्थापक सुशील पाल और प्रबंध निदेशक आशीष व्यास ने श्री शीट को सम्मानित करते हुए अपनी संस्था की ओर से वर्ष 2024 का ग्लोबल सोशल आईकॉन के खिताब से नवाजा है। गौरतलब है कि शीट विगत लगभग तीन दशक से पर्यावरण संरक्षण, गरीबों एवं जरूरतमंदों की सेवा सहित अन्य सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। उन्होंने अब तक लगभग पांच हजार फलदार व औषधीय पौधे लगाकर उसके संरक्षण-संवर्धन की दिशा में तत्पर हैं। वहीं, अब तक उन्होंने लगभग छह हजार लावारिस लाशों की अंत्येष्टि अपने स्तर से कराई है। गरीब परिवार के लगभग दो दर्जन बच्चियों की शादी संपन्न कराने में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई। पीड़ित मानवता की सेवा के क्षेत्र में भी उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

### उपायुक्त रांची ने अल्ट्रासाउंड मशीनों की कड़ाई से जांच का निर्देश दिया

# अस्पताल/क्लीनिक के नये निबंधन व नवीकरण के अभ्यावेदन पर समिति ने किया विचार-विमर्श




**नवीन मेल संवाददाता, रांची।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को पीसी-पीएनडीटी एक्ट जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित कि गई। बैठक में सिविल सर्जन रांची, डॉ. प्रभात कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी रांची, डॉ. प्रभात शंकर, उपाधीक्षक सदर अस्पताल रांची, डॉ. एके खैतान, सहायक नोडल पदाधिकारी पीसी-पीएनडीटी एक्ट रांची, कोर्डिनेटर राकेश कुमार राय व अन्य सदस्य उपस्थित थे। इसमें चार नये अल्ट्रासाउंड क्लिनिक को मंजूरी दी गई जबकि 11 के नवीकरण को स्वीकृति दी गई।

## पीसी-पीएनडीटी सलाहकार समिति द्वारा लिए गए निर्णय

(1) नया निबंधन हेतु 04 अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक का स्वीकृती दी गई।

(2) नवीकरण हेतु 11 अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक को स्वीकृती दी गई।

(3) अल्ट्रासाउण्ड क्लिनिक स्वीकृति दी गई।

(4) डॉक्टर पदस्थापन-कुल 10 की स्वीकृति दी गई।

(5) यूएसजी मशीन क्रय- 07 मशीन क्रय कि स्वीकृति दी गई।

(6) उपायुक्त रांची, द्वारा वैसे क्लिनिक जो निबांधित नहीं उनपर कार्रवाई का निर्देश दिया गया

(7) उपायुक्त रांची द्वारा सभी अल्ट्रासाउण्ड संस्थान का सख़्ती से निरीक्षण करने का निर्देश सम्बंधित सभी अधिकारियों को देते हुए कहा कि लिंग निर्धारण करने वालें क्लिनिक पर पीसी व पेन्ट प्रावधान के तहत कार्रवाई करें, जिसमें 05 वर्ष जेल एवं 50 हजार रुपए का भी दंड का प्रावधान है।

(8) वीपीएल के द्वारा अल्ट्रसाउंड मशीन का प्रदर्शन के वर्कशॉप आयोजन कि स्वीकृति जिला सलाहकार समिति द्वारा दी गई।

# डॉ. राजकुमार बने रिम्स के स्थायी निदेशक, पदभार ग्रहण किया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के स्थायी निदेशक डॉ राजकुमार ने सोमवार को रांची पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। रिम्स आगमन पर सबसे पहले उन्होंने सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक में सीटीवीएस और कार्डियोलॉजी विभाग का निरीक्षण किया। इसके पश्चात प्रशासनिक भवन में उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने रिम्स की कार्यप्रणाली में सुधार के लिए सभी से सुझाव मांगा।

साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें दोस्त और एक सीनियर समझ कर काम करते हुए उनका समर्थन करें और वह किसी को निराश नहीं करेंगे। उन्होंने सभी से नियमों और विनियमों का पालन करने का अनुरोध किया और साथ ही कहा कि अनुशासनहीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। डॉ राजकुमार ने कहा कि रिम्स की आधारभूत संरचना में सुधार के अलावा फैकल्टी की कमी को दूर करते हुए अन्य समस्याओं का निपटारा करना उनकी प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रिम्स की व्यवस्था को सुधारने के लिए मीडिया और जनता का सहयोग महत्वपूर्ण होगा।

## अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ का धरना




**रांची।** रांची नगर में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के नेतृत्व में सी.एम.पी.एफ कार्यालय के समक्ष जाकिर हुसैन पार्क पर एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन किया गया, जिसमें 900 करोड़ रुपए हुए घोटाले के विरोध में आ.भा. कोयला खदान मजदुर संघ के नेतृत्व में हजारों कोयला श्रमिकों ने विशाल धरना प्रदर्शन किया। मनोज कुमार रजक-मंत्री, अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह प्रदेश महामंत्री, बीएमएस झारखण्ड प्रदेश सह महामंत्री सी. संजय कुमार चौधरी कार्यसमिति सदस्य महेन्द्र गुप्ता कार्यसमिति सदस्य, रामेश्वर मंडल कार्यसमिति सदस्य, अंगद उपाध्याय महामंत्री संस्थाल कोलियरी कर्मचारी संघ उमेश सिंह महामंत्री धनवाद कोलियरी कर्मचारी संघ मृतयुंजय सिंह - महामंत्री खान श्रमिक कांग्रेस धरना प्रदर्शन में शामिल हुए।

# उत्तराखंड में रांची की योग विशेषज्ञ डॉ अर्चना कुमारी योगिनी अवार्ड से सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

परमार्थ निकेतन ऋषिकेश, उत्तराखंड और एडु गर्ल लाइफ के संयुक्त तत्वाधान में तीसरी अंतरराष्ट्रीय योगिनी अवार्ड समारोह एवं सेमिनार में रांची की योग विशेषज्ञा डॉक्टर अर्चना कुमारी को योगिनी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे कैवल्यधाम, लोनावला के सीईओ और भारतीय योग संघ के सचिव डॉ. सुबोध तिवारी के हाथो उक्त समारोह मे दिया गया। डॉ अर्चना कुमारी झारखण्ड की एकमात्र ऐसी उम्मीदवार थी, जिन्हे इस अवार्ड से नवाजा गया। योगिनी अवार्ड योग के क्षेत्र में महिलाओं को मिलने वाला प्रतिष्ठित सम्मान है, जिसे देश और विदेश में योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को दिया जाता है।इस अवसर पर परमार्थ निकेतन के संस्थापक स्वामी चिदानंद सरस्वती, पूज्य साध्वी भगवती जी, एडु गर्ल लाइफ के संस्थापक के अलावा उत्तराखंड के कई माननीय मंत्री एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि डॉ अर्चना कुमारी रांची के अरगोड़ा निवासी श्री ललन प्रसाद की सुपुत्री है डॉ अर्चना कुमारी ने देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार, उत्तराखंड से योग विज्ञान में मास्टर्स एवं पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। वर्तमान में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आयुष निदेशालय में कार्यरत है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग प्रतियोगिताओं में उन्हें स्वर्ण पदक के अलावा कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। योग पर आधारित उनकी तीन पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है। लगभग 20 वर्षों से डॉ अर्चना कुमारी योग के क्षेत्र से जुड़ी हुई है तथा शोध के अतिरिक्त योग के प्रचार प्रसार के साथ शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों एवं सरकारी योजनाओं में योग को बढ़ावा देने हेतु कार्य कर रही है।डॉ अर्चना कुमारी को योगिनी अवार्ड मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी के अलावा चंचल भट्टाचार्य, जगदीश सिंह जग्गू, डॉक्टर राजेश गुप्ता और शहर के कई गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी और अच्छे भविष्य की कामना की।

# राजभवन उद्यान का दीदार करने करीब पौने दो लाख लोग पहुंचे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजभवन उद्यान का सातवें दिन सोमवार को 39981 लोगों ने भ्रमण किया। पहले दिन 3469, दूसरे दिन 9344, तीसरे दिन 15524, चौथे दिन41924, पांचवें दिन 55536, छठे दिन 104722 और सातवें दिन 39981 कुल दो लाख 70 हजार 500 लोगों ने सात दिनों में राजभवन का दीदार किया। इस दौरान लोग फूलों और झरने के साथ सेल्फी लेते नजर आये। राजभवन में 400 किस्म के लगभग 17 हजार गुलाब के अलावा अन्य फूल लगे है। साथ ही उद्यान परिसर में बच्चों ने चिल्ड्रेन पार्क में बने झुले का आंनद लिया। इसके अलावा म्यूजिकल फाउंटेन का भी लुत्फ उठाया। इससे पूर्व सड़क पर राजभवन के अंदर प्रवेश करने के लिए लंबी लाइन लगी रही। सभी को जांच करने के बाद अंदर जाने दिया गया। उल्लेखनीय है कि राजभवन आम नागरिकों के भ्रमण के लिए छह फरवरी से 12 फरवरी तक खोला गया है। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक है। उद्यान में प्रवेश राज भवन के गेट न. 2 से जांच के बाद एक बजे अपराह्न तक दिया जायेगा।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# 25 से 5 मार्च तक चलेगा लाभार्थी संपर्क अभियान

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में संपर्क अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**झारखंड के 30 लाख से ज्यादा लाभार्थियों के घर-घर पहुंचेंगे पार्टी कार्यकर्ता**

**मिस्ड कॉल के माध्यम से लाभार्थी करेंगे समर्थन**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलाए जाने वाले लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय प्रवेश अभियान के प्रदेश संयोजक व प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कराया जबकि संचालन सह संयोजक सत्यनारायण सिंह किया। मंचस्थ पदाधिकारियों का स्वागत सह संयोजक डॉ लुइस मरांडी, आरती कुजूर,बारी मुर्मू, विनय चौबे एवम केके गुप्ता ने किया। कार्यशाला में सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित सभी लोकसभा क्षेत्र के अभियान संयोजक,सह संयोजक,कलस्टर प्रभारी शामिल हुए।

### 2024 में पीएम के लक्ष्य 400पार को पूरा करेगी जनता : बाबूलाल मरांडी




कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान को पूरा कराने का अभियान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र ने 10वर्षों तक देश की जनता के लिए अपना पल पल समर्पित किया है। एक घंटे की भी छुट्टी नहीं ली। गांव, गरीब, किसान मजदूर, महिला-आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा। कहा कि शायद ही कोई घर परिवार होगा जो मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नहीं हुआ होगा। चाहे उज्जवला योजना हो, प्रधानमंत्री आवास हो, आयुष्मान कार्ड हो, 5 किलो अनाज हो, मुद्रा योजना हो, शौचालय निर्माण हो, कोरोना का टीकाकरण हो, पेंशन योजना हो सभी ने बढ़ते भारत-बदलते भारत को महसूस किया है। उन्होंने कहा कि आज जनता के बीच में विपक्षी पार्टियां भ्रम फैलाने में जुटी हैं। मोदी सरकार के कार्यों को अपना कार्य बताकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही। उन्होंने कहा कि हम लाभार्थियों के बीच जाएं,उनका समर्थन भी प्राप्त करें और उनके भ्रम को भी दूर करें। उन्होंने कहा कि जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान अबकी बार 400पार को पूरा करने केलिए संकल्पित है।

### देश में चल रही मोदी है तो मुमकिन है की लहर : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में मोदी है तो मुमकिन है की लहर चल रही है। यह लहर सर्व स्पर्शी सर्व व्यापी सर्व समावेशी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी ,दलित,पिछड़े,सामान्य , महिला,युवा,किसान , मजदूर सभी वर्गों ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को नजदीक से महसूस किया है। कहा कि मोदी सरकार अपने संकल्पों के अनुरूप सबके विकास की चिंता की है। मोदी सरकार ने बिना भेदभाव के जरूरतमंदो तक योजनाओं को पहुंचाया है। प्रदेश उपाध्यक्ष एवम अभियान के प्रदेश संयोजक राकेश प्रसाद ने कहा कि देश भर में 7 करोड़ लाभार्थियों को भाजपा से जोड़ने का यह अभियान है। जिसमे झारखंड के 30 लाख से ज्यादा लाभार्थी हैं। कहा कि 25 फरवरी से 5मार्च तक कार्यकर्ता सभी लाभार्थी के घर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि 20 से 24फरवरी के बीच सभी लोकसभा क्षेत्र में कार्यशाला आयोजित कर अभियान को सफल बनाने की योजना लोकसभा स्तर पर बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लोकसभा क्षेत्र एवम मंडल स्तर पर अभियान के संयोजक एवम सह संयोजक बनाए जायेंगे।

### जनता और कार्यकर्ता के बीच सेतु बनेगा अभियान : कर्मवीर

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि यह लाभार्थी संपर्क अभियान जनता और कार्यकर्ता के बीच सेतु बनाने का अभियान है। कहा कि हमें अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान एक जुनून और जिद्द से पूरा करें। कोई घर नहीं छूटे। कार्यकर्ता को जिनसे संपर्क की जिम्मेवारी है उसे पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अभियान में हम संपर्क भी बढ़ाएं,और समर्थन भी बढ़ाएं। कहा कि जनता का मिजाज बदला हुआ है। भाजपा 2024 के लोकसभा मतदान में पिछले सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए मत प्रतिशत को बड़े पैमाने पर बढ़ाएगी।

# 1328 भाजपा कार्यकताओं को लेकर आस्था ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना

**प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने ध्वज दिखाकर किया रवाना**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची लोकसभा क्षेत्र के 1350 रामभक्तों को लेकर आस्था ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना हुई। ये सभी अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सोमवार को भगवा ध्वज दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आप सभी रामभक्त भाग्यशाली है कि चंद घंटों में आप अयोध्या में भव्य एवं दिव्य मंदिर में रामलला का दर्शन करेंगे। राम मंदिर सिर्फ प्रभु राम का मंदिर नहीं, भारत का मंदिर है, राष्ट्र का मंदिर है। उन्होंने कहा कि 1992 में जब मैं गया था तब वहां प्रभु श्रीराम टेंट में हुआ करते थे। आज वहां भव्य एवं दिव्य मंदिर बनकर तैयार है और भारत की सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को दुनिया के पटल में प्रकाशमय कर रहा है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने आप सभी को अपने पास बुलाया है। हमारे पूर्वजों के लंबे संघर्ष के बाद आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर मिला है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार प्रभु श्रीराम 14 वर्षों के यात्रा में अनुशासन के साथ रहे उसी अनुशासन के साथ रामभक्तों को भी अनुशासन का पूर्ण पालन करने को कहा। सभी राम भक्त वहां से पूजा का प्रसाद और स्मृतियों को संजो कर वापस आएंगे और अपने-अपने गांव-मोहल्लों में लोगो के बीच बैठकर प्रसाद वितरण करेंगे। साथ ही उस भव्य मंदिर का चित्रण करेंगे कि पहले रामलला टेंट में थे और अब विशाल मंदिर में विराजमान है।



**विधायक सरयू राय ने सीएम को लिखा पत्र, कहा-**

# झारखंड स्वास्थ्य विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ करें कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

निर्दलीय विधायक सरयू राय ने सीएम चंपई सोरेन को पत्र लिखा है. पत्र में कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करें। स्वास्थ्य विभाग के अवैध क्रिया-कलाप, वस्तुतः आपकी सरकार को बीमार बना रहे हैं। राय ने पत्र में कहा है कि जिस दिन आपकी सरकार विधानसभा में विश्वास मत प्राप्त कर रही थी, उसी दिन 24 डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति करने के आदेश की अधिसूचना स्वास्थ्य विभाग ने निकाला। इस अधिसूचना पर दो फरवरी को निवर्तमान स्वास्थ्य मंत्री के प्रियपात्र एक अवर सचिव का हस्ताक्षर था।

**न कोई सरकार थी और न ही कोई मंत्री :** राय ने कहा है कि 31 जनवरी को तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा त्यागपत्र दे दिए जाने के कारण राज्य में न कोई सरकार थी और न कोई मंत्री था. फिर किसके आदेश से यह अधिसूचना निकली। क्या तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री ने बैक डेट में फाइल पर दस्तखत किया और उनके चहेते अधिकारी ने दो फरवरी के डेट में अधिसूचना पर दस्तखत कर 5 फरवरी को अधिसूचना निर्गत कर दिया. आपकी सरकार के शपथ लेने के दिन ही स्वास्थ्य विभाग ने यह जालसाजी की। सवाल है कि क्या आप यह अधिसूचना निरस्त करेंगे और इसके लिए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।



**विरासत में मिले हैं आपको कई घोटाले**

राय ने पत्र में कहा है कि मेनहर्ट घोटाला, टॉफी-टी-शर्ट घोटाला, कंबल घोटाला, खान घोटाला, शराब घोटाला, बालू घोटाला, कोयला चोरी घोटाला, जमीन घोटाला आदि कई घोटाले जो हेमंत सरकार पार्ट- वन में हुए वे आपको पार्ट-2 विरासत में मिले हैं. कुछ में मेरे आरोपों की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने किया। दोषी चिन्हित हो गए पर स्वास्थ्य विभाग के घोटालों की तरह इनमें भी दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई। उम्मीद है कि हेमंत सोरेन सरकार पार्ट-1 के समय से पेंडिंग पड़े इन मामलों की जांच के नतीजों को आपकी सरकार अंजाम तक ले जाएगी।

# यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली प्रोफेसर को बहाल करने का आदेश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने रांची स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) में अपने सहकर्मी प्रोफेसर के खिलाफ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली महिला प्रोफेसर को नौकरी में बहाल करने का आदेश दिया है। आईआईएम के डायरेक्टर एवं डिसिप्लिनरी अथॉरिटी ने अक्टूबर, 2017 में महिला प्रोफेसर को मेजर मिसकंडक्ट के आरोप में नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। झारखंड हाईकोर्ट ने महिला प्रोफेसर की याचिका पर सुनवाई के बाद उन्हें नौकरी में फिर से बहाल करने और नौकरी से बाहर रहने की पूरी अवधि का पचास फीसदी वेजेज 30 दिनों के अंदर भुगतान करने का आदेश आईआईएम प्रबंधन को दिया है। निर्धारित समय पर बीती अवधि का वेजेज नहीं देने पर प्रतिवर्ष छह प्रतिशत ब्याज की दर से राशि का भुगतान करना होगा। आईआईएम रांची की महिला प्रोफेसर ने अपने सहकर्मी प्रोफेसर पर वर्क प्लेस पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाते हुए रांची के गोंदा थाने में 24 जुलाई 2014 को एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के दौरान मामले में साक्ष्य नहीं मिलने का हवाला देते हुए महिला प्रोफेसर को बिना नोटिस दिए निचली अदालत में फाइनल फॉर्म दाखिल कर दिया था। इसके बाद निचली अदालत ने उनके केस को उन्हें बिना नोटिस दिए बंद कर दिया था। आईआईएम रांची के डायरेक्टर और डिसिप्लिनरी अथॉरिटी ने इस मामले में मेजर मिसकंडक्ट के तहत विभागीय कार्यवाही करते हुए महिला प्रोफेसर को नौकरी से बर्खास्त कर दिया था।

## एसआर डीएवी पुंदाग में ज्ञान ज्योति महापर्व का आयोजन

**रांची।** एसआर डीएवी पब्लिक स्कूल,पुंदाग में महर्षि दयानंद सरस्वती का जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक हवन को आहूति दे कर हुई,जिसमें विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भाग लिया। ऋषिवर को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय की संगीत मंडली ने भजन के माध्यम से महर्षि के प्रति भावांजलि अर्पित किया। सप्तम वर्ग के आदित्य राज ने स्वामी जी के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला । कक्षा छह तथा सात के विद्यार्थियों ने लोमहर्षक लघु नृत्यनाटिका प्रस्तूत किये। विद्यालय की सुपरवाइजरी प्रमुख राजश्री मिश्रा ने अपने संदेश में कहा कि महर्षि ने नव भारत सृजन में अग्रणी भूमिका निभाई। श्रेष्ठ भारत की बुनियाद महर्षि ने ही डाली थी। उनके ऋण से हम उऋण नहीं हो सकते । उन्होंने आर्य समाज की स्थापना कर आर्य मूल्यों का प्रतिस्थापना की।

# कांग्रेस सभी लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने के लिए तैयारः गुलाम अहमद

## लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नवगठित झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की प्रथम बैठक कांग्रेस मुख्यालय रांची में सोमवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में झारखंड की लोकसभा की सभी 14 सीटों को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रत्येक सीट के विभिन्न पहलुओं का सूक्ष्मता पूर्वक विश्लेषण किया गया। इसमें क्षेत्र की भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, जातिगत आंकड़ों की स्थिति को सामने रखकर ठोस निष्कर्ष पर पहुंचने का प्रयास किया गया। इस क्रम में प्रत्येक लोकसभा सीट के तीन-तीन संभावित उम्मीदवारों के नाम को चयनित कर अंतिम निर्णय के लिए आलाकमान के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। इस दौरान कांग्रेस झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस सभी लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने के लिए कमर कसकर तैयार हो चुकी है। कार्यकर्ता पूरे उत्साह में है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता से झारखंड में कार्यकताओं के बीच एक नया जोश पैदा हुआ है, जो लोकसभा चुनाव तक केंद्र की जनविरोधी सरकार के खिलाफ जुनून के रूप में बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं का यही जोश केंद्र सरकार को सत्ता से बेदखल करेगी। उन्होंने कहा कि हम केंद्र सरकार की हर गतिविधि पर गहरी नजर रख रहे हैं और जनता भी खुली आंखों से मोदी सरकार की ओर से देश में किये जा रहे समाज विरोधी कृत्यों को साफ-साफ देख रही है। देश में बदलाव का दौर आने वाला है और इसके लिए हमें पूरी ताकत से चुनाव में लगना होगा। हमारी मेहनत और जनता का साथ देश को बदलाव के नए दौर में ले जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव समिति के सभी सदस्यों ने प्रत्येक सीट पर अपनी राय जाहिर की है। चुनाव समिति के सभी सदस्यों की राय से लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने और गठबंधन तथा उम्मीदवारों के चयन के लिए आला कमान को अधिकृत कर दिया गया है आलाकमान का निर्णय ही अंतिम निर्णय होगा।




# ईडी की जांच में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और विनोद सिंह का 201 पन्ने का चैट आया सामने

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईडी की जांच में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विनोद सिंह का 201 पन्ने का चैट सामने आया है। सोमवार को कोर्ट में हेमंत की पेशी के दौरान ईडी ने अदालत के समक्ष दावा किया है कि हेमंत और विनोद सिंह के बीच 201 पन्नों का नया चैट निकाला गया है। ईडी का दावा यह भी है कि इस चैट में बरियातु की 8.5 एकड़ हेमंत सोरेन के कब्जे वाली जमीन पर होने वाले निर्माण से संबंधित कई मामले हैं, जो पीएमएलए 2022 के अंतर्गत आते हैं। ईडी की ओर से पहले के रिमांड में यह भी कहा गया है कि व्हाट्सएप चैट में न केवल कई संपत्तियों के बारे में गोपनीय जानकारी का आदान-प्रदान शामिल है, बल्कि ट्रांसफर-पोस्टिंग, सरकारी रिकॉर्ड साझा करने आदि से संबंधित अन्य आपत्तिजनक जानकारी भी शामिल है, जिसमें से बड़ी रकम भी शामिल है। ऐसा प्रतीत होता है कि धन का सृजन और लेन-देन किया गया है। ईडी ने कोर्ट को बताया है कि हेमंत सोरेन और विनोद सिंह के बीच जिस मोबाइल फोन से चैट किया गया था। वह मोबाइल हेमंत की ओर से ईडी को नहीं दिया जा रहा। कोर्ट में ईडी ने हेमंत पर पावर का गलत उपायेग करने और सबूतो को नष्ट करने की आशंका भी जतायी है। ईडी ने कोर्ट में कहा कि हेमंत सोरेन जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। अपने और उससे जुड़े अन्य व्यक्तियों के जरिये अर्जित संपत्तियों के बारे में सही तथ्य भी नहीं बता रहे हैं। ईडी ने कोर्ट से कहा है कि हेमंत सोरेन और उनका सहयोगी बिनोद सिंह के साथ व्हाट्सएप चैट से सामना कराया जा रहा है, जिसमें अचल संपत्तियों से संबंधित सूचनाओं का आदान-प्रदान शामिल है। हेमंत सोरेन संपत्तियों की जानकारी छुपाने के लिए व्हाट्सएप चैट पर हस्ताक्षर करने और स्वीकार करने से भी इनकार कर रहा है। 6 अप्रैल 2021 को विनोद सिंह ने बैक्वेट हॉल के निर्माण का नक्शा हेमंत सोरेन को चैट के जरिए भेजा था।




**हेमंत सोरेन को तीसरे बार रिमांड पर लेना विपक्ष की साजिश : सुप्रियो**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तीसरी बार रिमांड पर लिए जाने को विपक्ष की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार रिमांड पर लेना आज तक ऐसा इतिहास में नहीं हुआ था। ईडी के जरिये लगातार तहखाना में रखकर जो पूछताछ हो रही है यह पूरी तरह विपक्षी साजिश है। भट्टाचार्य सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने बिहार के राजनीति पर कहा कि 12 फरवरी इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा। नीतीश कुमार ने 18 सालों में नौ बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है जो देश के लिए काफी दुर्भाग्य है। उन्होंने नीतीश पर हमला करते हुए कहा कि ऐसे राजनीति बेईमान यदि किसी गठजोड़ में रहेंगे वह गठजोड़ का सत्यानाश होगा। इसलिए नीतीश को महागठबंधन का संयोजक नहीं बनाया गया।

# ऐसी अर्थव्यवस्था जरूरी, जिसमें कार्बन उत्सर्जन खत्म हो : रमापति




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में 30 देशों के एक्सपर्ट 14-15 फरवरी को जुटेंगे। इस दौरान वे कार्बन उत्सर्जन के चैलेंज को कम करने के साथ नये इकोनॉमिक मॉडल पर सुझाव साझा करेंगे। इस संबंध में होटल रेडिसन ब्लू में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीड्स के रमापति कुमार ने बताया कि अब एक ऐसी अर्थव्यवस्था की ओर अब बढ़ना जरूरी हो गया है, जिसमें कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम या खत्म किया जा सके। इसके लिए ही रांची में टास्क फोर्स के जरिये विशेष कार्यशाला का आयोजन होना है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में 30 देशों के 300 डेलीगेट्स शामिल होंगे। इसके अलावा यूपी, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों के अलावा झारखंड सरकार के अलग-अलग महत्वपूर्ण विभागों के सीनियर अधिकारी और अन्य भी इसमें शामिल होंगे। अलग-अलग सत्रों में विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। देश दुनिया के अलावा बाकी राज्यों में कार्बन उत्सर्जन और नये तरह के इकोनॉमी को लेकर किस तरह के काम हो रहे हैं, उनके खट्टे- मीठे अनुभव क्या रहे, इसे जानने के अलावा इस आधार पर राज्य के लिए रोडमैप तैयार करने में मदद मिलेगी।

## मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को श्री शिव बारात में सम्मिलित होने का मिला आमंत्रण



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से सोमवार को मोरहाबादी स्थित मुख्यमंत्री आवास में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आठ मार्च को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले श्री शिव बारात में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने महासमिति के सदस्यों से शिव बारात के आयोजन की तैयारियों की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल में महासमिति के अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष दीपक नंदा, सचिव राज तनेजा, बारात प्रभारी मेहुल प्रसाद, प्रवक्ता बादल सिंह, वरीय उपाध्यक्ष उर्मिला चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी अंशु तिवारी, सह सचिव दिलीप वर्मा, सदस्य स्वप्ना चटर्जी, झांकी कलाकार राम सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

## कमला देवी प्रकरण में कोर्ट में पेश हुए ढुल्लू महतो

**धनबाद।** वर्ष 2019 में कमला देवी से छेड़छाड़ के एक मामले में सोमवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो धनबाद कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने उनका बयान दर्ज कर मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख मुकर्रर कर दी। कोर्ट से बाहर निकले विधायक ढुल्लू महतो धनबाद के पूर्व एसएसपी पर जमकर बरसे। उन्होंने पूर्व एसएसपी पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व एसएसपी ने राजनीति से प्रेरित होकर उनपर कई झूठे मुकदमे दर्ज कराए। उन्होंने कहा कि उन्हें कोर्ट पर पूर्ण विश्वास है। सारे झूठे मुकदमों से वे जल्द ही बरी हो जाएंगे।

## रामनवमी मेला स्थल को बचाने को लेकर हुई बैठक, लोगों ने पार्क का काम कराया बंद



**रांची।** श्री श्री महावीर मंडल निवारणपुर के नेतृत्व में रामनवमी मेला स्थल को बचाने को लेकर सोमवार को बैठक हुई। मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि जनप्रतिनिधि और महावीर मंडल के सहयोग से विकास कार्य किया जाये और रामनवमी के मेला स्थल में पार्क नहीं बनेगा। रांची विधायक सीपी सिंह ने सरकार के नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा कि साजिश के तहत मेला स्थल को छोटा करने नहीं दिया जायेगा। विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि सरकार को आस्था से खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को पार्क बनाना है तो मोरहाबादी में बनाये। बैठक में श्री श्री महावीर मंडल के सचिव राजीव रंजन , अध्यक्ष सुशील दूबे, मनोज मिश्रा, भैरव सिंह ने भी मेला परिसर पर पार्क बनाने का विरोध किया और जुडको के जीएम एसके सिन्हा को काम बंद करने को कहा। साथ ही कहा कि मोहल्ला के लोगों से बातचीत कर काम करने को कहा गया है।

## राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन एक्ट-2022 की नियमावली गठन के लिए बैठक



**रांची।** झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के सभागार में स्टेकहोल्डर (किसान संगठन, कृषक उत्पादक समूह, कृषि व्यापारी) संग झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन एक्ट-2022 की नियमावली के गठन को लेकर सोमवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने की। बैठक में किसान संगठनों से जुड़े लोगों ने अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण हाट बाजारों में अत्याधुनिक सुविधाजनक संरचना निर्माण की बहुत जरूरत है, जो भी संरचना बने, उसका उपयोग केवल किसानों के लिए हो। हाट बाजारों से अतिक्रमण, अवैध कब्जा भी हटाया जाना चाहिए। किसानों की फसल, उपज की खरीद की समुचित व्यवस्था हो। इससे बाजार समिति के गठन का उद्देश्य भी पूरा होगा। विपणन परिषद और बाजार समिति का गठन नहीं होने से किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ऐसी कोई ठोस व्यवस्था नहीं बन सकी है, जिससे किसान अपने धान और अन्य कृषि उपज को बिचौलियों के बगैर बेच सकें। बाजार हाट में वसूली भी किसानों के लिए समस्या है। किसानों की भी भागीदारी बाजार समितियों में हो।

## भाजपा नेताओं ने जेएसएससी सीजीएल प्रश्न पत्र लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग की

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक मामले में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व मंत्री और विधायक भानु प्रताप शाही, विधायक मनीष जायसवाल समेत ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। अमर कुमार बाउरी ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को कहा कि जेएसएससी लीक मामले में झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो शमीम और उनके दो बेटे को पुलिस ने हिरासत में लिया गया है। यह मामला बेहद बड़ा है। मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए अन्यथा ये भ्रष्ट सरकार मामले की लीपा पोती का प्रयास करेगी। बाउरी ने हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड की भ्रष्ट सरकार के शासनकाल में रोजाना काला अध्याय लिखा जा रहा है। युवा विरोधी झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार ने युवाओं का भविष्य तक बेच दिया। इस ठगबंधन सरकार को नौकरियां बेचने वाला, सबसे भ्रष्ट व निकम्मी सरकार के रूप में याद किया जाएगा। राज्य के युवा इसे आगामी चुनाव में उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। भानु प्रताप शाही ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर हमला बोलते कहा है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में हुए पेपर लीक मामला, इसको अंजाम देने वाले लोग और इसका संरक्षण देने वाली सरकार ने हत्या से भी बड़ा अपराध किया है। इसकी जांच सीबीआई से करा कर ही दूध का दूध और पानी का पानी किया जा सकता है। कृपया जांच सीबीआई को सौंपे। हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने कहा है कि जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो शमीम और उनके दो बेटे को पकड़ने की सूचना है।

## हेमंत सोरेन के करीबी अमितेश सहाय के ठिकानों पर जीएसटी की रेड



**धनबाद।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी उद्योगपति-व्यवसायी और झामुमो के नेता अमितेश सहाय के ठिकानों पर सोमवार को सेंट्रल जीएसटी की टीम ने छापेमारी की है। अमितेश सहाय का कोयला, टीएमटी और होटल के व्यवसाय में दखल है। हेमंत सोरेन के करीबी होने के कारण वह धनबाद में जाना-पहचाना नाम हैं। बताया जा रहा है कि टैक्स चोरी के मामले को लेकर जीएसटी की टीम ने गोविंदपुर स्थित जय टीएमटी और बिरला सीमेंट के कार्यालय में दबिश दी है। अमितेश सहाय के बिजनेस पार्टनर श्याम शर्मा के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

## दो बड़ी योजनाओं को मिली स्वीकृति, निविदा प्रकाशित

# विधायक के प्रयास से अल्पसंख्यकों को मिला उनका अधिकार : डॉ निजाम



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव के प्रयास से बरही कोनरा के अल्पसंख्यको को पहली बार बड़ी योजनाओ का लाभ मिलने जा रहा है. 32 लाख की लागत से ओल्ड जीटी रोड स्थित मो नसीम अंसारी के पीडब्ल्यूडी सड़क भाया मक्का मस्जिद नहर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है. नहर मार्ग बन जाने से पंचायत के सैकड़ों से भी अधिक लोगो को आवगमन की सुविधा मिलेगी. इसके साथ ही गौरियाकर्मा पंचायत के कुमरन स्थान से निचीतपुर नावा आहर तक पीसीसी निर्माण सहित आंगनबाड़ी केंद्र रसोईया धमना-3 का उन्नयन कार्य की भी स्वीकृति हुई है. यह सभी कार्य जिला खनन मद से होना है. इसके लिए जिला परिषद ने निविदा भी प्रकाशित किया है. जो 22 फरवरी को खोला जायेगा. निविदा पूर्ण होते ही निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ हो जायेगी. उन्होंने ने बताया कि यह पहली बार है जब कोनरा पंचायत के अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो को विधायक का सहयोग मिला है. इसके पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने इस पंचायत के अल्पसंख्यक को वोट बैंक के रूप में प्रयोग किया जाता रहा था. वर्तमान विधायक ने निष्ठापूर्वक अल्पसंख्यकों का सम्मान किया है, इसी का परिणाम है कि पूरे विधानसभा क्षेत्र के मुस्लिम बहुल क्षेत्र में विकास की कई योजनाएं धरातल पर क्रियान्वित है तो कई पूरे हो चुके हैं. अल्पसंख्यक समुदाय उनके कार्य और सहयोग के लिए सदैव आभारी रहेगा. उन्होंने यह भी बताया कि विधायक समदर्शी सिद्धांत पर हर एक वर्ग और क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहते है. इनके पहल से ही धोबघट मार्ग निर्माण कार्य, विद्युतीकरण, कारीमाटी व जवाहर घाटी पेयजल योजना, डीवीसी विस्थापितों के जमीनों की रसीद कटवाने का काम, खराब ट्रांसफर बदलने आदि कई महत्पूर्ण कार्य प्रारंभ हो चुके है. इस महत्पूर्ण कार्य के लिए डॉ अंसारी सहित प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कोनरा मुखिया यासमीन तब्बसुम, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस अब्दुल मन्नान वारसी, ट्रेड यूनियन जिला उपाध्यक्ष अशरफ अली आदि सहित कई लोगो ने विधायक का अभार व्यक्त किया है.

## कम्प्यूटर साक्षरता प्रवेश परीक्षा में 403 बच्चे हुए शामिल


# कंप्यूटर का ज्ञान घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य : दिलीप कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड के बरकट्ठा बाजार रोड स्थित साई कॉम्प्लेक्स में जन जन कम्प्यूटर साक्षरता 2024/25 प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 403 बच्चे शामिल हुए। मौके पर संस्था के निदेशक दिलीप कुमार नायक ने कहा कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम 13 फरवरी को जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जन जन कम्प्यूटर साक्षरता अभियान संस्था का मुख्य उद्देश्य है। कंप्यूटर का ज्ञान हर घर तक पहुंचाना है। कोई गरीब का बच्चा कंप्यूटर ज्ञान से वंचित नहीं रहे। परीक्षा संपन्न कराने में शिक्षक विजय कुमार, मनोज कुमार, पर्यवेक्षक रंजना कुमारी, संस्था निदेशक दिलीप कुमार नायक, शिक्षिका स्नेहा कुमारी, रानी कुमारी, अभिषेक कुमार ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## एक नजर

### स्वास्थ्य सेवाओं में भर्ती के लिए परीक्षा का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** जिला के स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी तथा सुदृढ़ीकरण हेतु उपायुक्त नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार ज़िला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट हजारीबाग के मद से 5 पदों यथा स्वास्थ्य प्रबंधक,लैब टेक्निशियन, ऑप्टोमेट्रिस्ट, ओटी टेक्निशियन, इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन ज़िला स्कूल हजारीबाग में आयोजित किया गया। उक्त लिखित परीक्षा में कुल 139 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उक्त वर्णित रिक्त पदों जिनमें हेल्थ मैनेजर के दो पद, लैब टेक्नीशियन के 15 पद, ओटी टेक्निशियन के 13 पद, ऑप्टोमेट्रिस्ट के 4 पद, आकस्मिक मेडीकल टेक्नीशियन के 1 पदों के लिए प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित की गई थी।

### कांग्रेसी नेता ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**हजारीबाग।** कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत देवकली लुंदरु बसरिया खैरा बेडमक्का नारायणपुर इत्यादि गांवों में कांग्रेसी प्रमंडलीय नेता डॉ आरसी मेहता के नेतृत्व में चला जनसंपर्क अभियान। जनसंपर्क के दौरान नारायणपुर के सभा में प्रमंडलीय कांग्रेस नेता डॉ मेहता ने कहा कि जिले के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर हूं अन्याय के खिलाफ आंदोलनरत हूं आज पेटीएम सहारा इंडिया के तरह दिवालिया होने के कगार पर है आम नागरिकों से आह्वान करता हूं कि पेटीएम एप वेबसाइट से जमा निकासी ट्रांजैक्शन सोच समझ कर करें। बेडमक्का के सभा में कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बीके मेहता ने कहा कि बरकठा विधानसभा में बदलाव की लहर है 20 वर्ष में बरकठा विधान सभा अन्य विधानसभा की तुलना में कालांतर पीछे चल रहा है विकास कार्यों नहीं होने पर परिवर्तन जनता का मौलिक अधिकार है।

### धूमधाम से रविदास जयंती मनाने के लिए कमेटी गठित

**गोला।** पुरबडीह रविदास टोला के गढ़वाटांड़ में रविदास समाज के लोगों की बैठक डोमन राम रविदास की अध्यक्षता में की गई। जिसमें सामाजिक उत्थान पर चर्चा करते हुए रविदास जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। समारोह की सफलता को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। यहां गठित कमेटी के अध्यक्ष बंधन राम रविदास, उपाध्यक्ष पर्वत राम रविदास, शंकर राम रविदास व कमलेश राम, सचिव रविन्द्र कुमार दास, उपसचिव दिलीप कुमार रविदास, कोषाध्यक्ष प्रशांत कुमार दास, सह कोषाध्यक्ष सचिन कुमार रवि, उपकोषाध्यक्ष अरुण कुमार, मीडिया प्रभारी आदर्श कुमार और संरक्षक मंडली में जीवन राम, मुरारी कुमार दास, मिथलेश कुमार, जीत राम, राजकुमार राम,कपिल राम, आदर्श राम, अंकित राम, प्रमोद, गौरव कुमार दास आदि चुने गए।

### पंचायत प्रभारियों के गठन को लेकर आजसू पार्टी की बैठक

**रामगढ़ / मांडू ।** प्रखंड कार्यालय हेसागढ़ा मे रविवार को आजसू प्रखंड समिति की बैठक हुई। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष जयकिशोर महतो ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो उपस्थित थे। बैठक में आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर पंचायत प्रभारियों का गठन किया गया। साथ ही उन्हें निर्देश दिया गया कि पंचायत में एक बैठक कर ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुख का गठन जल्द करें। ताकि आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में संगठन का झंडा और ऊंचा रहे। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो, जिला परिषद सदस्य तापेश्वर महतो, सदस्य भोला तुरी, केंद्रीय सदस्य किशुन महतो, मनोज गोप, जिला उपाध्यक्ष तेजू महतो, चितु महतो, पंकज महतो, सुरेन्द्र महतो, जगेश्वर महतो, महेश महतो, मुकेश महतो, उमेश कुमार, सुखदेव महतो, प्रदीप ठाकुर, राजू टुडू आदि मौजूद थे।

### ' गांव चलो अभियान' में सांसद ने किया किया जनसंवाद



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद जयंत सिन्हा का 12 फरवरी को गांव चलो अभियान के तहत बरलांगा मंडल में प्रवास हुआ। जिसके तहत उनके आगमन पर रजरप्पा चौक और डीवीसी चौक गोला में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य उनका स्वागत किया गया। बरलांगा मंडल प्रवेश करने पर हरूबेडा, डिमरा, बरलांगा, चोकरबेड़ा आदि क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम हुए। जिसमें शिक्षक, बुद्धिजीवी, विद्यार्थियों, नव मतदाता, जनसंघ कालीन पुराने भाजपा कार्यकर्ता, बूथ समिति, पन्ना प्रमुख,महिला समूह, युवा, किसान एवं व्यवसायी,विभिन्न एनजीओ, आंगनबाड़ी, स्कूल आदि क्षेत्र में भ्रमण कर ग्रामीणों के साथ जनसंपर्क कर जन संवाद किया और रात्रि विश्राम चोकरबेड़ा में जन चौपाल लगाकर किया।
मौके पर सांसद के साथ में लोकसभा सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, नारायण चंद्र भौमिक,विजय ओझा, बबलू साव,अशोक कुमार, सुमन सिंह, मनोज महतो,त्रिलोचन प्रजापति,मुखिया कांति देवी, प्रभास प्रकाश,महेंद्र प्रसाद, खिरोधर तिवारी,नंदकिशोर महतो,एहसान उल हक, राजू गुप्ता, प्रफुल्ल उपाध्याय, बद्री साव, मंसू बेदिया, करमचंद करमाली, सुभाष रजवार,अमरलाल बेदिया आदि मौजूद थे ।

### शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए वोटर जागरूकता फोरम गठित




**रामगढ़।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक। इसी क्रम में सोमवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत छत्तरमांडू स्थित बार काउंसिल रामगढ़ एवं आईडीबीआई सहित विभिन्न बैंकों में वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक के दौरान बार काउंसिल रामगढ़ के अधिवक्ताओं तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारियों द्वारा सभी अधिवक्ताओं बैंक, अधिकारियों व कर्मियों से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करने की अपील की गयी। इसके साथ ही प्रतिदिन बड़ी संख्या में विभिन्न कार्यों से व्यवहार न्यायालय, बैंक आदि में आने वाले लोगों को भी आगामी लोकसभा में निर्वाचन के दौरान मताधिकार के प्रति जागरूक करने को लेकर कार्यालय में मतदाता जागरूकता संबंधित नोडल कर्मी नामित करते हुए कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता डेस्क स्थापित करने सहित अन्य आवश्यक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### लाखों की लागत से बनेगा भव्य शिवमंदिर

**भुरकुंडा।** कोयलांचल भुरकुंडा के रिहायशी पटेलनगर मोहल्ले में लाखों की लागत से भव्य शिवमंदिर का निर्माण होगा। इससे पूर्व प्राचीन शिवमंदिर के वर्तमान स्वरूप को प्रवाहित कर किया जाएगा। यह निर्णय स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्राचीन शिवमंदिर परिसर में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से लिया। बताया गया कि इन सारी प्रक्रियाओं से पूर्व वे आचार्यों से इस बावत जानकारी लेंगे। फिर उनके मार्गदर्शन पर आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। मसलन शिवमंदिर के वर्तमान स्वरूप को जल में प्रवाहित कर नए मंदिर के निर्माण से संबंधित जो वर्णन धार्मिक ग्रंथों में उल्लेखित है, उसका अक्षरशः पालन करते हुए ही वे आगे बढ़ेंगे।

# सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में आयोजित किया गया दीक्षा समारोह



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में कक्षा 12वीं के भैया-बहनों को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।कार्यक्रम में कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने अपने बड़े भैया-बहनों का तिलक लगाकर स्वागत किया।
इस अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य की ओर अटूट निष्ठा और समर्पण से काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों, माता-पिता और समाज के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का आग्रह किया।
कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों ने भी भैया-बहनों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय जीवन के सुखद और यादगार पलों को याद करके अपने अनुभव बांटे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, सुनील कुमार सिन्हा, सचिव गोपाल नायक,सह सचिव सुधाकर सिंह मुंडा सहित सभी समिति सदस्यों ने बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए कहा। कार्यक्रम में आचार्य राकेश कुमार सहाय, अमरदीप नाथ सहदेव, ज्योति राजहंस, शशि कान्त, गौतम कुमार, शेखर कुमार, अक्षय सिंह, रिंकी कुमारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने किया।

# माता वैष्णों देवी मंदिर के 33वें वार्षिकोत्सव पर भव्य कलश यात्रा 14 फरवरी को



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
माता वैष्णों देवी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। कलश यात्रा में शामिल धर्म प्रेमी महिलाएं माता की लाल चुनरी में होंगी। सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान मनीष मारवाह एवं उनकी धर्मपत्नी नमिता मारवाह होंगे। कलश यात्रा 14 फरवरी को प्रातः 9 बजे मंदिर परिसर से निकलेगी, जो शहर के झंडा चौक, गांधी चौक, मेन रोड, सुभाष चौक, शिवाजी रोड, लोहार टोला होते हुए चट्टी बाजार स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी, यहां कलश में जल भरकर वापस माता वैष्णों देवी मंदिर पहुंचेगी। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव व सचिव महेश मारवाह ने संयुक्त रूप से बताया कि कलश यात्रा की सभी तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। श्री मारवाह ने बताया कि कलश उठाने वाली सभी श्रद्धालु महिलाएं कलश लेकर सुबह साढ़े आठ बजे तक मंदिर परिसर पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर को फूलों व विद्युत बल्बों से आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव व सचिव महेश मारवाह ने यह भी बताया कि आगामी 15 फरवरी को प्रातः 10 बजे गणेश पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि प्रवेश कराया जाएगा। 16 से 20 फरवरी तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से पूजन, शतचंडी पाठ, हवन आदि का आयोजन होगा। वहीं 18 फरवरी को अपराह्न 3 बजे से मंदिर परिसर में माता की चौकी और 19 फरवरी की रात्रि 9 बजे से माता की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया जायेगा। 20 फरवरी को पूणार्हुति के बाद सुबह 10 बजे से माता का विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी व सदस्य जुटे हुए हैं।

## छावनी फुटबॉल मैदान में सांसद ने किया स्वदेशी मेले का उद्घाटन

# स्वदेशी मेले से स्थानीय स्तर पर व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा : जयंत सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
शहर के छावनी फुटबॉल मैदान में 12 फरवरी को स्वदेशी मेला का उदघाटन किया गया। उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा उपस्थित थे। स्वदेशी मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि सांसद जयंत सिन्हा ने भारत माता, दत्तोपंत ठेंगड़ी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्जवलित कर किया। स्वदेशी मेले का उदघाटन करते हुए सांसद श्री सिन्हा ने कहा की स्वदेशी मेला के उदघाटन से स्वदेशी वस्तुओं के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य ही है देश में स्वदेशी को बढ़ावा देना। यह मेला उस लक्ष्य की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। सांसद ने कहा की इस मेले से स्थानीय स्तर के व्यापारियों को प्रोत्साहन मिलेगा और इससे रोजगार के सृजन में मदद मिलेगी। उन्होंने मेला के आयोजन के लिए स्वदेशी जागरण मंच की प्रशंसा की। कहा की यह मेला लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने में कारगर सिद्ध होगा। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि रामगढ़ में एक तरफ जहां लघु उद्योग हैं वहीं बड़े-बड़े उद्योग भी आ रहे हैं। कहा की लगभग 20000 करोड़ की लागत से स्थापित पीवीयूएन से बिजली का उत्पादन 2.5 रुपए प्रति यूनिट की लागत से किया जाएगा। रामगढ़ से तैयार जेएसपीएल का स्टील पूरे विश्व में निर्यात होता है। ये बड़े उद्योग भी स्वदेशी की अवधारणा को और मजबूती प्रदान कर रहे हैं। सांसद ने कहा की केंद्र सरकार की विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना के तहत कारीगरों और हस्तशिल्प श्रमिकों को 1 लाख रूपए तक का लोन उपलब्ध कराया जाता है ताकि वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाकर अपनी स्थिति मजबूत कर सकें। स्वदेशी मेला आगामी 23 फरवरी तक चलेगा। मेले में विभिन्न प्रकार के स्वदेशी वस्तुओं के 125 स्टॉल लगे हैं। साथ ही बच्चों के लिए झूला और ड्रैगन की व्यवस्था है। वहीं, लजीज व्यंजनों के स्टॉल भी लगे हैं। मेले के दौरान रात्रि में प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही दिन में प्रत्येक दिन बच्चों के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर कार्यक्रम का संचालन विकास झा ने किया।

### एकत्रीकरण कार्यक्रम में समाजिक बुराइयों को दूर करने का संकल्प

**बरही।** प्रखंड मैदान शिवाजी तरुण व्यवसायी शाखा की ओर से आयोजित एकत्रीकरण कार्यक्रम में विभिन्न पंचायत के आरएसएस स्वयंसेवक शामिल हुए. सबों ने बौद्धिक व शारीरिक विकास हेतु योगाभ्यास व व्यायाम करते हुए सामाजिक विंदुओ पर चर्चा किया. अपने समाज से जाति-पाती, छुआछूत, भेदभाव, दहेज प्रथा, शराब आदि कुरीतियों को हटाने हेतु आवश्यक प्रयास करने का संकल्प लिया गया. उपस्थित लोगो ने भारत मां को रक्षा और विकास के लिए तन, मन और धन समर्पित करने संकल्प लिया. सबों ने भारत माता की जय के जयकारे भी लगाए. इस कार्यक्रम में बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, कोनरा, बेंदगी, रसोईया धमना, मलकोको, पंचमाधव आदि पंचायत से कई स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया. मौके पर जिला संघचालक दयानंद चौरसिया ,राजेश केसरी ,प्रभु राणा , गुरुदेव गुप्ता, जयप्रकाश ठाकुर ,संतोष सिंह ,लोकेश गुप्ता, लक्की कुमार आदि कई लोग शामिल थे.

## न्यूज बॉक्स

### धू धू कर जल उठे बस और ट्रेलर, कोई हताहत नहीं



**बरही।** सोमवार के करीब साढ़े 3 बजे जीटी रोड पंचमाधव स्थित गड़लाही मोड़ के समीप ट्रक और बस धू धू कर जल उठे. इस घटना में किसी की भी हताहत होने की सूचना नहीं मिली है. प्राप्त जानकारी के अनुसार धनबाद की ओर से आ रही ट्रेलर जीटी रोड पंचमाधव के अर्द्धनिर्मित ओभरब्रीज के समीप अनियंत्रित हो कर पलट गई. उसी समय बरही की ओर से यात्रियों से भरी बस बरकट्ठा की ओर जा रही ट्रेलर से टकरा कर पलट गई. टक्कर से दोनो गाड़ियों ने आग लग गयी जिससे दोनों गाड़ियां धूं धूं कर जल उठी. सौभाग्य की बात थी कि बस के पलटते ही सभी यात्री सुरक्षित बाहर निकल चुके थे. दुर्घटना में कुछ यात्रियों को हल्के चोट के अलावा किसी की हताहत की सूचना नही मिली है. जानकारी होते ही घटना स्थल पर पुलिस पहुंचकर दमकल बुलाने का प्रयास किया गया. समाचार लिखे जाने तक दोनों गाड़ियां जल रही थी. स्थानीय लोगो ने बताया कि घटना का मुख्य कारण अर्धनिर्मित ओभरब्रीज है, जहां आए दिन घटनाएं होते रहती है. परंतु प्रशासन अब तक इस दिशा में कोई सार्थक कदम नहीं उठा रहा है.

### शिवांग मेडिकल हॉल का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन



**बरकट्ठा।** पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने पंचायत तुइयो के ग्राम लेवडा बुचई मोड़ में शिवांग मेडिकल हॉल का उद्धघाटन किया। मेडिकल का शुभारंभ पूर्व विधायक ने फीता काट कर व नारियल फोड़ कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती इलाके में इस तरह का मेडिकल खुलने से अब गरीब व्यक्तियों को दवा हेतु बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजकुमार नायक, पूर्व मुखिया गुड़िया देवी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अर्जून राणा, संचालक सकलदेव पासवान, द्वारिका पासवान, बिरेन्द्र पासवान, विकास पासवान, मनोज पासवान, राजेश पासवान, रोहित पासवान चंदन मोदी, सुरेन्द्र पासवान, इंद्रदेव पासवान, ईश्वर पासवान समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### सरस्वती पूजा मनाने को लेकर बरकट्ठा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



**बरकट्ठा।** प्रत्येक वर्ष की भांति सरस्वती पूजा इस वर्ष भी शांति व सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाने को लेकर सोमवार को बरकट्ठा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बरकट्ठा अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी व संचालन पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने किया ?।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने सरस्वती पूजा शांति व सौहार्द वातावरण में मनाने को लेकर अपना अपना मंतव्य दिया। बैठक को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी श्रीकांत लाल मांझी ने कहा कि पूजा में किसी तरह का हुड़दंग या आतिशबाजी न करें । अश्लील संगीत नहीं बजायें। पारंपरिक गीतों का ही प्रयोग करें ।ताकि कानून व्यवस्था भंग न हो। वहीं थाना प्रभारी गौतम कुमार ने सभी पूजा अखाड़ों के अध्यक्ष सचिव और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सरकारी दिशा निर्देश का अक्षरशः पालन करते हुए सरस्वती पूजा शांति व सौहार्द माहौल में मनाने का अपील किया।

### पुलवामा के शहीदों की पुण्य स्मृति में 14 फरवरी को रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

**हजारीबाग।** 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में आतंकवादियों के कायरता पूर्ण हमले में शहीद हुए जवानों की स्मृति में कल 14 फरवरी को वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन द्वारा शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज सदर अस्पताल ब्लड बैंक में सुबह 10 बजे से दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा ।वर्तमान में 260 थैलेसीमिया पेशेंट को सदर अस्पताल से रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है ।एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने लोगो से वैलेंटाइन डे यानी प्रेम दिवस के अवसर लाल गुलाब न देकर लाल रक्त का दान करने की अपील करते हुए कहा कि आपके इस नेक कार्य से किसी के घर के बुझते हुए दिए में जिंदगी की रोशनी आएगी, साथ ही देश के सच्चे सपूत पुलवामा में शहीद जवानों के प्रति हम सभी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### भ्रष्टाचार मुक्त भारत के आह्वान के साथ नेशनल एंटी करप्शन कमिटी की बैठक संपन्न



**हजारीबाग।** नेशनल एंटी करप्शन एंड ऑपरेशन कमेटी ऑफ इंडिया की एक बैठक स्थानीय दामोदर घाटी निगम भूमि संरक्षण के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य अतिथि राजेश शुक्ला ने अपने संबोधन में उन्होंने संगठन के मूलभूत उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण में बढ़-कर कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया इसी क्रम में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव जेएन मिश्रा ने भी उपस्थित सभी सदस्यों से संगठन की मजबूती और नए सदस्यों को संगठन से जोड़ने का अपील की ।बैठक में केंद्रीय कल्याण सचिव अमित कुमार ने भी अपनी बातें रखी स्थानीय जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दास ने भी संगठन के विकास विस्तार एवं मूलभूत उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सदस्यों से अपील की कि सामाजिक उत्थान ही उन्नत राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है अतः हम सभी को बढ़-कर कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। बिहार के कई जिलों और रांची से आए कई उच्च अधिकारियों ने भी अपनी बातें रखी ।बैठक में झारखंड प्रदेश युवा अध्यक्ष उज्जवल दुबे, रांची जिला अध्यक्ष संजय साहू ने भी संबोधित किया ।बैठक में अभिषेक कुमार को प्रदेश अध्यक्ष,राकेश ठाकुर को जिला अध्यक्ष, सुबोध कुमार को जिला सचिव, रविंद्र कुमार को जिला उपसचिव,अजय पांडे अधिवक्ता को उपाध्यक्ष, संजय उपाध्याय को जिला महामंत्री, नंदकिशोर सावंत को जिला संयुक्त सचिव और राजकुमार को जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। मंच संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज लोहार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सोमनाथ मिश्रा ने किया।

## एक नजर

### धूमधाम से मनी राधा-कृष्ण मंदिर की पहली वर्षगांठ

**कोडरमा।** झुमरी तालाब स्थित राधा-कृष्ण मंदिर की पहली वर्षगांठ भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान गंगा आरती के बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। गंगा आरती में काफी संख्या में लोग उमड़ पड़े। इससे पहले सुबह पूजा अर्चना के साथ कई घंटे तक भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें बडी संख्या में महिला, पुरुष शामिल हुए। देर शाम तालाब में बनारस की तर्ज पर बनारस से आए पंडित ने संध्या आरती करवाई। इसमें काफी संख्या महिलाएं अपने घरों से थाली और दीए लेकर आरती में शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सांसद पुत्र मयंक कुमार, रामचंद्र यादव, विनोद राणा, मनोज यादव, अजीत यादव समेत अन्य लोगों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### मॉर्डन स्कूल के 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

**कोडरमा।** मॉर्डन पब्लिक स्कूल में रविवार को समारोह आयोजित कर 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार, निदेशिका संगीता शर्मा, शिक्षक उपस्थित थे। आयोजन क्लास 11वीं, नवीं के छात्र-छात्राओं ने किया। स्कूल निदेशिका संगीता शर्मा ने कहा कि जीवन के जिस क्षेत्र में आप अपने आप को देखते हैं, वहां जीवन मूल्यों के साथ अपने आप को देखें। बतौर मास्टर मॉर्डन संकेत लोहानी, मिस मॉर्डन हर्षिता प्रणय, बेस्ट आउटफिट तरणदीप, बेस्ट वॉक राजलक्ष्मी, बेस्ट स्माइल प्राप्ति सोनी को को चुना गया।

### सौहार्द्र से सरस्वती पूजा मनाने की अपील

**जयनगर ।** सरस्वती पूजा को लेकर थाना परिसर में रविवार को शांति समिति कि बैठक प्रमुख अंजू देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरस्वती पूजा शांति और सौहार्द्र से मनाने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में प्रखंड के सभी डीजे संचालक भी शामिल हुए। बैठक में पूजा शांति और सौहार्द्र से मनाने पर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा हमलोगों मिलजुलकर कर सभी त्योहार मनाते हैं। ऐसे में सरस्वती पूजा भी शांति और सौहार्द्र से मनायेंगे। इस दौरान थाना प्रभारी राजेंद्र राणा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी तरह का सोशल मीडिया पर कोई टिप्पणी नहीं करें, जिससे शांति भंग हो। यदि किसी व्यक्ति के द्वारा कोई आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं तो पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता शुरू

**कोडरमा ।** कोडरमा राइफल क्लब और मॉडर्न पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय कोडरमा जिला स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। यह प्रतियोगिता दो दिवसीय है। पहले दिन प्रतियोगिता में मॉडर्न, सेक्रेड हार्ट स्कूल और आदर्श प्लस टू हाई स्कूल मधवा टांड का दबदबा रहा। इस प्रतियोगिता में जिले से करीबन 127 खिलाड़ियों भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन स्कूल के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने राइफल चला कर किया।

# आदिवासी मूलवासी को दबाने और कुचलने का काम करती है राष्ट्रीय पार्टियां : एनोस एक्का




**नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा**
कांग्रेस और झामुमो की सरकार ने भाजपा से पैसा लेकर आदिवासियों के जल जंगल और जमीन को बेचने का काम किया है। राष्ट्रीय पार्टियों ने हमेशा आदिवासियों को दबाने और कुचलने का काम किया है। धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाकर अपनी स्वार्थ सिद्ध का काम करते हैं राष्ट्रीय पार्टी। झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री एनोस एक्का को सोमवार को लंबोई बाजार टांड़ में आयोजित नगाड़ा पीटावन रैली को संबोधित कर रहे थे। एनोस एक्का ने पूरे संबोधन में कांग्रेस और भाजपा को निशाने में रखा। एनोस ने कहा कि झारखंड पार्टी माटी की पार्टी है और हमेशा आदिवासी मूल वासी के जल, जंगल और जमीन के लड़ाई लड़ी है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने आदिवासियों की पहचान को बेचने को काम किया है, झारखंड पार्टी के नेताओं को कुचलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा से लेकर एनोस एक्का तक सभी को कांग्रेस और भाजपा ने दबाने का काम किया है। उन्हें स्थानीय कांग्रेस के विधायक पर भाजपा के हाथ बिक जाने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायक ने आदिवासियों की भावनाओं का सौदा किया है, जमीन को बेचने का काम किया है। एनोस ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में क्षेत्र की जनता हर तरह की समस्या से परेशान है। लोगों को ना तो पीने के लिए शुद्ध जल मिल रहा है, ना ही रहने के लिए घर, ना ही आने जाने के लिए अच्छी सड़क और न ही इलाज के लिए अस्पताल ना ही अच्छा स्कूल और कॉलेज मिल रहा है। युवा रोजगार के लिए पलायन करने को विवश है।उन्होंने उपस्थित लोगों से एनोस के कार्यकाल और स्थानीय विधायक के कार्यकाल की तुलना करने की बात कही। रैली के माध्यम से एनोस एक्का ने झारखंड पार्टी को एक बार फिर अपना समर्थन देने के अपील की। आगामी लोकसभा और विधानसभा में झारखंड पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी का सहयोग मांगा। कार्यक्रम में स्वागत भाषण पार्टी के केंद्रीय महासचिव ललित समद ने दिया जबकि मंच संचालन असियन डांग ने किया।

### जिस कार्यालय में काम नहीं होगा, उस में जड़ा जाएगा ताला

रैली में एनोस एक्का ने कहा कि झारखंड पार्टी के माध्यम से लोगों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा उन्होंने कहा कि जिस सरकारी कार्यालय में गरीब जनता का काम नहीं होगा झारखंड पाटी उस कार्यालय में तास्त्रला लगाने का काम करेगी। उन्होंने जल नल योजना में भी भारी गड़बड़ी की बात कहते हुए कहा कि अगर नल से पानी नहीं निकलेगा तो संबंधित लोगों को खराब चापाकल से बांधने का काम किया जाएगा। एनोस ने हर युवा के हाथ में रोजगार और हर चेहरे में मुस्कान लाने के बात कहीं।

### पूजा के दौरान हुडदंग करने वालों पर होगी कार्रवाई

**कोडरमा।** डोमचांच थाना परिसर में रविवार को सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता सीओ रविंद्र कुमार ने की। बैठक में सरस्वती पूजा शांतिपूर्ण और भाईचारे के बीच मनाने की अपील की गई। सीओ रविंद्र कुमार ने कहा कि पूजा के दौरान किसी भी तरह की बात होने पर पुलिस को तत्काल सूचना दें। पूजा के दौरान अश्लील गाने बजाने पर लाउडस्पीकर को जब्त कर कार्रवाई की जाएगी। पूजा में शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी पंचम तिग्गा ने कहा कि पूजा को लेकर प्रशासन विधि- व्यवस्था नियंत्रण को लेकर तैयार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर फैलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद वर्मा, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार, देवेंद्र मेहता,प्रदीप सिंह, कुमुद देवी, अशोक यादव, उपेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### लापता युवती के मामले में पुलिस अधीक्षक से मिले श्रद्धानन्द बेसरा, पता लगाने की अपील की



**सिमडेगा।** ठेठाईटांगर प्रखंड के पंचायत कोनपाला लेटाबेड़ा के जालसू मांझी , गोंड जनजातीय समुदाय का गरीब व्यक्ति की नाबालिग सुपुत्री रेखा कुमारी विगत 19 जनवरी 2024 से अपने घर से लापता होने के मामले को लेकर समाज सेवी पूर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने पुलिस अधीक्षक सिमडेगा से मुलाकात की और पुलिस अधीक्षक सिमडेगा को सारी घटनाओं से अवगत कराया। श्री बेसरा ने पुलिस अधीक्षक सिमडेगा को उपरोक्त संबंध के विषय में एक आवेदन भी दिया एवं जल्द से जल्द लापता नाबालिग युवती को खोज बिन करने की अपील की और अगर संबंधित मैटर में किसी प्रकार की किसी व्यक्ति की संलिप्तता पाया जाता है तो कानूनी प्रावधान के तहत उस पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने को कहा।पुलिस अधीक्षक महोदय ने मामला को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रेंगारीह थाना प्रभारी को एफआईआर दर्ज कराने एवं संदिग्ध व्यक्तियों को कड़ाई से पूछताछ करने का आदेश दिया। पुलिस अधीक्षक सिमडेगा से मुलाकात वक्त रेखा कुमारी के माता-पिता जलसू मांझी ललिता देवी, के अलावा पुर्व मुखिया जोगेंद्र मांझी पीड़िया पोंछ , मंछिन्दर मांझी,धरूपद मांझी, दीप नारायण इत्यादि लोगों उपस्थित थे।

### विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

कोलेबिरा। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने प्रखंड के विभिन्न गांव का दौरा किया। जिसमें टुट्टीकेल प्रस्तावित उच्च विद्यालय में दिए गए कंप्यूटर, बोगराम में दिये जाने वाले गाडवाल योजना, कथा नवा टोली पंचायत के दुमकीटोली की महीलाओं से भी मुलाकात की तथा उन्होंने अपनी बिजली विभाग की समस्या के बारे में बताया। महिलाओं ने बताया हमारे गांव में करीब 25 परिवार हैं, बिजली विभाग के द्वारा अभी तक बिल नहीं दिया गया। हम लोगों का कनेक्शन बिना बताए हुए काट दिया गया हम लोगों को आंधेरा का सामना करना पड़ रहा है बच्चों की परीक्षाएं भी चल रही है। विधायक ने उनकी समस्याओं को सुनकर तुरंत कार्यपालक अभियंता विशेश्वर मरांडी से बात कर उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा। कार्यपालक अभियंता ने फोन पर बताया कि इनका कनेक्शन नहीं किया गया था बिना कंजूमर नंबर के बिजली जलाया जा रहा था उनका कनेक्शन काट दिया गया है। फिर से उनका नया कनेक्शन करना पड़ेगा, साथ ही विधायक ने बताया कि सरकार की नहीं योजना के तहत 15 तारीख को टेंडर खुल रहा है। मुफ्त मे बिजली कनेक्शन दिया जाएगा तथा वंचित का अंक पर भी विद्युत कनेक्शन लगाया जाएगा।

### आजसू पार्टी ने चलाया सिमडेगा कॉलेज में हस्ताक्षर अभियान



सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा में आजसू पार्टी छात्र संघ जिला अध्यक्ष फूलसिंह बड़ाईक के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्य रूप से आजसू पार्टी जिला अध्यक्ष धूपेंद्र पांडे , जिला सचिव विकास बड़ाईक, केंद्रीय सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष अनिल मेहर, केंद्रीय सदस्य गायत्री नन्दन मौर्य उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों ने जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक कि घटना का सीबीआई जांच के मांग को ले कर आजसू पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे आन्दोलन एवं 4 सूत्री मांग से सभी छात्र छात्राओं को अवगत कराया और छात्र हित एवं न्याय के इस आन्दोलन में सभी छात्र छात्राओं को भाग लेने के लिए अपील की गयी।

### सन्देहास्पद स्थिति में व्यक्ति का मौत ,पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम

**सिमडेगा।** सदर अस्पताल सिमडेगा में सोमवार को सन्देहास्पद स्थिति में एक व्यक्ति की मौत हो गई ,मृतक की पहचान बानो थाना क्षेत्र के जरा खेल बगीचा टोली निवासी अजय सिंदुरिया के रूप में हुई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अजय रविवार के शाम अपने घर में खाना खा रहा था इसी दौरान अचानक खाना उसके गले में फंसा और वह बेहोश हो गया ,परिवार वालों ने तत्काल उसे उठाकर इलाज के लिए बानो स्थित समुदाय के स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर उसकी स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया ,इधर सदर अस्पताल में डॉक्टर ने इलाज के क्रम में उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात मौत की असली कारणों पता चल सकेगा।

### सिमडेगा जिले में बढ़ रहे हैं जमीन विवाद से संबंधित मामले

सिमडेगा। जिले में जमीन विवाद के मामले थाना एंव प्रशासनिक अधिकारियों के पास आते रहते है। जिला मुख्यालय में डीसी के द्वारा सप्ताह में दो दिन जनता दरबार लगाया जाता है उसमें भी अधिकतर जमीन संबंधित मामला ही संज्ञान में लाया जाता है। हाल के दिनों में जमीन विवाद के कारण खून खराबा का मामला प्रकाश में नहीं आया है। जमीन विवाद में बहसा बहसी और गाली गलौज एवं हल्की मारपीट का मामला आते रहता है। जिले में जमीन संबंधित विवाद के कई मामले राजस्व कोर्ट में भी लंबित पड़ा है। अवैध जमाबंदी, गैरमजरुआ जमीन से संबंधित मामले कई वर्षो से लंबित है। अधिकारियों ने बताया कि खतियानी जमीन के सभी कागजात नहीं दिखाए जाने के कारण मामले निष्पादित नहीं हो पा रहे है। इधर बताया गया कि जिले में सरकार द्वारा निर्धारित समय 30 दिन के अंदर ही दाखिल खारिज का कार्य हो रहा है। इसके अलावे अपत्ति युक्त दाखिल खारिज के मामले निर्धारित समय 90 दिनों के अंदर निष्पादित हो रहे है। ऑनलाईन दाखिल खरिज प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद लंबित मामले के निष्पादन में तेजी आई है। शनिवार तक पूरे जिले में दाखिल खारिज से संबंधित मात्र 171 मामले ही लंबित है। जिसमें सभी लंबित मामले का निर्धारित समय पूर्ण नहीं हुआ है।

### प्रदूषण रोकने को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना

**कोडरमा।** झुमरी तिलैया, निज प्रतिनिधि । गझंडी रोड स्थित कोडरमा केमिकल प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों ने प्रदूषण समेत आठ सूत्री मांगों को लेकर रविवार को प्लांट के समीप एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना का नेतृत्व पंसस प्रतिनिधि राजेश यादव किया। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि प्लांट के कारण आसपास का जलस्त्रोत दूषित हो रहा है। इससे कई लोग व पशु बीमार पड़ रहे हैं। इसका विरोध करने पर झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि यह सांकेतिक धरना है। मांग नहीं माने जाने पर जिला समाहरणालय के समक्ष भी धरना दिया जायेगा। मौके पर आरागारो, चौराही, भोंडो, पुतो, सरदारोडीह, जौंगी, रघवाटांड समेत कई गांव के ग्रामीण शामिल थे।

### ग्रिजली कॉलेज के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीएड सत्र 23-25 के प्रशिक्षुओं ने ग्रिजली विद्यालय तिलैया डैम, ग्रिजली गर्ल्स हॉस्टल सह डी फार्मा कॉलेज उरवां और श्री कोडरमा गोशाला समिति झुमरी तिलैया का भ्रमण किया। कॉलेज की उपनिदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने गोशाला की साफ- सफाई में सहयोग के लिए गोशाला को उपहार स्वरूप कंप्रेशर वाटर प्रेशर पंप दिया। मौके पर प्रशिक्षु मो. सम्मीउल्ल, सदाकत इफ्तेकार, रवि,दिलीप आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस जिला सचिव के बेटे के निधन पर विधायक ने जताया शोक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव सह हेटमा पंचायत के पूर्व मुखिया विजय बेक के बेटे अंकुर बेक की सड़क दुर्घटना में निधन की सूचना पर सिमडेगा विधायक भूषण ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। घटना की सूचना पर सोमवार को विधायक रांची स्थित अस्पताल पहुंचे। साथ ही मृतक के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। विधायक ने इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ खड़ा रहने का भी भरोसा जताया। साथ ही अपने स्तर से हर संभव मदद करने की बात कही। विधायक ने कहा कि बेटे का निधन की खबर काफी दुखदाई है। इस दुख की घड़ी में मृतक के परिजनों को ईश्वर दुख सहने की शक्ति दे। इधर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी अंकुर बेक के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। साथ ही जोसिमा ने दिवंगत के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# मां बाघचंडी महोत्सव सह अखंड हरि कीर्तन के कलश यात्रा में भक्तों की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
प्रखंड अंतर्गत एडेगा पंचायत के कलहाटोली ग्राम में मां बाघचंडी वार्षिक महोत्सव सह तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन के मौके पर सोमवार को भव्य कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया कलश यात्रा देवनदी से जल भरकर कल्हाटोली स्थित मां बाघ चंडी मंदिर परिसर तक पहुंची।कलश यात्रा में 5100 महिलाएं शामिल हुए जिसमे कोलेबिरा, बानो जलडेगा, गुमला,पालकोट, बसिया कोनबीर क्षेत्र के लोग थे। कलश यात्रा की शुरूआत बाघचंडी की पुजारी पंचम सिंह,छत्रपति सिंह और उनके परिवार की अगुवाई में हजारों महिलाओं एवं पुरुष जय श्री राम,जय माता दी और मां की जयकारे के साथ देवनदी के उद्गम स्थल कुलातूपु देव नदी तट पहुंची जहां पर पुरोहितों और पंडित भरथू द्विवेदी और लखेश्वर पंडा द्वारा विधिवत रूप से वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश को संकल्प करा कर पूजा-अर्चना कराया गया। तत्पश्चात कलश में जल लेकर जय माता दी की जयकारे लगाते हुए बाघचंडी मंदिर तक वापस पहुचें। इस मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया जहां पर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । कलश यात्रा को सफल बनाने के लिए बजरंग दल, भाजपा मंडल कोलेबीरा, मेला समिति और आम ग्रामीणों के सहयोग रहा ।वहीं बाघ चंडी मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोलेबिरा थाना प्रभारी अंशु कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद दिखी। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी अनूप कच्छप, कोलेबिरा प्रमुख दूतामी हेमरोम, उप प्रमुख सुनीता देवी,बजरंग दल प्रखंड मंत्री धनंजय झा, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष कोलेबिरा अभिषेक प्रसाद, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष लचरागढ़ अंकित साहू, बजरंग दल अध्यक्ष सूरज साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार,चिंतामणि कुमार आदि दिखे।

### परिवहन विभाग ने 'रन फॉर सेफ्टी' कार्यक्रम का किया आयोजन

# सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना सभी का दायित्व : ओमप्रकाश यादव




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन केला घाघ मोड़ से परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम तक किया गया। जिले के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कॉलेज स्टुडेंट, मीडियाकर्मी, सामाजिक संस्थान तथा आम नागरिक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम केला घाघ मोड़ से शुरू होकर परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में समाप्त हुआ। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव ने कहा कि आज के समय में सभी का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है सड़क सुरक्षा नियमों तथा यातायात नियमों का पालन करना। सभी के सामुहिक प्रयास से ही दुर्घटना के आकड़ों को कम किया जा सकता है।इस दौरान मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसके अंतर्गत शहर के मेन रोड से अल्बर्ट एक्का स्टेडियम तक दौड़ लगाई गई. इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चौथा एवं पांचवां स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विधायक कोलेबिरा, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, एलआरडीसी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा हेलमेट पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। सभी को हेलमेट का प्रयोग कर गाड़ी चलाने हेतु निर्देश दिया गया। मौके पर विधायक कोलेबिरा नमन बिक्सल कोंगाडी, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, सहित अन्य पदाधिकारी गण एवं संसाद प्रतिनिधि उपेन्द्र श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा मो शामी आलम, विधायक प्रतिनिधि सिमडेगा संतोष कुमार सिंह व जिला परिवहन विभाग के कर्मी गण उपस्थित थे।

# जेवियर उत्सव का दूसरा दिन नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में जेवियर उत्सव का दूसरा दिन जिसमें की नुक्कड़ नाटक एवम् अन्य प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें की नाटक के माध्यम से डायन प्रथा के बारे में जागरूक किया गया तथा आज कल मोबाइल का उपयोग बच्चो के द्वारा बहुत ही ज्यादा किया जा रहा है ,इसी को देखते हुए नाटक के माध्यम से जागरूक किया गया। इस उत्सव में जीतने भी प्रतिभागी भाग लिये थे उनमें से जो भी विद्यार्थी सफल हुए है उन्हें कॉलेज के द्वारा सम्मानित किया जाएगा पहला दिन सफल विद्यार्थी में निबंध लेखन हिन्दी में प्रथम पुरस्कार- रोशन केरकेट्टा ,द्वितीय पुरस्कार प्रेरणा कुजूर , तृतीय पुरस्कार विनीता कुमारी अंग्रेजी में प्रथम पुरस्कार- प्रीति कुल्लू , द्वितीय पुरस्कार दिव्या बंसल ,तृतीय पुरस्कार स्वरूप श्रीवास्तव कविता लेखन हिन्दी में प्रथम पुरस्कार दिव्या बंसल आदि शामिल है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों व पुरस्कार वितरण के साथ श्री महेश एकेडमी का वार्षिक समारोह संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। डोमचांच**
स्थानीय श्री महेश एकेडमी में वार्षिक समारोह रविवार को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गया। इसके पूर्व भगवान शंकर, मां सरस्वती,संस्थापक महेश्वर प्रसाद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर और दीप प्रज्वलित की गयी। उद्घाटन रणजीत सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ शिक्षक मोहनलाल पांडेय, निदेशक सुनील कुमार सिन्हा, प्राचार्या रीना दाराद,शिक्षक- शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों,अभिभावकों का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत सत्यम शिवम सुंदरम स्वागत गान के साथ महीन परवीन,रुखसार परवीन ने किया। भाव नृत्य कोमल,खुशी,संजना,रूप ने पेश किया। अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षक मोहन लाल पांडेय और संचालन रणजीत सिंह,शिक्षक मुकुल कुमार ने किया। मुस्कान, ज्योति, सोनम, संगीता की प्रस्तुति तेरी चौखट पर चलकर.. राम आए हैं ने तालियां बटोरी। विभिन्न खेल स्पधाओं से संबंधित विजेता , उपविजेता, प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के साथ मौखिक क्विज,पिछले सत्र के विभिन्न वर्गों के पुरस्कार अतिथियों ने वितरित किया। बतौर विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य शांति प्रिया, चंद्रावती स्मारक हाई स्कूल के प्राचार्य विनोद कुमार मिश्रा,जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, अवकाश प्राप्त शिक्षक कामाख्या नारायण सिंह, अधिवक्ता पंकज कुमार अंबष्ठ, डॉ ईश्वर चन्द्र दास, केपीएसए अध्यक्ष विवेक इंद्रगुरु, सचिव शिव कुमार मेहता, सुरेंद्र प्रसाद सिंह,सुनील कुमार दास,सद्दाम हुसैन,रंजना इंद्रगुरु,पूनम सिंह, वीणा पटेल, समाजसेवी बसंत मेहता समेत नकुल पांडेय, संजय कुमार, रौशन कुमार, प्रणव प्रखर, सौरव कुमार, देवराज रौशन,सपना गुप्ता, निशा, श्वेता, संजय पासवान, सुबोध यादव और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पुल-पुलिया निर्माण में बरती जा रही लापरवाही को लेकर किया निरीक्षण

# अनियमितता किसी भी हाल पर बर्दाश्त नहीं : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
प्रधानमंत्री सड़क योजना में बन रही सड़क व पुल- पुलिया में बरती जा रही अनियमितता की खबर के बाद सोमवार को क्षेत्र के विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी एव ठेठईटांगर प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर जानकारी प्राप्त किया जिसमे मजदूरों को सरकारी मानक के अनुरूप मजदूरी नही दिए जाने की बात सामने आई। वही पानी का पटवन ठीक ढंग से नही किये जाने से गार्डवाल में आई दरार को देख विधायक भड़क गए। मौके पर मौजूद साईं कंट्रक्शन के कर्मी को फटकार लगाया और पानी का नियमित रूप से पटवन करने की बात कही। वहीं मरे हुए पत्थर को हटाकर बेहतरीन पत्थर का इस्तेमाल करने का हिदायत दिया। वही योजनस्थल में योजनापट्ट लगा नहीं पाया गया। इसके उपरांत विधायक ने कहा कि योजना का प्राक्कलन की मांग वे चीफ सेक्रेटरी से करने और उक्त कार्य का उच्चस्तरीय जांच कराने की बात कही। वही सड़क में डाले गए मोरम में भी बेहतर ढंग से पानी पटाने की हिदायत दिया। मौके पर विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि आम जनता के हित के लिए किए जाने वाले उक्त कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है, जिससे उक्त सड़क की आयु पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है। ऐसे में वे कार्यों में अनियमितता किसी भी हाल पर बर्दाश्त नही करेंगे और आवश्यकता हुई तो विधानसभा पटल पर भी मामले को उठाने से परहेज नही करेंगे।मौके पर विधायक प्रतिनिधि समी आलम, रावेल लकड़ा, अशफाक आलम, जमीर अहमद, मोहम्मद कारू, जमीर हसन, वहीद, वॉल्टर लुगुन, दुगन लुगुन,कासिफ आलम आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### अवैध माइका उत्खनन दो पर दर्ज हुई प्राथमिकी

**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के चरका पहाड़ व सदवा पहाड़ में अवैध माइका उत्खनन मामले में दो लोगो पर वन विभाग द्वारा प्राथमिकी दर्ज की गई है। ज्ञात हो कि अवैध उत्खनन को ले वन विभाग व गावां थाना पुलिस के द्वारा गत शनिवार को छापामारी अभियान चलाया गया था। छापामारी में 18 पीस जिलेटिन व एक पीस डेटोनेटर समेत माइका व खनन उपकरणों को जब्त किया गया था। मामले में दो लोगो पर कार्रवाई की गई है। गावां रेंजर अनिल कुमार ने कहा कि गोरियांचु निवासी राजेन्द्र राम व नीमाडीह निवासी अशोक यादव पर उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जबकि अवैध खनन में संलिप्त अन्य लोगो की भी पहचान की जा रही है। उनपर भी कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध शराब भट्ठियों को किया गया नष्ट



**गिरिडीह।** गावां पुलिस व वन विभाग के द्वारा अवैध महुआ शराब चुलाई के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। इस क्रम में सिजुवाई व राजोखार से सटे जंगलों में अवैध रूप से बनाए जा रहे शराब की भट्टियों को नष्ट किया गया। जब पुलिस वहां पहुँची तो शराब निर्माण का कार्य चल रहा था। वहीं दर्जनों ड्राम में महुआ को तैयार होने के लिए रखा गया था। पुलिस ने 8 हजार लीटर जावा महुआ, 20 टीना गुड़ व लगभग 40 लीटर तैयार शराब को नष्ट किया। पुलिस को आते देख धंधेबाज जंगल की तरफ भाग गए। वनपाल अमर विश्वकर्मा ने कहा कि अवैध भट्टियों को नष्ट कर दिया गया है। तथा जावा महुआ को भी नष्ट कर दिया गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### जमशेदपुर में बाइक चोर गिरोह के पांच युवक गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** साकची पुलिस ने शहर से चोरी 19 दोपहिया (बाइक व स्कूटी) के साथ पांच युवकों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार युवकों में गोलमुरी देवन बगान निवासी विशाल दास, टेल्को महानंद बस्ती निवासी रोनित दीप उर्फ पोलियो, बमार्माइंस कैरेज कॉलोनी निवासी राजन दास, बमार्माइंस ट्यूब गेट हरिजन बस्ती निवासी राजीव भगत और काशीडीह रोड नंबर एक बगान नंबर 3 निवासी शंभू पासवान शामिल हैं. गिरफ्तार युवकों की निशानदेही पर कुल 12 बाइक और सात स्कूटी बरामद की गयी है. जमशेदपुर सिटी एसपी मुकेश लुणायत ने साकची थाना में चोर गिरोह की जानकारी देते हुए बताया कि सरगना बमार्माइंस ट्यूब गेट हरिजन बस्ती निवासी राजीव भगत उर्फ आडू है. वह मास्टर चाबी के जरिये महज 30 सेकेंड में ही बाइक व स्कूटी का लॉक खोलकर उसे गायब कर देता था. चोरी करने के बाद विशाल दास और राजन दास के घर में दोपहिया खड़ी करते थे. यहां से वाहन को तीन से पांच हजार रुपये में बंधक में रख देते थे.

# पुलिस ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी करने वाले 9 साइबर अपराधियों को दबोचा

**25 मोबाइल, 28 सीम, 23 एटीएम,17 पासबुक, 4 पैन कार्ड, 13 आधार बरामद**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह पुलिस ने आपत्तिजनक सामग्रियों के साथ 9 साइबर अपराधियों को दबोचा है। सोमवार को पपरवाटांड कार्यालय में एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। बताया गया कि प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को सुचना प्राप्त हुई कि विभिन्न थाना क्षेत्र में कुछ अपराधी लोगों से ठगी कर रहें है। इसी के आधार पर टीम गठित कर डुमरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुमित प्रसाद के नेतृत्व में प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक कैलाश महतों, साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस निरिक्षक ज्ञान रंजन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक गौरव कुमार, सावन कुमार साहा, एएसआई संजय मुखियार,गजेन्द्र कुमार आरक्षी सौरभ सुमन, साकेत कुमार, जितेन्द्र नाथ महतो आदि के सहयोग से छापामारी करते हुए कुल 9 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से विभिन्न थाना क्षेत्र में छापामारी करते हुए कुल 09 साइबरअपराधी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में चन्दन , मोती कुमार साहा ,शैलेन्द्र कुमार सिंह ,अभिषेक कुमार मिश्रा , राजू मण्डल , विकास कुमार मण्डल ,मो० सिराज , सिकन्दर कुमार राय एवं दीपक कुमार शामिल हैं। इन लोगों के पास से 25 मोबाइल, 28 सीम, 23 ए०टी०एम० ,17 पासबुक, 4 पेन कार्ड, 13 आधार बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि ये यह सभी लोग वर्क फ्रॉम होम नौकरी का झांसा देकर ठगी करते थे। इसके आलावा ये लोग गुगल पर पंच किये हुए नम्बर पर कॉल करते हुए सेक्सटॉर्सन करने एवं स्कॉट स्पलायर बन कर पैसे की ठगी करते थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गिरिडीह में स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर त्रिदिवसीय जन्मोत्सव बड़े धूम धाम मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अभिनव कुमार ने महर्षि दयानंद की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण किया. इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा हवन का भी आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालयको संगीत शिक्षक के द्वारा संध्याकालीन भजन भी किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अभिनव कुमार ने कहा कि स्वामी दयानंद आधुनिक भारत के चिंतक व आर्य समाज के संस्थापक थे. उन्होंने स्वामी जी के जीवन से छात्र व छात्राओं को अवगत कराया. बताया कि वेदों के प्रचार के लिए मुंबई में आर्य समाज की स्थापना की थी. ह्ववेदों की ओर लौटो यह उनका ही प्रमुख नारा था. उन्होंने कर्म सिद्धांत, पुनर्जन्म तथा संन्यास को अपने दर्शन का स्तम्भ बनाया. उन्होंने ही सबसे पहले 1876 में स्वराज्य का नारा दिया. बाद में लोकमान्य तिलक ने इसे आगे बढ़ाया. महर्षि दयानद ने तत्कालीन समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों तथा अंधविश्वासों व पाखंडों का विरोध किया था।

## न्यूज बॉक्स

### रोटरी में आयोजित तीन दिवसीय ईएनटी शिविर आयोजित

**गिरिडीह।** रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह के द्वारा 10 फरवरी से 12 फरवरी तक तीन दिवसीय ईएनटी जांच और ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से गरीब व जरूरतमंदों नाक, कान गला का ऑपरेशन किया गया। उक्त जानकारी सोमवार को शहर के रोटरी आई हॉस्पिटल में कैंप आयोजित कर रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष मनीष तरवे, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता,सचिव आशीष तरवे, मीडिया प्रभारी विकास बसाईवाला के अलावे अभिषेक जैन, अमित तुलस्यान व अंसुल जैन ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय शिविर का आयोजन रोटरी आई हॉस्पिटल में किया गया। शिविर में कोलकाता से आने वाले डॉक्टर रंजन चौधरी के नेतृत्व में चार सदस्यीय चिकित्सको के द्वारा करीब साढ़े तीन सौ मरीजों की स्क्रीनिंग कर नाक, कान गला का ऑपरेशन किया। बताया की स्क्रीनिंग और ऑपरेशन की कोई उम्र सीमा तय नहीं की गई थी। बल्कि, जो लोग इन बीमारियों से पीड़ित हैं, उनका ऑपरेशन किया गया।

### जीवन में संत और बसंत की जरूरतः सुरेंद्र हरिदास

**धनबाद।** मनुष्य जीवन में संत और बसंत दोनों महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि जब बसंत आता है, तो संसार महक जाता है और जब संत आते हैं, तो जीवन महक जाता है। उक्त बातें कथावाचक सुरेंद्र हरिदास ने कहीं। वे नावाडीह स्थित शिव शक्ति मंदिर में रविवार को श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा का वाचन कर रहे थे। उन्होंने धर्म की विवेचना करते हुए बताया कि मनुष्य को धर्म को मानने और न मानने से पहले धर्म को जानना चाहिए। लोग अपनी-अपनी मर्जी के अनुसार धर्म का अर्थ निकालते हैं। जिसमें वे खुद को आरामदेह समझते हैं, उसको धर्म का नाम दे देते हैं। हमारे जीवन में जो अशांति है, वह इसी भूल-भूलैया के कारण है। सुरेंद्र हरिदास जी ने कथा का वृतांत सुनाते हुए कहा कि बिना साधना के भगवान का सानिध्य नहीं मिलता। द्वापर युग में गोपियों को भगवान श्री कृष्ण का सानिध्य इसलिए मिला, क्योंकि उन्होंने त्रेता युग में ऋषि-मुनि के जन्म में भगवान के सानिध्य की इच्छा को लेकर कठोर साधना की थी। शुद्ध भाव से की गई परमात्मा की भक्ति सभी सिद्धियों को देने वाली है। जितना समय हम इस दुनिया को देते हैं, उसका पांच प्रतिशत भी यदि भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लगाए तो भगवान की कृपा निश्चित मिलेगी।

### 15 से 22 तक कालका व जम्मूतवी सहित कई ट्रेनें नहीं आएंगी

**धनबाद।** धनबाद-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के बीच सोननगर यार्ड रिमॉडलिंग और सोननगर-अंकोरहा तृतीय लाइन की स्थापना के मद्देनजर 15 से 23 फरवरी के बीच कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। धनबाद से गया-सासाराम होकर चलने वाली ट्रेनों के रूट में बदलाव किया गया है। हावड़ा-कालका मेल, कोलकाता-जम्मूतवी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों को धनबाद की बजाए आसनसोल-झाझा-पटना होकर चलाने का निर्णय लिया गया है। इंटरलॉकिंग के कारण 16 से 23 फरवरी तक धनबाद और सासाराम से खुलने वाली 13305-13306 धनबाद-सासाराम-धनबाद इंटरसिटी सासाराम की जगह गया स्टेशन तक ही जाएगी। चिह्नित तिथियों को गया से ही ट्रेन को वापस धनबाद भेजा जाएगा। आसनसोल से 22 फरवरी को खुलने वाली 13553 आसनसोल-वाराणसी मेमू एक्सप्रेस धनबाद और सोननगर के बीच तीन घंटे नियंत्रित कर चलेंगी।

## सीओ को आवेदन देकर गरीबों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गावां थाना क्षेत्र के बाजपुर निवासी बिमला देवी द्वारा अपने पूरे परिवार के साथ अंचल कार्यालय आकर सीओ को ज्ञापन सौंपा। मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी एवं माले के प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित नागेश्वर यादव ने कहा कि बाजपुर के एक जमीन पर दलित परिवार पूर्वजों से रहते आ रहे हैं। बताया जा रहा कि भू स्वामी के द्वारा मजदूरी करने के एवज में इनके पूर्वज के द्वारा जमीन दिया गया था। जिसमे चार परिवारों के 15 से 16 सदस्य रहते है। अचानक रविवार को कोर्ट के आदेश के नाम पर जेसीबी से घर को गिराने की प्रक्रिया की जाने लगी। कहा कि घर को गिरा देने से सभी परिवार बेघर हो जाएंगे। उक्त परिवार काफी गरीब है व भूमिहीन भी है। कहा कि प्रशासन के लोग इस परिवार को रहने के लिए त्वरित कोई व्यवस्था करें।

### कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की

**धनबाद।** हाउसिंग कॉलोनी स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस की बैठक हुई। धनबाद लोकसभा चुनाव की तैयारी व संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा की गई। अध्यक्षता संतोष सिंह ने की। संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा असारी ने किया। संतोष सिंह ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा धनबाद में ऐतिहासिक रही। सफलता के लिए धनबाद के तमाम कार्यकर्ताओं का शुक्रिया अदा करता हूं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने धनबाद लोकसभा चुनाव के संभावित प्रत्याशियों की सूची सीलबंद लिफाफे में मांगी है। लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए धनबाद कांग्रेस कमेटी पूरी तरह से तैयार है। इस बार धनबाद में बदलाव के लिए जनता तैयार है। मौके पर मदन महतो, शमशेर आलम, अशोक सिंह, बबलू दास, अवधेश पासवान, नवीन पासवान, राम-रहीम, बनमाली गोप, भानु प्रताप चौधरी, प्रसाद निधि, सैफुद्दीन अंसारी, गौतम पासवान व सूरज वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## बिरनी : घर में आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर खाक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
बिरनी प्रखंड के बरमसिया पंचायत के टाटो में एक घर में आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख हो गया। बता दें कि टाटो निवासी पप्पू वर्मा पिता चुरामन महतो के घर में खाना बनाने के क्रम अचानक आग लग गई। जिसे बुझाते बुझाते पूरा घर को आग की लपेटा में ले लिया। जिससे घर में रखे अनाज चावल, गेहू, बिचाली घर समेत जल कर रख हो गया।। जिससे लगभग एक लाख रु का संपति जल गया।। वही भुगतभोगी पप्पु वर्मा ने बताया कि घर में महिला खाना बना रही थी कि अचानक घर में रखे बिचाली में आग पकड़ लिया। जिससे पूरा घर में आग की लपेटा में लिया। वही हो हल्ला करने पर सैकड़ों ग्रामीण के माध्यम से अगल बगल रखे सम्पति को बचा लिया गया। वही ग्रामीणों के माध्यम से फायर बिग्रेड को सूचना करने पर लगभग एक घंटे में पहुचा। तभी जा कर आग पर काबू पाया और अगल बगल के रखे संपति को सुरक्षित बचा लिया गया। वही ग्रामीणो ने कहा कि अगर फायर बिग्रेड बिरनी में होता तो इतना बड़ा नुकसान नहीं होता।

### बैठक में जाम की समस्या पर चर्चा

**धनबाद।** स्टील गेट के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में रविवार को सेवा दल चालक संघ की अध्यक्ष बबलू सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें मुख्य रूप से ऑटो और टोटो के रूट निर्धारण, ठहराव की व्यवस्था, अल्प ठहराव और जाम की समस्या पर चर्चा हुई। बताया गया कि टोटो का नो-पार्किंग में धड़ल्ले से परिचालन हो रहा है, जिससे आए दिन जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। सभी समस्याओं को लेकर निर्णय लिया गया कि जिला परिवहन पदाधिकारी से मिलकर वार्ता की जाएगी। मौके पर शंकर सोनार, टिंकू मोदी, निमाई दत्ता, इम्तियाज खान, नरेश, लक्ष्मण, अजय मोदी, कृष्णा यादव व प्रदीप मेहता सहित अन्य मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची**

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण शुद्धि सूचना**

एतद् द्वारा संवेदकों / कोटेशनदाताओं को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक-392(अनु०) दिनांक 01.02.2024 पी० आर० संख्या-317682(Building)2023-24D द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
PR 318715 Building(23-24)#D भवन प्रमण्डल संख्या-1, राँची


## उसरी नदी को बचाने के लिए निकाली जाएगी पदयात्रा

# कोर कमिटी के सदस्यों ने लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
उसरी नदी को स्वच्छ रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें सबसे पहले 25 फरवरी (दिन रविवार) को उसरी नदी को साफ रखने के लिए जनजागरण के लिए पदयात्रा निकाली जाएगी। यह निर्णय कोर कमिटी के सदस्यो ने मीटिंग में पास किया है। जिसमें कोर कमिटी के सभी लोग के साथ आम और खास लगेंगे। जल्द सभी प्रतिनिधियों को और सामाजिक संगठन को आमंत्रित किया जाएगा। संयोजक कमिटी के सदस्य राजेश सिन्हा, कुसुम सिन्हा, कृष्ण मुरारी शर्मा, सीमा देवी, आलोक मिश्रा आदि ने निर्णय लिया है। उसरी नदी के बालू में और तट पर में सभी दल के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठन, प्रशासन, पत्रकार की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में उसरी को साफ सुथरा रखने के लिए सैकड़ों की संख्या में बालू और उसरी के तट पर झंडा बैनर के साथ पद यात्रा करेंगे। पद यात्रा के बाद बालू पर ही बैठकर बड़ी सभा को करेंगे। जिसमें सभी दल के नेतृत्व कर्ता और सामाजिक संगठन के साथ आम और खास इस अभियान पर चर्चा करेंगे। संयोजक मंडली के कृष्ण मुरारी शर्मा, कुसुम सिन्हा ने कहा कि जिन्होंने भी इस सफल अभियान में साथ दिया है सभी को आमंत्रित किया जाएगा और सम्मानित भी किया जाएगा उनकी भूमिका की चर्चा भी की जायेगी। संयोजक कमिटी आलोक मिश्रा और सीमा देवी ने कहा कि उसरी बचाव अभियान में हजारों लोग पीछे से और सैकड़ों लोग सामने से मदद कर रहे है सभी को आभार। संघर्षों का नतीजा है कि अब लगभग दो करोड़ रुपया उसरी में छिलका डेम बनाने के लिए और अन्य बेहतर कार्य के लिए आया है। इस कार्य में सदर विधायक गिरिडीह, उपायुक्त गिरिडीह, सीसीएल जीएम की अहम भूमिका रही है। कोर कमिटी में सर्वसम्मति से संगीता सिन्हा को लिया गया है,दर्जनों और एक्टिभ नामो को जोड़ा जाएगा जो लगातार बैठक में भाग ले पा रहे है उनको एक्टिव किया जाएगा।

### तोपचांची में मुर्गा लदा पिकअप दुर्घटनाग्रस्त चालक की मौत

**धनबाद।** तोपचांची में मुर्गा लदी पिकअप वैन दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण पश्चिम बंगाल के पूर्वी वर्दमान के भातर पनवा गांव निवासी वैन चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। भाई शेख फर्ज अली ने रविवार की सुबह अपने मृतक भाई सागर शेख के शव की पहचान की। शेख फर्ज अली ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनका भाई पिकअप वैन पर मुर्गा लेकर पूर्वी वर्दमान से गया जा रहा था। तोपचांची थाना क्षेत्र में जीटी रोड पर किसी अज्ञात वाहन से भाई की पिकअप वैन की टक्कर हो गई। स्थानीय पुलिस ने घायल सागर शेख को एसएनएमएमसीएच पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**जलपथ प्रमण्डल सख्या-1 सिमडेगा।**
**आवश्यक सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(लरवा जलाशय योजना, जिला सिमडेगा से संबंधित)**

एतद् प्रेस विज्ञप्ति द्वारा प्रखंड-कोलेबिरा, जिला-सिमडेगा अंतर्गत लरवा जलाशय योजना से सिंचाई प्राप्त करने वाले किसानों को सूचित किया जाता है कि लरवा जलाशय योजना का मरम्मति एवं पी0सी0सी0 लाईनिंग कार्य का एकरारनामा हो चुका है जल्द ही कार्य प्रारम्भ होने वाला है। ऐसी स्थिति में योजना से निकलने वाले नहरों में खेती के लिए पानी छोड़ना सम्भव नहीं हो पायेगा।

अतः लरवा जलाशय योजना से लाभान्वित सभी किसानों से अनुरोध है कि संबंधित क्षेत्र में फसल अपनी सुविधा को देखते हुए लगायेंगे। कार्य हित में कार्य समाप्ति तक लरवा जलाशय योजना के नहरों से सिंचाई हेतु पानी छोड़ना सम्भव नहीं हो पायेगा।

कार्यपालक अभियन्ता
जलपथ प्रमण्डल सख्या-1 सिमडेगा।
PR 318709 Water Resource(23-24)D


## पालगंज में देवी भागवत ज्ञान महायज्ञ की निकाली गई भव्य कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
पीरटांड प्रखंड स्थित पालगंज में सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ ग्यारह दिवसीय श्री श्री 1008 श्रीमद देवी भागवत ज्ञान महायज्ञ सह आदि दुर्गा मंडप प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन शुरू किया गया। वाराणसी से आए पंडितो द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करवाया गया। साथ ही भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे के साथ 2100 महिलाओं व कुंवारी कन्याओं द्वारा कलश उठाया गया।जो पालगंज दुर्गा मंदिर से बराकर नदी तक गया। जहां से जल लेकर पालगंज के मंदिरों का भ्रमण करते हुए पुनः आदि दुर्गा मंदिर पहुँच कर कलश को यज्ञ स्थल पर रखा गया।इस भव्य कलश यात्रा में लगभग 10 हजार की संख्या में लोग जमा हुए थे। इस शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा धर्म की जय हो, अर्धम का नाश हो, दुर्गा माता की जय,जय श्री राम जैसे नारे लगाए जा रहे थे। गिरिडीह डुमरी मुख्य मार्ग कलश यात्रा के दौरान भगवा रंग से रंग गया था।सड़को पर कन्याओं के अलावा आसपास के दर्जनों गांव के भारी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे। कलश यात्रा में शामिल कन्याओं के लिए कठवारा में शरबत और पेयजल व प्रसाद की व्यवस्था की गई थी।पालगंज आदि दुर्गा मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य पूरा होने पर यह महायज्ञ का आयोजन किया गया है। दुर्गा मंडप के बगल में स्थित देवी मंडप एवं काली मंडप का भी जीर्णोद्धार किया गया।जहां माँ काली एवं माँ लक्ष्मी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी की जाएगी। यह यज्ञ 12 फरवरी से 22 फरवरी तक चलेगा। इस महायज्ञ के रंग में पालगंज समेत आसपास का कई गाँव रंग गया है। पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। एक ओर जहां मंदिर परिसर एवं यज्ञ मंडप को दुल्हन की तरह सजाया गया है। यज्ञ में अयोध्या के सत्यम पीठाधीश्वर नरहरि दास जी द्वारा प्रवचन किया जाएगा। जबकि वृंदावन धाम से आए कलाकारों द्वारा रासलीला का आयोजन किया जाएगा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में छात्र-छात्राओं को दी गयी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में सोमवार को कक्षा द्वादश विज्ञान एवं वाणिज्य के भैया-बहनों का स्नेह मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत दीक्षा समारोह संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर पुष्प अर्पित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज की बेला बच्चों की विदाई की नहीं बल्कि विद्यालय की ओर से दी जाने वाली अंतिम शिक्षा है।मेहनती एवं प्रतिभाशाली छात्रों को तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए।जीवन रूपी भवन की नींव विद्यालय ही होता है।नींव जितनी मजबूत होगी भवन उतना ही सुंदर और मजबूत बनेगा। शिक्षा का उद्देश्य महज मुकाम हासिल करना नहीं होता बल्कि समाज, राष्ट्र के लिए भी शिक्षा हासिल की जाती है।छात्र मजबूत होंगे तो राष्ट्र मजबूत होगा।मौके पर भैया बहनों ने अपनी यादों को साझा किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव सिन्हा अजीत मिश्रा अशोक ओझा श्रीप्रवीणजी निशा श्रेष्ठ अमित दुबे राजू मिश्रा मधु श्रेय का सराहनीय योगदान रहा।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा**
सर्किट हाउस सिमडेगा के पीछे, सिमडेगा, दूरभाष- 7209721521, ई-मेल- simdegafisheriesdfo@gmail.com

**"प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना" अन्तर्गत "मत्स्य सेवा केन्द्र" हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सिमडेगा जिले के मत्स्य कृषकों एवं मत्स्य पालकों को रोजगार के रूप में अपनाने हेतु सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत सरकार के मात्स्यिकी, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग के द्वारा नई योजना "प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना" अन्तर्गत सिमडेगा जिला को "मत्स्य सेवा केन्द्र" हेतु महिला कोटि (लक्ष्य-01) के विरूद्ध दिनांक-15.02.2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का मुख्य लक्ष्य मछली उत्पादन एवं उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि तकनीकी, आधारभूत संरचना तथा मात्स्यिकी प्रबंधन द्वारा आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत "मत्स्य सेवा केन्द्र" योजना लाभुक जनित है तथा इसमें केन्द्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त की राशि लाभुक अंशदान के रूप में लाभुक द्वारा स्वंय वहन किया जाना है :-

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | ईकाई (सं0) | ईकाई लागत (लाख में) | सरकार का अनुदानित राशि | | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | महिला कोटि हेतु | लाभुक का अंशदान | |
| 1 | मत्स्य सेवा केन्द्र (प्रसार एवं सहयोग सेवाएँ) | 01 | 25.00 | 15.00 | 10.00 | |

**Note :-** (1) लाभुकों को अपने आवेदन में अंकित परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रस्ताव (DPR) एवं भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र अपने खर्च पर बनवाकर जमा करना होगा।
(2) मात्स्यिकी में स्नातक या विज्ञान में स्नातक अर्हत्ता वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।

उक्त योजना के अन्तर्गत लाभ लेने हेतु सिमडेगा जिला के मात्स्यिकी से जुड़े कृषकों अथवा मात्स्यिकी से जुड़ने हेतु इच्छुक महिला कोटि के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा से आवेदन का प्रपत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।

**NOTE :-** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना केन्द्र प्रायोजित योजना है, जिसमें योजना की ईकाई लागत में लाभुक को अंशदान पूर्व में व्यय किया जाना है, उसके पश्चात् ही अनुदान की राशि भुगतान किया जाएगा। इसे हेतु आवेदक / लाभुक को शपथ-पत्र देना होगा कि अपना अंशदान लगाने में सक्षम हूँ। यह प्रारंभिक चरण है, जिसके अन्तर्गत योजना के इच्छित कार्य एवं लक्ष्य निर्धारण की कार्रवाई की जा रही है। योजना के प्रशासनिक अनुमोदन के पश्चात् ही इसे कार्यरूप दिया जाएगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा।
PR.NO.318639 Fish(23-24):D

**सुप्रभात**

**सकारात्मक विचार जैसे ही नकारात्मक विचार में परिवर्तित होते है वैसे ही व्यक्ति की हार की शुरूआत हो जाती हैं : अज्ञात**

# समान अधिकारों के लिए समान दृष्टि वाले कानून बनें

> **हिंदू कानून में किए गए सुधारों में मानवाधिकारों और समानता के सिद्धांतों की तरजीह दी गई। पर वोट बैंक खिसकने की स्वार्थी सोच के कारण दूसरी जगहों पर ऐसा नहीं हो सका और उन्हें बेहतरी के मौके से लगातार वंचित रखा गया।आधुनिक सोच का लाभ दूसरे मतावलंबियों को भी हासिल हो, इसके लिए अदालतें लगातार कोशिश करती रही हैं। मोहम्मद अहमद खान बनाम शाहबानो मामले (1985) में सुप्रीम कोर्ट ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह खेद का विषय है कि अनुच्छेद 44 में तय राज्य की जिम्मेदारी अब निर्जीव शब्द समूहों का संग्रह बनकर रह गई है।**

संविधान निमार्ताओं ने महसूस किया कि विवाह और भरण-पोषण से जुड़े मामलों का संबंध किसी पूजा-पद्धति से नहीं है, बल्कि इसका संबंध इंसानियत से है। निःसंतान व्यक्ति यदि किसी बच्चे को गोद लेकर अपनी वंश-परंपरा को आगे बढ़ाना चाहता है या उससे उसको सुरक्षा बोध का एहसास होता है, तो उससे किसी पूजा-पद्धति की अवमानना कैसे हो सकती है? यदि किसी कानून से किसी महिला को सामाजिक सुरक्षा मिलती है या पति से अलग होने या पति के नाराज होने के बाद उसे दर-बदर भटकने के बजाय गुजारे-भत्ते की व्यवस्था की जाती है, तो इसमें उसका धर्म कहां से आड़े आता है? महिला-पुरुष के वैवाहिक संबंधों में यदि समानता सुनिश्चित की जाती है, तो इससे किसी भी सभ्य समाज को शर्मिंदगी नहीं, अपितु गर्व होना चाहिए। आजादी के बाद हिंदू विधि में व्यापक परिवर्तन किए गए। हिंदू विवाह अधिनियम द्वारा बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाया गया। पति-पत्नी को विवाह-विच्छेद करके सम्मानपूर्वक एक-दूसरे से अलग रहने का अधिकार दिया गया। महिलाओं को भरण-पोषण का अधिकार दिया गया। पिता की संपत्ति में बेटियों को भी अधिकार देने की परंपरा शुरू हुई। संतान को गोद लेने के मामलों में भी पति के एकाधिकार को तोड़ते हुए महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश की गई। हिंदू कानून में किए गए सुधारों में मानवाधिकारों और समानता के सिद्धांतों की तरजीह दी गई। पर वोट बैंक खिसकने की स्वार्थी सोच के कारण दूसरी जगहों पर ऐसा नहीं हो सका और उन्हें बेहतरी के मौके से लगातार वंचित रखा गया।आधुनिक सोच का लाभ दूसरे मतावलंबियों को भी हासिल हो, इसके लिए अदालतें लगातार कोशिश करती रही हैं। मोहम्मद अहमद खान बनाम शाहबानो मामले (1985) में सुप्रीम कोर्ट ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह खेद का विषय है कि अनुच्छेद 44 में तय राज्य की जिम्मेदारी अब निर्जीव शब्द समूहों का संग्रह बनकर रह गई है। अदालत ने कहा कि मुस्लिम समाज को इस मामले में पहल करने की जरूरत है, ताकि प्रगति की दौड़ में वे दूसरों से पीछे न रहें। हैरानी की बात यह है कि शाहबानो के जिस मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट ने लोगों से आगे बढ़ने की पहल का आह्वान किया, उसके दुष्प्रचार ने समान नागरिक कानून की पहल को सबसे मर्मांतक चोट पहुंचाई। उसके बाद सरला मुद्गल तथा लिली थॉमस जैसे कई प्रकरणों में सर्वोच्च न्यायालय ने समान नागरिक कानून के नहीं होने के दोषों को उजागर करते हुए इसका तुरंत क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। वैवाहिक मामलों में वैयक्तिक विधि के दुरुपयोग से विचलित होकर अदालत ने कहा कि अब तो इसका दुरुपयोग कानून को धोखा देने के लिए होने लगा है। जब वैवाहिक साथी से छुटकारा पाना हो, तो कुछ समय के लिए अपना धर्म बदलकर दूसरी शादी कर ली, क्योंकि दूसरे धर्म से जुड़े कानून में उसे मान्यता दी गई है। उसके बाद अपनी मर्जी से तलाक देकर उस महिला से छुटकारा पा लिया, क्योंकि उस धर्म का कानून इसकी इजाजत देता है।

इन दिनों

# जीवन शैली में सुधार लाकर ह्रदयाघात जैसी बीमारी से बचें



विजय केसरी

***स्वस्थ*** रहने के लिए इस स्लोगन को आत्मसात कर लें, आपके जीवन की दिशा और दशा ही बदल जायेगी। दिल का ख्याल रखें,.. ता उम्र दिल आपका ख्याल रखेगा। दिल आपका है। इसे कभी टूटने ना दीजिए? नाराज ना होने दीजिए ? परेशान न होने दीजिए। दिल को जो स्वस्थ खुराक चाहिए, वही दें। दिल के अनुकूल कार्य कीजिए। अर्थात दिल का ख्याल दिल से करें। दिल को स्वस्थ रखने के लिए खानपान की शुद्धता, शारीरिक व्यायाम और सक्रियता बहुत जरूरी है। दिखावे की जिंदगी से दूर रहिए, जो आपके पास है , उसी में संतुष्ट रहने का प्रयास कीजिए। दूसरे के धन को देखकर अकारण परेशान नहीं हों । सहज सरल और मधुर बनने का प्रयास कीजिए । आपकी सहजता और सरलता से आपका दिल मजबूत होगा। विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं को अनुकूल बना कर रखें। इमानदारी पूर्वक जीवन जीएं। नैतिकवान बने। इससे आप तनाव से दूर रहेंगे। आप जितना तनाव से दूर रहेंगे, आपका दिन उतना ही दुरुस्त रहेगा। आज की बदली परिस्थिति और भागम भाग भरी जिंदगी के संदर्भ में कुछ बातें रख रहा हूं। शायद ये बातें आपके मन मस्तिष्क को दिल का ख्याल रखने के लिए कुछ प्रेरित कर सकें। आज की भागम भाग भरी जिंदगी में जितनी भी कोशिश कर लें, तनाव बन ही जाता है। बाद में यही तलाव कई मानसिक बीमारियों के साथ ह्रदयाघात जैसी बीमारी के रूप में तब्दील हो जाती है। हम सबों को अपने ह्रदय के संबंध में जरूर जानना चाहिए। अपने ह्रदय को विपरीत परिस्थितियों में कैसे बेहतर बनाकर रखें ? ह्रदय की बीमारियों से कैसे बचें ? यह जानना जरूरी हो जाता है। झारखंड प्रांत, रांची के जाने-माने ह्रदय रोग विशेषज्ञ दीपक गुप्ता ने ह्रदय संबंधी उत्पन्न होने वाले विकारों पर कहा कि जीवन शैली में सुधार लाकर ह्रदयाघात जैसी बीमारी से बहुत हद तक बचा जा सकता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि पहले यह बीमारी 50 से 60 वर्ष के लोगों में पाई जाती थी। लेकिन बाद के दिनों में 35 से 40 वर्ष के उम्र के लोगों में भी पाई जाने लगी। अब तो यह बीमारी 30 वर्ष के उम्र के लोगों में भी पाई जा रही है। यह सभी जानते हैं कि कई बार ह्रदयघात जैसी बीमारी व्यक्ति की जीवन लीला ही समाप्त कर देती है। आज युवाओं को यह बीमारी अपनी चपेट में ले रही है। अचानक ह्रदयाघात जैसी बीमारी चपेट में ले लेने से संपूर्ण विश्व के सामने एक बड़ी समस्या आ खड़ी हुई है। विश्व भर के विज्ञानिक इसके कारण की खोज और निवारण में लगे हैं। जहां तक मेरी जानकारी है। मैं यह बताना चाहता हूं कि अगर युवाओं को ह्रदयाघात जैसी बीमारी से बचना है, तो समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराएं। खान पान पर विशेष ध्यान दें। नियमित रूप से व्यायाम करें और टहलें। आज हर व्यक्ति की जीवन शैली किसी न किसी उलझनो और परेशानियों जुड़ी हुई है। तनाव का होना लाजमी है। यह व्यक्ति की सोच पर निर्भर करता है कि वह तनाव को किस रूप में लेता है? जहां तक मेरी जानकारी है कि व्यक्ति अपने जीवन शैली में सुधार लाकर ह्रदयाघात जैसी बीमारी से बच सकता है । नियमित रूप से व्यायाम को अपने जीवन शैली का हिस्सा बनावें। व्यायाम करें। ट्रेडमिल करें । व्यक्ति की शारीरिक गतिविधि 4 किलोमीटर तेज टहलने के बराबर हो। साथ ही खानपान में चार सफेद चीजों से दूरी बनाएं । चीनी, सफेद चावल, आलू और मैदा का उपयोग जितना कम से कम हो करें। अगर डायबिटीज है,तो इन चीजों का बिल्कुल ही प्रयोग ना करें । प्रत्येक दिन केवल 15 मिलीमीटर तेल का ही उपयोग करें । साथ ही यह भी ध्यान रखें कि जमने वाली वसा यानी वनस्पति, घी अथवा मक्खन से जितना हो सके बचने का प्रयास करें। हर 6 महीने में खाने पीने वाला तेल बदलें। पोषक और संतुलित आहार लें। आज लोगों का वजन दिन-ब-दिन बढ़ता चला जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण व्यक्ति का खानपान है। अपने खानपान में सुधार रखें। यह ध्यान रखें कि आपका वजन ना बढे। ऐसे व्यक्ति के गलत आदतों के कारण ह्रदयाघात जैसी बीमारी अपनी गिरफ्त में आई ले लेती है। इसलिए जरूरी है कि धूम्रपान से जितना संभव हो सके बचें। धूम्रपान ह्रदयाघात जैसी बीमारी का एक बड़ा कारण है। भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा धूम्रपान ना करने की हिदायत बार-बार दी जाती है। इसके बावजूद लोग धूम्रपान करते हैं। मैं धूम्रपान करने वालों से निवेदन करना चाहता हूं कि जितना संभव हो सके धूम्रपान से बचें। अल्कोहल भी आपकी सेहत के लिए अच्छी पेय पदार्थ नहीं है। इससे भी दूरी बनाएं। तंबाकू के सेवन से बचें । ये तीनों ऐसी चीजें हैं, जिनसे आप इतनी दूरी बना कर रखेंगे, आपका ह्रदय उतना तंदुरुस्त रहेगा। अगर आपको ह्रदय संबंधी कोई विकार महसूस होता है तो आप तुरंत किसी ह्रदय रोग विशेषज्ञ से जांच करवा लें। अन्यथा आपके मन में अकारण डर बना रहेगा। इसलिए समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का जांच जरूर कराएं। मैं यह कहना चाहता हूं कि ह्रदयाघात अकस्मात मृत्यु का प्रमुख कारण है। कोरोनरी आर्टरी ( धमनी) में ब्लॉकेज । इसकी वजह से हार्ट अटैक और अकस्मात मृत्यु का खतरा 20 फीसदी होता है। व्यायाम करते समय, ट्रेडमिल पर दौड़ते वक्त अथवा फिर तनाव की स्थिति में भी ह्रदय घात हो सकता है। कई बार यह भी सुनने को मिला है कि कोई 30 वर्ष का व्यक्ति कसरत कर रहा था और उसकी ट्रेडमिल पर ही मृत्यु हो गई। इसका मतलब है कि उस व्यक्ति को पहले से कोई न कोई परेशानी रही होगी। जिसका उसे पता नहीं चला । कुछ मामलों में ऐसा भी होता है कि व्यक्ति रात को हंसते खेलते सोया और सुबह उठा ही नहीं। यह सब ह्रदय की बीमारी के कारण होते हैं । इसलिए शरीर में किसी भी तरह की परेशानी हो तो एक बार चिकित्सक से मिलकर अपने शरीर का स्वास्थ्य जांच जरूर करा लें। समय रहते जांच हो जाने और बीमारी का पता चल जाने से इस बीमारी कख इलाज संभव है। कई लोग मेरे पास बीमारी के जन्म लेते ही पहुंच जाते हैं । समय पर उसकी बीमारी का इलाज हो जाता है। वे पूर्ण स्वस्थ हो जाते हैं। इसलिए समय-समय पर जांच आपके स्वास्थ्य की जांच बहुत ही जरूरी है। मैं यहां यह बताना चाहता हूं कि पश्चिमी देशों की तुलना में भारत में दिल संबंधी बीमारियों अधिक इसलिए है कि हमारी जीवन शैली मैं कहीं ना कहीं कुछ कमी है। भारत में 10 से 12 फीसदी लोग ह्रदय रोगों से ग्रसित है। जबकि अमेरिका जैसे देशों में यह दर 4 से 5 फीसदी है। अध्ययन बताते हैं कि अमेरिका के मुकाबले हमारे देश में 10 साल कम उम्र में ही ह्रदय रोग हो जाता है। यह अच्छा संकेत नहीं है। लेकिन इससे बिल्कुल भी घबराने की जरूरत नहीं है। समय पर जांच और जीवनशैली में सुधार कर इन तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है। 'विश्व ह्रदय दिवस' पर मैं विशेष रूप से यह कहना चाहता हूं कि अगर ह्रदयाघात या उससे जुड़ी साइलेंट बीमारियों से बचना चाहते हैं? तो इसके लिए एक एकजेक्टिव हेल्थ चेक की प्रक्रिया होती है। हम यही सुझाव देते हैं कि 30 वर्ष की उम्र में यह टेस्ट करवा लेना चाहिए।



> **आपकी सहजता और सरलता से आपका दिल मजबूत होगा। विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं को अनुकूल बना कर रखें। इमानदारी पूर्वक जीवन जीएं। नैतिकवान बने। इससे आप तनाव से दूर रहेंगे। आप जितना तनाव से दूर रहेंगे, आपका दिन उतना ही दुरुस्त रहेगा। आज की बदली परिस्थिति और भागम भाग भरी जिंदगी के संदर्भ में कुछ बातें रख रहा हूं। शायद ये बातें आपके मन मस्तिष्क को दिल का ख्याल रखने के लिए कुछ प्रेरित कर सकें। आज की भागम भाग भरी जिंदगी में जितनी भी कोशिश कर लें, तनाव बन ही जाता है।**

## आपकी बात

### राम पर नया नजरिया संतुलित लेख



विजय केसरी

'राष्ट्रीय नवीन मेल' इंडिया स्तंभ में प्रकाशित आपके आलेख पर मेरी प्रतिक्रिया :- आज आपने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम पर एक उत्कृष्ट आलेख आपने प्रस्तुत किया है। भगवान राम क्या हैं? उनके आदर्श क्या हैं? राम राज्य क्या है ? इस पर आपने तो विस्तार से चर्चा की है। आगे अपने दर्ज किया है कि हिंदी के मर्मज्ञ विद्वान सह रामचरितमानस के शोधकर्ता फादर कामिल बुल्के ने अपना संपूर्ण जीवन रामचरितमानस को समर्पित कर दिया था। उन्होंने देश-विदेश में प्रचलित रामायण की खोज कर एक वृहद रामायण को प्रस्तुत किया था।

आपने प्रस्तुत किया है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी,.. हे राम ! कहकर इस दुनिया से विदा हुए थे। गांधी के सुबह और शाम के भजन में राम शामिल थे। उन्होंने राम राज्य की जो बात कही थी। क्या आज देश उस और बढ़ता दिखाई दे रहा है ? इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। जहां राम हैं,वहां तकरार नहीं है ।
जहां राम हैं ,वहां अशांति नहीं है।
जहां राम हैं ,वहां शांति है।
जहां राम हैं ,वहां त्याग है।
जहां राम हैं, वहां मित्रता है ।
जहां राम हैं, भ्राता प्रेम है।
जहां राम हैं, वहां वसुधैव कुटुंबकम है।
जहां राम हैं, वहां प्रेम है।
करोड़ों सनातनियों के श्रद्धेय भगवान राम के जीवन चरित्र से सबक लेने की जरूरत है। राम के खिलाफ बोलने वाले इस आलेख को जरूर पढ़ें। संभवत उन्हें एक नई द्दष्टि मिल पायेगी। एक उत्कृष्ट आलेख के लिए, वरिष्ठ पत्रकार भाई सुनील बादल जी, को ह्रदय से साधुवाद।।

**– हजारीबाग**

### बदलते मौसम से परेशानी

जिले में एक सप्ताह से अधिक समय से जारी तापमान पर उतार-चढ़ाव नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। इससे वायरल फीवर, सर्दी-खांसी आदि संक्रामक बीमारियों तेजी से प्रसार कर रही हैं। आसमान में उमड़-घुमड़ कर रहे बादलों के कारण समस्या और भी बढ़ गयी है। अनियमित तापमान के साथ सामंजस्य नहीं बन पाने के कारण इस समय शहरों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी वायरल फीवर पूरी तरह से अपना पांव पसार चुकी है। **– अमित कुमार, मेदिनीनगर**

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

प्रेरणा


# स्वतंत्रता आंदोलन में थी सरोजनी नायडू की अहम भूमिका



योगेश कु. गोयल

> **13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरूआत की गई थी।**

***आजादी*** के राष्ट्रीय आन्दोलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाली स्वतंत्रता सेनानियों में 'नाइटिंगेल ऑफ इंडिया' तथा 'भारत कोकिला' के नाम से विख्यात प्रख्यात कवयित्री और देश के सर्वोत्तम राष्ट्रीय नेताओं में से एक सरोजिनी नायडू का नाम सदैव आदर के साथ स्मरण किया जाता है। उनके नाम का जिक्र होते ही एक ऐसी महिला की छवि उभर कर सामने आती है, जिन्हें कई भाषाओं में महारत हासिल थी और जिनकी लिखी कविताएं हर ओर धूम मचाती थी। उन्हीं के सम्मान में उनके जन्म दिवस 13 फरवरी को अब प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय महिला दिवस' के रूप में मनाया जाता है। 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में एक बंगाली परिवार में जन्मी सरोजिनी नायडू की 135वीं जयंती के अवसर पर 13 फरवरी 2014 से देश में राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की शुरूआत की गई थी और आज समूचा देश उनकी 145वीं जयंती मना रहा है। सरोजिनी नायडू के पिता अघोरनाथ चट्टोपाध्याय एक रसायन वैज्ञानिक और निजाम कॉलेज के संस्थापक थे जबकि उनकी माता वरदा सुंदरी बंगाली कवयित्री थी। सरोजिनी के पिता चाहते थे कि उनकी बेटी भी उन्हीं की भांति महान वैज्ञानिक बने लेकिन सरोजिनी को कविताओं से अगाध प्रेम था, जिसे वह कभी त्याग नहीं सकी। वह बचपन से ही पढ़ाई-लिखाई में बहुत तेज थी और उन्होंने केवल 12 वर्ष की आयु में ही मद्रास यूनिवर्सिटी से मैट्रिक की परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया था तथा केवल 13 वर्ष की आयु में ही 1300 पदों की 'लेडी ऑफ द लेक' नामक पहली लंबी कविता और करीब 2000 पंक्तियों का अपना पहला विस्तृत नाटक लिखकर अंग्रेजी तथा अन्य भाषाओं पर अपनी पकड़ का परिचय दिया था। पढ़ाई के साथ-साथ वह कविताएं भी लिखती थी और उनका पहला कविता संग्रह 'द गोल्डन थ्रैशहोल्ड' 1905 में प्रकाशित हुआ, जो आज भी पाठकों के बीच बेहद लोकप्रिय है। अत्यंत मधुर स्वर में अपनी कविताओं का पाठ करने के कारण उन्हें 'भारत कोकिला' कहा जाता था। उन्हें 'शब्दों की जादूगरनी' के नाम से भी जाना जाता था।



**बोधि वृक्ष**

## एलोरा का भव्य कैलाश मंदिर

जैसे ही कोई इस मंडप से दूसरे मंडप में जाता है, इनका आकार, आयतन और स्थान छोटा और प्रकाश मंद होने लगता है, जो विकर्षणों के कम होने और एक व्यक्ति के दूसरे लोक के निकट जाने का प्रतीक है। **मंडप के भीतर :** कहा जाता है कि मुख्य मंदिर की ओर जाने वाली सीढ़ियों की चढ़ाई प्रतीकात्मक रूप से स्वर्ग की ओर बढ़ना दर्शाती है, और इसका लंबा, नुकीला शिखर स्वर्गीय क्षेत्र के एक विकल्प का कार्य करता है।

**जुड़े हुए मंडप :** मुख्य मंदिर की ओर ले जाने वाली सीढ़ियाँ एक-दूसरे को मजबूत करते एवं एक-दूसरे के अस्तित्व को आपसी वैधता प्रदान करते विपरीत तत्वों का साथ में होना, एक अन्य सिद्धांत है जिसका, कुछ शिक्षाविदों के हिसाब से, यह मंदिर परिसर एक उदाहरण है। इसका प्रमाण इससे मिलता है कि जो गुफाएँ सम्पूर्ण रूप से अंधेरी हैं, उनमें मंडप से छनकर आती हल्की सी रोशनी भी आसानी से देखी और महसूस की जा सकती है। परिसर के जटिल नक्काशीदार हिस्सों को बिना नक्काशी की चट्टानें अर्थ प्रदान करती हैं। एक अन्य दावे के अनुसार मुख्य मंदिर में रखा शिव लिंग, पुरुष और प्रकृति (या विनाश और निर्माण) जैसे विरोधी तत्वों के संलयन का प्रतीक है।

**शिवलिंग की पूजा करते श्रद्धालु :** इस परिसर पर शंकर के अद्वैत दर्शन के प्रभाव का भी अध्ययन किया गया है, जहाँ एक भगवान, मंदिर और भक्त को एक चट्टानी पहाड़ी में उकेरा गया है। यह ज्ञान और भक्ति का एक अद्वैतवादी सामंजस्य दर्शाता है। आत्मन, मानव-आत्मा का मूलभूत घटक, व्यक्ति का सार या चेतन ऊर्जा, को अपने आप में स्वतंत्र और पूर्ण माना जाता है, जबकि यह ब्रह्मांड की भव्य योजना ब्रह्म का भी एक घटक है जो एक अपरिवर्तनीय सार्वभौमिक आत्मा या चेतना के रूप में ब्रह्मांड की सभी चीजों का आधार है। **( क्रमशः )**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




# रेडियो की खनक सदैव रहेगी बरकरार?



डॉ. रमेश ठाकुर

> **इस बार की थीम 'सूचना देने, मनोरंजन करने और शिक्षित करने वाली एक सदी' रखी गई है जिसका उद्देश्य रेडियो के उल्लेखनीय अतीत, प्रासंगिक वर्तमान और गतिशील भविष्य पर व्यापक प्रकाश डालना है।**

***इसमें*** दो राय नहीं कि सूचना-मनोरंजन की पारंपरिक उपाधि सदैव रेडियो के हिस्से ही रहेगी। आज का दिन रेडियो के लिए खास है। क्योंकि समूचा संसार आज 'विश्व रेडियो दिवस' मना रहा है। रेडियो की अहमियत मानव जीवन से कितना वास्ता रखती है, जिसका अंदाज मौजूदा वर्ष-2024 की थीम से लगा सकते हैं। इस बार की थीम 'सूचना देने, मनोरंजन करने और शिक्षित करने वाली एक सदी' रखी गई है जिसका उद्देश्य रेडियो के उल्लेखनीय अतीत, प्रासंगिक वर्तमान और गतिशील भविष्य पर व्यापक प्रकाश डालना। ये सच है कि सूचना यो मनोरंजन विधाओं में चाहे कितने ही साधन क्यों न उपलब्ध जाएं। पर, रेडियो की अहमियत और उसकी प्रासंगिकता कभी भी कम नहीं होगी। विश्व रेडियो दिवस सालाना 13 फरवरी को मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है, जिसे यूनेस्को ने अपने 36 वें वार्षिक सम्मेलन से मनाने का निर्णय लिया था। 13 फरवरी ही वह तारीख थी जो 1946 में अमेरिका में पहली बार रेडियो ट्रांसमिशन से संदेश भेजा गया था और संयुक्त राष्ट्र रेडियो की शुरूआत हुई। इसलिए संयुक्त राष्ट्र रेडियो की वर्षगांठ के दिन से ही वर्ल्ड रेडियो डे मनाने का चलन आरंभ हुआ। विश्व के ऐसे कई छोटे मुल्क जो अब भी काफी पिछड़े हुए हैं, वो सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिहाज से आधुनिक युग में भी रेडियो पर ही निर्भर हैं। भारत में भी आजादी के कुछ दशकों तक संचार का प्रमुख जरिया रेडियो ही रहा। 80 के दशक से पूर्व जनमानस के बचपन का सीधा वास्ता भी रेडियो से ही होता था! संचार के विभिन्न आयाम जैसे, गाना, समाचार, स्वर चित्रहार, अच्छी-बुरी सभी सूचनाएं रेडियो से ही मिलती थीं। लाइव मैच की कमेंट्री हो, या सरकारी कामकाज, खेतिबाड़ी, रोजगार आदि की जानकारी का भी एक मात्र साधन रेडियो ही होता था। नब्बे के दशक के बाद जैसे ही देश ने बदलाव की अंगड़ाई ली, उसके बाद बहुत कुछ पीछे छूट गया, काफी कुछ बदला. हालांकि उससे कुछ समय पहले 'ब्लैक एंड बाईट' टीवी ने दस्तक दे दी थी।

**टेक वर्ल्ड**

## भूलकर भी न करें यह गलतियां

**फोन को ओवरचार्ज करने से बचें**
अक्सर लोग अपने फोन को चार्ज में लगा कर भूल जाते हैं और कई बार तो फोन रात रात भर चार्जिंग में लगा रहता है। ऐसे में फोन ओवरहिट हो सकता है और ब्लास्ट की संभावना बन सकती है। अगर आप अपने फोन का बेहतर यूज करना चाहते हो तो कभी भी फोन की बैटरी को 100% की बजाय 90% पर ही चार्जर से निकाल दें।



**लोकल रिपेयर शॉप पर अपने फोन की मरम्मत न करवाए :** अक्सर हमारा फोन खराब होता है तो हम अपने आसपास लोकल रिपेयर शॉप पर जाकर फोन मरम्मत करवाने लग जाते हैं। हमें ऐसा करने से बचना चाहिए और ऑथराइज सर्विस सेंटर पर जाकर अपने फोन को ठीक करना चाहिए, क्योंकि यहां पर फोन के लिए सही उपकरण इस्तेमाल किए जाते हैं ना कि डुप्लीकेट और अनऑथराइज्ड।

**चार्ज करते समय फोन को हीट वाले जगह पर ना रखें :** जब भी आप अपने फोन को चार्ज में लगाएं तो ध्यान रखें कि आपका चार्जर और फोन कहीं ऐसी जगह पर तो नहीं है, जहां पर नॉर्मल से ज्यादा गर्मी हो या सीधे धूप आ रही हो! ऐसा करने से आपको बचना चाहिए वरना आपका फोन तेजी से गर्म होने लगेगा। उम्मीद हैं आप इन निदेशों को ध्यान में रखेंगे और सुरक्षित तरीके से फोन का इस्तेमाल कर पाएंगे।

**(समाप्त)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिहार में राजद के तीन विधायकों ने बदला पाला, भड़के तेजस्वी

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा में एनडीए सरकार के विश्वास मत पर चर्चा के दौरान सदन का दृश्य बदला नजर आया। राजद के तीन विधायक सत्ता पक्ष की ओर बैठे दिखे। राजद के विधायक चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव सदन पहुंचे और सत्ता पक्ष की ओर आकर बैठ गए। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के विधानसभा में विश्वास मत पर चर्चा में भाग लेते हुए राजद के नेता तेजस्वी यादव ने विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा कि समय आएगा तो तेजस्वी आएगा। तेजस्वी ने पूर्व सांसद आनंद मोहन के पुत्र और विधायक चेतन आनंद को छोटा भाई बताते हुए कहा कि जब किसी ने कुछ नहीं किया तो हमने टिकट देकर इन्हें जिताने का काम किया। उनके पिता के नहीं, चेतन के काम पर दिया। बिहार को आगे



ले जाने के लिए हम युवाओं को आगे करते हैं।

उन्होंने कहा कि हमको पता है कि आपकी क्या-क्या मजबूरी है। ये कोई नई बात नहीं है, बहुत दिनों से पीड़ित हैं और इस पीड़ा में ये कहीं भी रहें, हम इनके साथ हैं। उन्होंने पूर्व विधायक अनंत सिंह की पत्नी और राजद विधायक नीलम देवी के पाला बदलने पर कहा कि हम उनके निर्णय का स्वागत करते हैं। बात बने या न बने, बाद में हमको याद जरूर कीजियेगा।

उन्होंने सदन में प्रह्लाद यादव के पाला बदलने पर कहा कि हमारे सबसे बुजुर्ग प्रह्लाद यादव हम आपका धन्यवाद करते हैं कि आपने इतने दिनों तक हमारी पार्टी का झंडा उठाए रखा। आप स्वस्थ रहिए। मैं सरकार और मुख्यमंत्री से निवेदन करूंगा कि आपकी उन लोगों से जो भी बात हुई है, उसे वो जरूर पूरा करें।

## बिहार विधानसभा स्पीकर अवध बिहारी ने छोड़ी कुर्सी

**पटना।** बिहार विधानसभा में एनडीए सरकार को सोमवार को विश्वास प्राप्त करना है। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने आसन छोड़ दिया। इससे पहले भाजपा के सदस्य नंद किशोर यादव ने सदन में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। इस अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में 38 से अधिक विधायक खड़े हुए। इसके बाद अध्यक्ष चौधरी अध्यक्ष पद से हट गए। उन्होंने इस मौके पर सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जब तक इस पद पर रहे बिना किसी भेदभाव के नियमावली से सदन का संचालन किया। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ों का खेल है।

## बागी हुए जदयू विधायक को जिला प्रशासन ने किया नजरबंद



**नवादा।** जदयू के बागी विधायक डॉ संजीव कुमार को नवादा जिला प्रशासन के द्वारा सोमवार को नजरबंद किया गया। राजद कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी मिलते ही वन विभाग कार्यालय के चारों ओर घेर कर जमकर नीतीश कुमार मुदार्बाद आदि के नारे लगाए गए। वहीं पूर्व एमएलसी प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज पटना स्थित विधानसभा में सरकार की स्थिरता को लेकर फ्लोर टेस्ट है। ऐसे में नीतीश कुमार के निदेर्शानुसार खगड़िया जिले के परबत्ता विधानसभा के विधायक डॉ संजीव कुमार को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, रजौली एसडीओ, रजौली एसडीपीओ एवं कई थाना के पुलिस बलों के सहयोग से नजरबंद कर वन विभाग के कैम्पस में रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि परबत्ता विधायक रांची से पटना जा रहे थे। इसी बीच समेकित जांच चौकी से पुलिस बलों ने सोमवार की सुबह ही विधायक को रोक लिया। वन विभाग स्थित रेस्ट हाउस में विधायक से किसी कार्यकर्ता अथवा पत्रकारों को भी नहीं मिलने दिया गया। वहीं राजद कार्यकताओं के जमावड़े को देखते हुए सुबह के लगभग नौ बजे विधायक को पुलिस एवं प्रशासन द्वारा पटना ले जाया जा रहा है।

### आपराधिक अपीलों में देरी को कम करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश

# ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी तुरंत मंगाने की प्रथा पर जोर दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने किसी आपराधिक मामले में दोषसिद्धि या दोषमुक्ति के न्यायिक निर्धारण में देरी को कम करने के लिए किसी अपील में इजाजत मिलते ही हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी तुरंत मंगाने की प्रथा पर जोर दिया है।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने हाल ही में पारित आदेश में कहा, हमारी राय में जब भी दोषसिद्धि के आदेश या दोषमुक्ति के आदेश को चुनौती देने वाली अपील में अनुमति दी जाती है, तो तुरंत उच्च न्यायालय और अदालत के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी मंगाने की प्रथा होनी चाहिए। ट्रायल कोर्ट इसे सिस्टम पर अपलोड करने के लिए और पक्षों का प्रतिनिधित्व करने वाले विद्वान वकील को उसकी सॉफ्ट कॉपी प्रदान करें। पीठ ने कहा कि बड़ी संख्या में अपीलों की सुनवाई में देरी हो जाती है, क्योंकि जब तक शीर्ष अदालत का इस आशय का कोई आदेश न हो तब तक रिकॉर्ड नहीं मांगा जाता है। बेंच ने आगे कहा, यह उचित होगा, यदि रजिस्ट्रार (न्यायिक) भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश से उचित प्रशासनिक निर्देश मांगे, ताकि रजिस्ट्री छुट्टी दिए जाने के तुरंत बाद उच्च न्यायालय और ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड की सॉफ्ट कॉपी मंगवाए।

# बंगाल में कब तक होता रहेगा हिंदू महिलाओं का बलात्कार : स्मृति ईरानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में कुछ महिलाओं द्वारा सामने आकर मीडिया को अपनी व्यथा बताने का जिक्र करते हुए राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल पूछा कि पश्चिम बंगाल में कब तक टीएमसी की राज्य प्रायोजित हिंसा द्वारा हिंदुओं की बलि चढ़ती रहेगी और हिंदू महिलाओं का बलात्कार होता रहेगा। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में कुछ महिलाओं ने बांग्ला में अपनी व्यथा को मीडिया के सामने रखा है कि टीएमसी के लोग घर-घर जाकर देखते थे कि किस घर में कौन सी बहू सुंदर है, उम्र में कौन कम है और फिर उन औरतों को पहचान कर उनके पतियों से कहा



जाता था कि तुम इसके पति हो सकते हो, लेकिन अब तुम्हारा इस औरत पर कोई अधिकार नहीं है। बंगाल में कम उम्र की नवविवाहिताओं के साथ बलात्कार का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जब तक टीएमसी के गुंडों का मन नहीं भरता था, तब तक इन औरतों को रिहा नहीं किया जाता था और इसके लिए विशेष रूप से टीएमसी के गुंडे हिंदू परिवारों को चिन्हित करते थे। तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां पर निशाना साधते हुए उन्होंने आगे कहा कि यह शेख शाहजहां वहीं है, जिसके गुंडों ने ईडी अधिकारियों का घेराव कर उन पर ईंट-पत्थर फेंककर उन्हें घायल कर दिया था। टीएमसी सुप्रीमो पर बड़ा हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि ममता बंदोपाध्याय (ममता बनर्जी) ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए एससी, एसटी, मछुआरों और कृषक समुदायों की महिलाओं की गरिमा का सौदा किया है। हिंदू नरसंहार पर सौदा कर ममता अपनी सत्ता का साम्राज्य चला रही हैं। घर-घर जाकर ममता के गुंडे हिंदू परिवार की छोटी उम्र की बहुओं को उठाकर उनका बलात्कार कर रहे हैं और ममता उस पर चुप्पी साधे हुए हैं। ममता बंदोपाध्याय बताएं कि शेख शाहजहां कहां हैं? स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी और इंडी अलायन्स में शामिल अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि ममता बनर्जी इस पर चुप्पी साधे हुए हैं, देश में न्याय यात्रा निकालने वाले चुप हैं और गठबंधन की बात करने वाले भी चुप हैं।

# पीएम मोदी करेंगे कल्कि धाम का शिलान्यास

## सीएम योगी ने तैयारियों का लिया जायजा

**एजेंसी। लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को संभल पहुंचेंगे। वह कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह कार्यक्रम में भाग लेंगे। पीएम के दौरे को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को संभल पहुंचे। यहां उन्होंने शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया।

संभल के ऐंचोड़ा कंबोह में श्री कल्कि धाम के शिलान्यास का कार्यक्रम प्रधानमंत्री मोदी के कर-कमलों से होने जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यहां पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। सीएम ने कार्यक्रम स्थल, गर्भगृह, मंच और हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन के लिए की जा रही सभी तैयारियों को समय से पूरा कराने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होनी चाहिए। मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने बताया कि



शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियां तेज गति से पूरी की जा रही हैं। छह हेलीपैड भी बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियो से गर्भगृह और वीवीआईपी सहित अन्य आगंतुकों के प्रवेश की जानकारी ली। सीएम योगी ने आगंतुकों खासकर संतों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना होने के निर्देश अधिकारियों को दिये। गौरतलब है कि 1 फरवरी को श्रीकल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर शिलान्यास का निमंत्रण देकर कार्यक्रम में आने का आग्रह किया था। इसे पीएम मोदी ने स्वीकार कर लिया था।

# पीएम से मिला कर्पूरी ठाकुर का परिवार बेटे ने 'भारत रत्न' देने पर जताया आभार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारत रत्न से सम्मानित जननायक कपूर्री ठाकुर के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए इसकी जानकारी दी। पीएम मोदी ने कपूर्री ठाकुर के परिवार से मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए लिखा भारत रत्न से सम्मानित जननायक कपूर्री ठाकुर जी के परिजनों से मिलकर बहुत खुशी हुई। कपूर्री जी समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के मसीहा रहे हैं, जिनका जीवन और आदर्श देशवासियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

पीएम मोदी से मुलाकात के बाद कपूर्री ठाकुर के बेटे और राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने कहा जननायक कपूर्री ठाकुर जी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न देने का काम किया। मैं अपने परिवार की तरफ से उन्हें बधाई देने आया था। बहुत खुशी है और हमारे बिहार की जनता भी खुश है, उन्होंने बहुत बड़ा काम किया है। बता दें कि पीएम मोदी ने कपूर्री ठाकुर के परिवार वालों के साथ फोटो भी खिंचाई। साथ ही उनके परिजनों से वातालर्प भी की। इस दौरान बिहार के पूर्व सीएम कपूर्री ठाकुर पर लिखी किताब भी उनके बेटे रामनाथ ठाकुर ने पीएम मोदी को भेंट की। ज्ञात हो कि 24 जनवरी को मोदी सरकार ने बिहार के पूर्व सीएम कपूर्री ठाकुर को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की थी।

# एम्स-एसबीआई डिजिटल रोगी देखभाल कार्ड लॉन्च

## जल्दी ही देश के सभी एम्स में मिलेगी यह सुविधा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एम्स-एसबीआई डिजिटल रोगी देखभाल कार्ड सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मांडविया द्वारा एम्स नई दिल्ली के निदेशक डॉ एम श्रीनिवास और एसबीआई के महाप्रबंधक मंजीत सिंह की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने इसे डिजिटल इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि यह वन नेशन, वन एम्स, वन कार्ड की दिशा में पहला कदम है। इस कार्ड से एम्स नई दिल्ली में कैंटीन सहित किसी भी स्वास्थ्य सेवा शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। एक मरीज इस कार्ड में राशि जमा कर सकता है और इसे एम्स के विभिन्न ब्लॉकों में विभिन्न बिंदुओं पर रिचार्ज कर सकता है। जल्द ही इसे देश के अन्य 22 एम्स तक भी बढ़ाया जाएगा।

उन्होंने कहा, कई मरीज दूर-दूर से आते हैं और विभिन्न सेवाओं के लिए अपने साथ नकदी लेकर आते हैं। अब सभी लेनदेन कैशलेस होंगे और इस कार्ड का उपयोग किया जाएगा। उपचार पूरा होने पर कार्ड में शेष राशि मरीज को वापस उनके खाते में स्थानांतरित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह रोगी देखभाल में गेम-चेंजर साबित होगा। एम्स-एसबीआई स्मार्ट पेमेंट कार्ड निशुल्क उपलब्ध है। एम्स में मरीज के भर्ती होने के बाद उसे कार्ड जारी किया जाएगा। यह कार्ड मरीज के आभा नंबर या फिर अस्पताल में दिए जाने वाले यूनिक पहचान नंबर दिया जाएगा।

## सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे अमेरिकी यात्रा पर

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे 13 से 16 फरवरी तक संयुक्त राज्य अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। वह सोमवार को अपनी



अमेरिकी यात्रा के लिए रवाना हो गए। उनकी यह यात्रा भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सैन्य सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को रेखांकित करती है। इस यात्रा का लक्ष्य रक्षा सहयोग तथा दोनों देशों की सेनाओं के बीच संबंधों को और मजबूत करना है। कर्नल सुधीर चमोली ने बताया कि अपनी यात्रा के दौरान थल सेनाध्यक्ष जनरल पांडे यूनाइटेड स्टेट्स चीफ ऑफ स्टाफ ऑफ आर्मी (सीएसए) के जनरल रैंडी जॉर्ज और अन्य वरिष्ठ सैन्य प्रमुखों के साथ उच्चस्तरीय वार्ता में भाग लेंगे। संयुक्त राज्य अमेरिका पहुंचने पर उन्हें प्रतिष्ठित अमेरिकी सेना की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। वह आर्लिंगटन राष्ट्रीय कब्रिस्तान में अज्ञात सैनिकों के सम्मान में बने स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और पेंटागन का भी दौरा करेंगे।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे से मचा हड़कंप, पांच लोग जिंदा जले

**एजेंसी। मथुरा**

थाना महावन क्षेत्र अंतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 117 पर अनियंत्रित होकर डबल डेकर बस डिवाइडर से टकरा गई। इस दौरान पीछे से आ रही स्विफ्ट कार बस से भिड़ गई। टक्कर के साथ ही बस के डीजल टैंक में आग लग गई। कार सवार पांच व्यक्तियों को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। आग में जलकर कार के अंदर ही पांच व्यक्तियों की मौत हो गई। सूचना पाकर जिले के जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पहुंच गए।

यमुना एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह साढ़े सात बजे के लगभग स्लीपर कोच बस का टायर पंचर हो जाने से बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई पीछे से आती तेज रफ्तार कार बस से भिड़ गई। तेज धमाका हुआ और दोनों गाड़ियां जलने लगीं। हादसे में स्विफ्ट कार संख्या डी एल 9 सी ए सी 9726 में सवार 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। टक्कर के बाद आग इतनी तेज फैली की कार सवार लोग कार का गेट तक नहीं खोल पाए।



कार को फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद निवासी अंशुल यादव पुत्र मनोज यादव ड्राइव कर रहा था। बाकी 4 दिल्ली के गोविंदपुरी के बताए जा रहे है।

हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं महावन पुलिस, फायर ब्रिगेड टीम और एक्सप्रेस वे की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। फायर फाइटर्स आग बुझाने की कोशिश में जुटे। आग इतनी भयंकर थी कि इसकी लपटें और धुआं दूर तक दिखाई दिया। आग तो कुछ घंटे की मशक्कत में बुझा ली गई, लेकिन तब तक दोनों गाड़ियां जल चुकी थीं। पुलिस ने ऐहतियात के तौर पर आगरा से नोएडा की तरफ जाने वाला ट्रैफिक रोक दिया। सभी बस सवार यात्रियो को सुरक्षित अन्य वाहनों से गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि महावन थाना इलाके के यमुना एक्सप्रेस-वे पर आज सुबह एक बस और स्विफ्ट कार में टक्कर हुई। अभी तक की जांच में यह पाया है कि आगे चल रही बस का टायर फटने से उसका संतुलन बिगड़ गया और बस रोड पर तिरछी हो गई। इस दौरान पीछे चल रही स्विफ्ट कार जाकर बस से टकरा गई। बस में सवार सभी यात्री उतर गए थे। आग की लपटें तेज थी इस वजह से कार में बैठे लोग फंसकर झुलस गए। एक मृतक की शिनाख्त हो गई है।

## उपराष्ट्रपति 13 को देंगे असम के सर्वोच्च राज्य नागरिक पुरस्कार

**गुवाहाटी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 13 फरवरी को असम की राजधानी गुवाहाटी का दौरा करेंगे। अपने एक दिवसीय दौरे में धनखड़ असम के सर्वोच्च राज्य नागरिक पुरस्कारों यानी असम वैभव, असम सौरव और असम गौरव पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होंगे। राज्य सरकार ने इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे उत्तराखंड मुख्यमंत्री धामी ने किया स्वागत

**देहरादून।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को उत्तराखंड एक दिवसीय दौरे पर देहरादून पहुंचे। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षा मंत्री सिंह का देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर स्वागत किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रेमनगर स्थित द टोंस ब्रिज स्कूल में देश के प्रथम सीडीएस जनरल स्व. बिपिन रावत की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। रक्षा मंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था है।

## राष्ट्रपति मुर्मू 14 को लखपति दीदी सम्मेलन में शामिल होने बेणेश्वर धाम आएंगी

**डूंगरपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 फरवरी को बेणेश्वर धाम आएंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर कार्यक्रम जारी हो गया है। वे यहां स्थित मंदिरों में दर्शन करेंगी। इसके बाद वे धाम पर आयोजित लखपति दीदी सम्मेलन में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन घंटा 35 मिनट तक धाम पर रहेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 फरवरी को दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर विशेष हेलिकॉप्टर से बेणेश्वर धाम आएंगी। हेलीपेड पर असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी, ग्रामीण विकास मंत्री किरोड़ीलाल मीणा, हेमंत मीणा, ओटाराम देवासी, सांसद कनकमल कटारा सहित अधिकारी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हरी मंदिर में दर्शन करेंगी। महंत अच्युतानंद महाराज बेणेश्वर धाम के महत्व और आस्था के बारे में उन्हें जानकारी देंगे। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बेणेश्वर धाम पर आयोजित होने वाले लखपति दीदी सम्मेलन में हिस्सा लेंगी। करीब तीन घंटे 35 मिनट तक बेणेश्वर धाम पर रुकने के बाद वे विशेष हेलिकॉप्टर से उदयपुर के लिए रवाना हो जाएंगी। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर बेणेश्वर धाम पर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। धाम पर बड़ा पंडाल तैयार किया जा रहा है। वहीं सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

## अब कक्षा 9 से 12 के लिए भी आयोजित होगी शिक्षक पात्रता परीक्षा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एनसीटीई) ने माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से कक्षा 12 तक) पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को शुरू करने की योजना पर काम कर रहा है। अब तक शिक्षकों के लिए टीईटी की परीक्षा सिर्फ 9वीं तक हुआ करती थी। सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित एनसीटीई द्वारा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के आलोक में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन में इसकी अनुशंसा की गई। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए एनसीटीई की सदस्य सचिव केसांग वाई शेरपा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में विभिन्न स्तरों पर टीईटी को लागू करने की अनुशंसा की गई है। एनसीटीई माध्यमिक स्तर (कक्षा 9 से कक्षा 12 तक) पर टीईटी को प्रस्तावित एवं कार्यान्वित करने की दिशा में काम कर रहा है। सीबीएसई की अध्यक्ष निधि छिब्बर ने अपने संबोधन में कहा कि एक शिक्षक की क्षमता ही कक्षा में एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण करती है, इसलिए शिक्षक पात्रता परीक्षा, एक शिक्षक की क्षमता एवं दक्षता को समझने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई पिछले लम्बे समय से टीईटी की परीक्षा आयोजित करता रहा है, जिससे उसके पास एक लंबा अनुभव है।

# समाज को रूढ़ी मुक्त करने में दयानंद सरस्वती की भूमिका अहम

## महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वां जन्मोत्सव में बोलीं राष्ट्रपति

**एजेंसी। मोरबी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने 19वीं सदी के भारतीय समाज में व्याप्त अंधविश्वासों और कुरीतियों को दूर करने का बीड़ा उठाया। उनके फैलाए गए ज्ञान के प्रकाश से अज्ञान का अंधेरा दूर हुआ और समाज को रूढ़ियों से छुटकारा मिला है। हमारी भारत-भूमि धन्य रही है, जिसने महर्षि दयानंद सरस्वती जैसी अद्भुत विभूतियों को जन्म दिया है। महर्षि ने समाज सुधार का बीड़ा उठाया और सत्य को सिद्ध करने के लिए सत्यार्थ प्रकाश नामक अमर ग्रंथ की रचना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को मोरबी जिले के टंकारा में आयोजित महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वें जन्मोत्सव-ज्ञान ज्योति पर्व स्मरणोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। तीन




दिवसीय समारोह का आयोजन दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा, श्री महर्षि दयानंद सरस्वती स्मारक ट्रस्ट, टंकारा समेत समस्त आर्य संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। राष्ट्रपति ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पूरे देश के लिए ऐतिहासिक अवसर है। सत्यार्थ प्रकाश में दयानंद सरस्वती ने नमक कानून का विरोध किया था। उस ग्रंथ के प्रकाशन के 5 दशकों के बाद महात्मा गांधी ने नमक कानून का उल्लंघन किया। मुर्मू ने कहा कि देश की सोई आत्मा को जगाने, समाज को नैतिकता और समानता के आदर्शों से जोड़ने और देशवासियों को आत्म-गौरव का संचार करने में सौराष्ट्र की भूमि ने पूरे राष्ट्र को सही दिशा दिखाई है। उन्होंने कहा कि दयानंद सरस्वती नारी-शिक्षा और नारी-स्वाभिमान के प्रबल पक्षधर थे। इस मौके पर राष्ट्रपति मुर्मू ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत के प्राकृतिक खेती को लेकर चलाए जा रहे अभियान की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि आर्य समाज छात्राओं के लिए कन्या स्कूल और उच्च शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना कर महिला सशक्तिकरण में योगदान दे रहा है। राष्ट्रपति ने आशा व्यक्त की कि दयानंद सरस्वती के 200वीं जयंती के आयोजनों के तहत अगामी दो साल तक आर्य समाज ने परिवार और सामाजिक समरसता, प्राकृतिक खेती और व्यसन मुक्ति जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया है, जो कि स्वस्थ्य समाज के निर्माण में सहायक साबित होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि अगले साल आर्य समाज अपनी स्थापना का 150वां साल पूरा करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आर्य समाज के साथ जुड़े सभी लोग महर्षि दयानंद सरस्वती के बेहतर विश्व के निर्माण के विजन को साकार करने की दिशा में कार्य करते रहेंगे।

## यूएई के बाद कतर की यात्रा पर जायेंगे पीएम

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूएई की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद बुधवार को कतर जायेंगे। यात्रा का मकसद द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विचार करना है। उल्लेखनीय है कि कतर में भारतीय नौसेना के 8 पूर्व कर्मियों को रिहा कर दिया गया है। वे पिछले कई महीनों से यहां जेल में बंद थे। पहले उन्हें जासूसी के आरोपों पर मृत्यु दंड दिया गया। बाद में मृत्युदंड पर रोक लगी और अब उन्हें रिहा कर दिया गया। इनमें से सात सोमवार को भारत आ गए। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को प्रधानमंत्री की विदेश यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वे स्वयं कतर में कैद भारतीयों के विषय को देख रहे थे।

# अंडर-19 फाइनल में हार के बाद उदय सहारन का छलका दर्द



बेनोनी (एजेंसी)। भारतीय टीम का छठी बार अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने का सपना और भारतीय क्रिकेट फैंस का दिल चकनाचूर हो गया। फाइनल मुकाबले में मिली इस हार के बाद भारतीय कप्तान उदय सहारन काफी निराश दिखे। उनका मानना है कि उनकी टीम अपनी बनाई रणनीति पर अमल नहीं कर पाई। भारत के कप्तान उदय सहारन ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप फाइनल में उनके बल्लेबाज गलत शॉट खेलने और प्रदर्शन में नाकाम रहने के कारण लड़खड़ा गए, जिसके कारण उन्हें 79 रन से हार का सामना करना पड़ा। रविवार को खिताबी मुकाबले से पहले भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों पूरी प्रतियोगिता में अजेय रहे थे। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए हरजस सिंह, हैरी डिक्सन, कप्तान और ओलिवर पीक ने अच्छी बल्लेबाजी की और टीम को 50 ओवरों में 253/8 रन के स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में मौजूदा चैंपियन भारत को शुरूआती झटके लगे। 20वें ओवर तक मात्र 68 रन पर अपने 4 विकेट खो दिए। बाएं हाथ के आदर्श सिंह (47) और निचले क्रम के बल्लेबाजी ऑलराउंडर मुरुगन अभिषेक (42) ने भारतीय पारी को संभाला, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था। भारतीय टीम 43.5 ओवर में मात्र 174 रन पर सिमट गई। भारत को फाइनल मैच में 79 रन से हार झेलनी पड़ी। हार के बाद सहारन ने कहा, 'यह बहुत अच्छा टूर्नामेंट रहा। मुझे अपने खिलाड़ियों पर गर्व है। उन्होंने शानदार खेल दिखाया। उन्होंने शुरू से ही अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश किया। हालांकि फाइनल मुकाबले में हम थोड़े पीछे रहे गए। 'हमने कुछ खराब शॉट खेले और क्रीज पर अधिक समय बिताने में नाकाम रहे। हमने अच्छी तैयारी की थी लेकिन हम अपनी रणनीति पर अमल नहीं कर पाए।'

सहारन प्रतियोगिता के अग्रणी रन स्कोरर रहे। उन्होंने सात मैचों में 56.71 की औसत से 397 रन बनाए, जिसमें एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल थे। उन्होंने कहा कि वह अपने क्रिकेट करियर में आगे बढ़ने के लिए इस प्रतियोगिता से सीख लेना चाहते हैं। सहारन ने कहा, 'शुरूआत से लेकर अब तक बहुत कुछ सीखने को मिला है। मैंने स्टाफ से बहुत कुछ सीखा है। मैं बस इस टूर्नामेंट से सारी सीख लेना चाहता हूं और आगे बढ़ना चाहता हूं।'

## टॉमी पॉल ने जीता दूसरा एटीपी खिताब

डलास (अमेरिका) (एजेंसी)। टॉमी पॉल ने ऑल-अमेरिकन फाइनल में अपने ही देश के मार्कोस गिरोन को 7-6 (7-3), 5-7, 6-3 से हराकर डलास ओपन ट्रॉफी जीती, जो उनका दूसरा एटीपी टूर खिताब है। यह स्टॉकहोम में 2021 के बाद उनकी पहली बड़ी जीत भी है। दक्षिणी मेथोडिस्ट विश्वविद्यालय के परिसर में एक रोमांचक मैच में टॉमी पॉल ने निर्णायक सेट में अपनी बढ़त कायम रखी। शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो और चौथी वरीयता प्राप्त एड्रियन मन्नारिनो के खिलाफ लगातार शीर्ष 20 में जीत हासिल करने के बाद गिरोन ने दमदार अंदाज के साथ फाइनल में प्रवेश किया। जब उन्होंने दूसरा सेट जीत लिया, तो ऐसा लगा कि वह इस गति का उपयोग करके अपना पहला एटीपी टूर खिताब सुरक्षित कर सकते हैं। लेकिन, दबाव में पॉल थोड़े बेहतर दिखे। इंफोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, दूसरे वरीय ने अपने सामने आए छह ब्रेक प्वाइंट में से चार बचाए और अपने दो अवसरों को भुनाया। मैच के बाद पॉल ने कहा, 'यह अविश्वसनीय मैच था। मेरे करियर का अब तक खेला सबसे अच्छा फाइनल।" रविवार की खिताबी जीत के बाद पॉल एटीपी रैंकिंग में 14वें नंबर पर पहुंच गए, जिससे वह अमेरिकी खिलाडियों में टेलर फ्रिट्ज के बाद नंबर 2 पर पहुंच जाएंगे।

## इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग में यूपी बटालियन का नेतृत्व करेंगे सुरेश रैना

देहरादून (एजेंसी)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना खेल के प्रति अपने प्यार को फिर से जगाने के लिए तैयार हैं। वह इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग (आईवीपीएल) के पहले संस्करण में यूपी बटालियन का नेतृत्व करेंगे। सुरेश रैना वीवीआईपी उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करने की तैयारी कर रहे हैं। यह उनकी जड़ों की ओर लौटने की यात्रा का प्रतीक है, जिसमें वे अपने प्रारंभिक वर्षों का आनंद लेंगे। इस क्षेत्र से उनकी काफी यादें जुड़ी हैं, क्योंकि यहीं उन्होंने पहली बार अपने गृह राज्य के लिए बल्ला उठाया था। भारत के महानतम टी20 खिलाड़ियों में से एक माने जाने वाले रैना उत्तर प्रदेश के लिए अपनी बल्लेबाजी क्षमता और कप्तानी दिखाने के लिए आईवीपीएल का हिस्सा बनकर खुश हैं। रैना ने कहा, 'मैं इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। मैं टीम वीवीआईपी उत्तर प्रदेश के लिए खेलूंगा। यह एक बार फिर दिग्गज क्रिकेटरों के साथ खेलने का मौका है।' टीम में रैना के साथ पूर्व आईपीएल चैंपियन रजत भाटिया और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर डैन क्रिश्चियन भी शामिल हैं। अपने सामूहिक अनुभव और कौशल के साथ, टीम आईवीपीएल में एक शानदार छाप छोड़ने के लिए तैयार है, जो 23 फरवरी से 3 मार्च, 2024 तक देहरादून के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय वेटरन क्रिकेट बोर्ड (बीवीसीआई) द्वारा आयोजित और 100 स्पोर्ट्स द्वारा प्रबंधित आईवीपीएल वीरेंद्र सहवाग, मुनाफ पटेल, सुरेश रैना, रजत भाटिया, क्रिस गेल, प्रवीण कुमार, यूसुफ पठान, हर्शल गिब्स जैसे दिग्गजों को एक साथ ला रहा है। बीवीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष और आईवीपीएल के अध्यक्ष प्रवीण त्यागी ने कहा, 'दिग्गज क्रिकेटर भारत में वेटरन क्रिकेट के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करेंगे।

## रोहित एंड कंपनी को कड़ी टक्कर देगी इंग्लैंड : इयान चैपल



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने के लिए भारत का समर्थन किया है, लेकिन उनका मानना है कि बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली मेहमान टीम बाकी तीन टेस्ट मैचों में रोहित शर्मा एंड कंपनी को कड़ी टक्कर देगी। इंग्लैंड ने हैदराबाद में पहला टेस्ट 28 रन से जीता, जबकि भारत ने विशाखापत्तनम में 106 रन की जीत के साथ वापसी की। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबरी पर है, और तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा। इसके बाद भारत और इंग्लैंड दोनों 23 फरवरी से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के लिए रांची जाएंगे, जिसके बाद 7 मार्च को धर्मशाला में श्रृंखला का अंतिम मैच होगा। चैपल ने कहा, 'घरेलू टीम के रूप में भारत को ये श्रृंखला जीतनी चाहिए, लेकिन इसके लिए उन्हें एक मजबूत टीम का डट कर सामना करना पड़ेगा।' चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के लिए अपने कॉलम में लिखा, 'स्टोक्स के आक्रामक नेतृत्व में इंग्लैंड खराब कप्तानी वाली जो रूट टीम से बहुत पीछे है, जिसने देश के अपने पिछले दौरे पर स्पिन के खिलाफ घुटने टेक दिए थे। "भारत बनाम इंग्लैंड का यह मुकाबला वैसा ही आकार ले रहा है जैसा होना चाहिए। यह दो प्रतिभाशाली टीमों के बीच पांच मैचों का एक रोमांचक मुकाबला है।" उन्होंने कहा कि रवींद्र जडेजा और केएल राहुल की वापसी से भारत को बल मिलेगा, चैपल को यह भी लगता है कि विराट कोहली का व्यक्तिगत कारणों से पूरी श्रृंखला से हटना टीम के लिए एक बड़ा झटका है।

कप्तानी के लिए बेन स्टोक्स का आक्रामक रवैया भले ही दूसरे टेस्ट में टीम को जीत नहीं दिला सका, लेकिन पांच मैचों की श्रृंखला भारत के खिलाफ अभी भी 1-1 से बराबरी पर है। राजकोट में श्रृंखला का तीसरा मैच शुरू होने पर स्टोक्स अपना 100वां टेस्ट मैच खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और चैपल को लगता है कि यह ऑलराउंडर इंग्लैंड के लिए बहुत ही दमदार और स्मार्ट कप्तान साबित हुआ है।

## डब्ल्यूपीएल 2024 से पहले दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगी लैनिंग : अभिनव



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पूर्व क्रिकेटर अभिनव मुकुंद ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बेंगलुरु में 23 फरवरी से शुरू होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल 2024) से पहले मेग लैनिंग सही मानसिक स्थिति और नए उत्साह के साथ दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगी। पांच बार के विश्व कप विजेता कप्तान और ऑस्ट्रेलिया के लिए राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता मेग लैनिंग पिछले साल डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सत्र में अग्रणी रन-स्कोरर थी, जिन्होंने 139.11 की स्ट्राइक रेट से 9 पारियों में 345 रन बनाए थे। उन्होंने डब्ल्यूपीएल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करते हुए टीम को फाइनल तक पहुंचाया। उसके बाद मेग ने 31 साल की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, जिससे सभी हैरान रह गए। हालांकि, मेग ने ब्रेक लेने के बावजूद डब्ल्यूबीबीएल में मेलबर्न स्टार्स के लिए खेलना जारी रखा। मेग हाल ही में एक दिवसीय प्रतियोगिता में विक्टोरिया के लिए उतरीं। पिछले साल की डब्ल्यूपीएल नीलामी में दिल्ली ने ऑस्ट्रेलिया की युवा तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर एन्नाबेल सदरलैंड के साथ-साथ घरेलू खिलाड़ियों अश्विनी कुमारी और अपर्णा मंडल की सेवाएं लेने पर 2 करोड़ रुपये खर्च किए थे। अभिनव मुकुंद ने कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स एक मजबूत टीम है। उसे शैफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स के रूप में दो सबसे होनहार युवा भारतीय खिलाड़ी मिली हैं और मेग लैनिंग के रूप में यकीनन सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर भी हैं। फिर, उनके पास मैरिजेन कप्प और ऐलिस कैप्सी हैं। उनके सभी गेंदबाज फॉर्म में हैं। यह टूर्नामेंट में एक मजबूत टीम है। भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज सबा करीम का मानना है कि दिल्ली इस साल एक कदम आगे बढ़ने के लिए मजबूत दिख रही है। डीसी इस बार एक मजबूत टीम है। दिल्ली 23 फरवरी को गत चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। मेग एंड कंपनी मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम से पिछली बार सात विकेट से हार गई थी।

## गुरबाज की बल्लेबाजी में दिखती है धोनी की झलक : गावस्कर




नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की प्लेइंग इलेवन में रहमानुल्लाह गुरबाज को शामिल करने की वकालत करते हुए कहा कि अफगान विकेटकीपर-बैट्समैन की बल्लेबाजी शैली 'एमएस धोनी की थोड़ी सी नकल' है। अपने आक्रामक रवैये के लिए मशहूर रहमानुल्लाह गुरबाज ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सुनील गावस्कर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। मिचेल स्टार्क, आंद्रे रसेल और सुनील नरेन के चार विदेशी स्लॉट में से तीन को सुरक्षित करने की उम्मीद के साथ गुरबाज को अंतिम स्थान के लिए जेसन रॉय से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। गावस्कर के इस समर्थन ने गुरबाज के लिए आगे का रास्ता काफी हद तक आसान कर दिया है। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'मैंने जो कुछ भी देखा है उसके आधार पर मुझे गुरबाज की बल्लेबाजी काफी पसंद आई है। वह बेहद आक्रामक हैं और उनकी बल्लेबाजी एमएस धोनी की थोड़ी नकल जैसी है और शायद यही कारण है कि मुझे वह पसंद हैं।' आईपीएल 2023 के दौरान 11 पारियों में गुरबाज ने 20.64 की औसत से 227 रन बनाए। वह केवल दो अर्द्धशतक लगाने में सफल रहे, जिनमें से सबसे अच्छा ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ आया, जब उन्होंने 39 गेंदों पर 81 रन की तूफानी पारी खेली। टीम के भारतीय बल्लेबाजी दल पर ध्यान केंद्रित करते हुए गावस्कर ने श्रेयस अय्यर, नितीश राणा और वेंकटेश अय्यर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही रिंकू सिंह भी उनकी नजर में एक शानदार खिलाड़ी हैं। चोट के कारण पिछले सीजन में श्रेयस अय्यर की कमी के बावजूद रिंकू, नितीश और वेंकटेश ने केकेआर के शीर्ष रन-स्कोरर के रूप में अपनी योग्यता साबित की थी। केकेआर 14 मैचों में छह जीत के साथ आईपीएल 2023 अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही।

## बेंगलुरु ओपन 2024 के उद्घाटन पर डेविस कप सितारों को किया गाया सम्मानित

बेंगलुरु (एजेंसी)। भारतीय डेविस कप टीम ने हाल ही में पाकिस्तान को उसी के मैदान पर हराया। उसे सोमवार को बेंगलुरु के कर्नाटक लॉन टेनिस एसोसिएशन (केएसएलटीए) स्टेडियम में बेंगलुरु ओपन 2024 के उद्घाटन समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा का उद्घाटन आईएएस मंजूनाथ प्रसाद, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी, युवा अधिकारिता और खेल विभाग, और मुख्य अतिथि आर. अशोक सहित कई अन्य दिग्गजों की मौजूदगी में हुआ। कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा, 'यह कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन के लिए गर्व का क्षण है कि डेविस कप सितारे बेंगलुरु ओपन 2024 में भाग ले रहे हैं। पाकिस्तान में उनकी उपलब्धि ऐतिहासिक और प्रेरणादायक थी। हम इस ऐतिहासिक मैच में उनकी उल्लेखनीय जीत के लिए पूरी टीम को हार्दिक बधाई देते हैं और हम भविष्य में कई और सफलताओं का जश्न मनाने के लिए तत्पर हैं।' भारतीय टीम ने इस महीने की शुरूआत में डेविस कप विश्व ग्रुप (आई) में अपनी जगह पक्की करने के लिए पाकिस्तान को 4-0 से हराया। विजेता टीम के सदस्य रामकुमार रामनाथन, श्रीराम बालाजी, साकेत माइनेनी और निक्की के. पूनाचा सम्मान समारोह में उपस्थित थे, क्योंकि वे चल रहे टूर्नामेंट में भी भाग लेंगे। केएसएलटीए द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित एटीपी चैलेंजर टूर 100 कार्यक्रम 12-18 फरवरी तक खेला जाएगा। जिसमें स्टार भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल, जिन्होंने एटीपी टॉप-100 रैंकिंग में जगह बनाई, कनाडा के पूर्व विश्व नंबर 25 वासेक पोस्पिसिल और जैसे खिलाड़ी शामिल होंगे।


## 75 के हुए गुंडप्पा विश्वनाथ, जानें 'ट्रीट टू वॉच' कहे जाने वाले इस बल्लेबाज की कहानी



बेंगलुरु (एजेंसी)। भारत के महान बल्लेबाज गुंडप्पा विश्वनाथ अपनी खूबसूरत कलाई की कला के लिए जाने जाते हैं। वो 12 जुलाई 2024, सोमवार को 75 साल के हो गए। उनका करीब 14 साल का अंतर्राष्ट्रीय करियर रहा और उन्हें भारत के महानतम बल्लेबाजों में शुमार किया जाता है। यह एक ऐसे बल्लेबाज थे जिन्हें खेलता देख क्रिकेट फैंस खूब लुत्फ उठाते थे। 12 फरवरी, 1942 को कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के एक औद्योगिक शहर भद्रावती में जन्मे विश्वनाथ देश के लिए खेलने वाले बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक रहे। नई पीढ़ी के लोगों ने उन्हें लाइव खेलते तो नहीं देखा लेकिन उनके किस्से खूब सुने। वो एक ऐसे खिलाड़ी थे जिसे हर कोई देखना पसंद करता था। 1967-68 में विजयवाड़ा में आंध्र के खिलाफ मैसूर (कर्नाटक टीम का तत्कालीन नाम) के लिए अपने प्रथम श्रेणी डेब्यू में दोहरा शतक बनाकर वह राष्ट्रीय स्तर पर पहचान में आए। 1969 में कानपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली पारी में शून्य पर आउट होने के बाद विश्वनाथ ने अपने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 137 रन बनाए। उन्होंने 91 टेस्ट मैचों में 41.93 की औसत से 6,080 रन बनाए। जिसमें 14 शतक और 35 अर्द्धशतक शामिल थे। वो भारतीय टीम के पहले संकटमोचक कहे जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि गुंडप्पा विश्वनाथ ने टेस्ट करियर में जो 14 शतक लगाए उसमें से किसी भी मैच में भारतीय टीम को हार का सामना नहीं करना पड़ा। इन मैचों में या तो भारतीय टीम जीत गई या मैच ड्रॉ रहा। टेस्ट क्रिकेट में उनकी कुछ यादगार पारियों में 1974/75 में चेन्नई में एंडी रॉबर्ट्स की मौजूदगी वाली वेस्टइंडीज की गेंदबाजी लाइन-अप के खिलाफ 97 रन की मैच जिताऊ पारी थी। साथ ही 1978/79 में उसी स्थान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ 124 रन की पारी शामिल है। फिर, 1975/76 में क्राइस्टचर्च की हरी पिच पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 83 और 79 रन की यादगार पारी भी उनके नाम दर्ज है। दो टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी करने वाले विश्वनाथ ने 25 वनडे मैच भी खेले, जिसमें दो अर्धशतक सहित 439 रन बनाए। विश्वनाथ, 1975 और 1979 के पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में भारतीय टीम के सदस्य थे। कलाई वाली बल्लेबाजी शैली के साथ विश्वनाथ स्क्वेयर कट खेलने के लिए बेहद लोकप्रिय रहे। संन्यास के बाद विश्वनाथ ने 1999 से 2004 तक आईसीसी मैच रेफरी के रूप में कार्य किया। उन्होंने कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष के रूप में भी काम किया, साथ ही 1992 से 1996 तक राष्ट्रीय चयनकताओं के अध्यक्ष रहे। विश्वनाथ के ब्रदर-इन-लॉ भारत के एक अन्य महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर हैं। उन्होंने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में बल्लेबाजी कोच के रूप में भी काम किया। विश्वनाथ को 2008 में सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

## खबरें व्यापार जगत की

### 2010 के बाद से चीन के शून्य रिटर्न की तुलना में भारतीय शेयर बाजार 4 गुना बढ़ा



मुंबई (एजेंसी)। चीन के बाजार का प्रदर्शन पिछले कई वर्षों से खराब रहा है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. ने विजयकुमार ने ये बात कही है। 2010 की शुरूआत में, शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 3,000 के आसपास था। अब यह उस स्तर से नीचे लगभग 2,865 पर है। पिछले 14 वर्षों के दौरान कोई रिटर्न नहीं आया। उन्होंने कहा, इसके ठीक उलट, निफ्टी 2010 की शुरूआत में 5,000 के आसपास था और अब 21,500 से ऊपर है, जो 14 वर्षों के दौरान चार गुना से अधिक हो गया है। प्रदर्शन में यह विरोधाभास मूल्यांकन में भी दिखता है। विजयकुमार ने कहा कि जहां निफ्टी वित्त वर्ष 2024 की अनुमानित आय के 21 गुना से ऊपर कारोबार कर रहा है, वहीं शंघाई कंपोजिट केवल 11.5 गुना पर कारोबार कर रहा है।

चीनी अर्थव्यवस्था कठिन दौर से गुजर रही है। विकास दर में भारी गिरावट, बढ़ती बेरोजगारी और रियल एस्टेट बाजार गंभीर संकट में है। भारत निश्चित रूप से अधिक पूंजी प्रवाह को आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा, चिंता की बात भारत में हाई वैलुएशन है। जनवरी में सभी उभरते बाजार सूचकांकों का प्रदर्शन रहा, जिसमें चीन 10.6 प्रतिशत के साथ सबसे खराब प्रदर्शन करने वाला देश रहा। मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी की एक रिपोर्ट के अनुसार, जहां तक विकसित बाजारों का सवाल है, जापान 4.6 प्रतिशत के साथ सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला देश बनकर उभरा है।

जनवरी 2024 में निफ्टी में 0.03 फीसदी की गिरावट आई। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि, पिछले साल से सूचकांक में सकारात्मक वृद्धि देखी गई है।

### चीनी कंपनियों को भारत में प्लांट लगाने से लग रहा डर



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन की स्मार्टफोन निर्माता कंपनी श्याओमी का कहना है कि सप्लायर्स को भारत में परिचालन शुरू करने में दिक्कतें आ रही हैं। कंपनी का कहना है कि चीन की कंपनियों को भारत में प्लांट लगाने से डर लग रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, श्याओमी ने इस संबंध में भारत सरकार को एक पत्र भेजा है। पत्र में कंपनी ने कहा है कि भारत में सरकार के द्वारा चीन की कंपनियों की हो रही जांच के कारण स्मार्टफोन के कंपोनेंट सप्लायर को यहां परिचालन शुरू करने में हिचक हो रही है।

**भारत सरकार ने मांगे थे सुझाव :** श्याओमी ने 6 फरवरी को भेजे गए पत्र में भारत से विनिर्माण पर प्रोत्साहन देने और स्मार्टफोन के कुछ चुनिंदा कल-पुर्जों पर इम्पोर्ट टैरिफ कम करने की मांग की है। कंपनी का कहना है कि भारत सरकार को इन प्रोत्साहनों पर विचार करना चाहिए। कंपनी भारत सरकार के द्वारा मंगाए गए सुझावों पर प्रतिक्रिया दे रही थी। भारत सरकार ने कंपनी से पूछा था कि देश में कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए।

**भारतीय बाजार में सबसे ज्यादा हिस्सा :** श्याओमी बाजार हिस्सेदारी के हिसाब से भारत की सबसे बड़ी स्मार्टफोन कंपनी है। भारत के स्मार्टफोन बाजार में श्याओमी की 18 फीसदी हिस्सेदारी है। कंपनी भारत में ही अपने फोन असेंबल करती है। श्याओमी अपने स्मार्टफोन में भारत में बने कंपोनेंट्स का भी इस्तेमाल करती है और चीन से भी कल-पुर्जों का आयात करती है।

**श्याओमी के ऊपर हुई ये कार्रवाई :** साल 2020 में भारत और चीन के बीच हिंसक सीमा विवाद के बाद चीन की कई कंपनियों के ऊपर भारत में सख्ती हुई है। भारत ने किस्तों में सैंकड़ों चाइनीज ऐप को भारत में प्रतिबंधित किया है। श्याओमी के ऊपर ही की गई कार्रवाई में उसकी 600 मिलियन डॉलर से ज्यादा की एसेट फ्रीज कर दी गई। एक अन्य स्मार्टफोन कंपनी वीवो के ऊपर भी पैसों के हेर-फेर का आरोप लगा है।

### स्पाइसजेट में हजारों कर्मचारियों पर लटकी छंटनी की तलवार



नई दिल्ली (एजेंसी)। वित्तीय संकट से जूझ रही बजट एयरलाइन स्पाइसजेट लागत में कटौती और निवेशकों की रुचि बनाए रखने के लिए 1,400 कर्मचारियों की छंटनी करने जा रही है। यह संख्या कुल वर्कफोर्स का 15% है। एयरलाइन में वर्तमान में 9,000 कर्मचारी हैं और यह लगभग 30 विमानों का संचालन करता है। इनमें से आठ विदेशी वाहकों से वेट-लीज पर लिए गए हैं, साथ ही चालक दल और पायलट भी इसके साथ हैं। स्पाइसजेट ने नौकरी में कटौती की पुष्टि की है। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा, 'यह फैसला परिचालन आवश्यकताओं को देखते हुए कंपनी की लागत कम करने के लिए लिया गया है।'

**कई महीने से हो रही सैलरी मिलने में देरी :** मामले की जानकारी रखने वाले एक शख्स ने कहा कि 60 करोड़ रुपए के सैलरी बिल को देखते हुए कर्मचारियों की संख्या में कटौती का जरूरी हो गया था। एक अन्य शख्स ने छंटनी का जिक्र करते हुए बताया, ₹लोगों को पहले से ही कॉल आना शुरू हो गया है। स्पाइसजेट कई महीनों से वेतन भुगतान में देरी कर रही है। कई लोगों को अभी तक जनवरी का वेतन नहीं मिला है।

**2,200 करोड़ के फंड हासिल करने की प्रक्रिया में कंपनी :** स्पाइसजेट ने कहा है कि वह 2,200 करोड़ रुपए का फंड हासिल करने की प्रक्रिया में है लेकिन जानकारों का मानना है कि कुछ निवेशकों ने इसमे दिलचस्पी नहीं दिखाई है। हालांकि, एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, ₹फंडिंग में कोई देरी नहीं हो रही है और हम अपने फंड इकट्ठा करने के मामले में अच्छी तरह से प्रगति कर रहे हैं और पहले ही अपनी सार्वजनिक घोषणाएं कर चुके हैं। ₹हम अगली किस्त के लिए अतिरिक्त घोषणाएं करेंगे। अधिकांश निवेशकों ने इसमें दिलचस्पी दिखाई है। 2019 में जब स्पाइसजेट अपने चरम पर था, एयरलाइन के पास 118 विमानों का बेड़ा था और 16,000 कर्मचारी थे। बाजार हिस्सेदारी के मामले में इसका निकटतम प्रतिद्वंद्वी अकासा एयर है, जिसमें 23 विमानों का बेड़ा और 3,500 कर्मचारी हैं। घरेलू बाजार में उनकी लगभग 4% हिस्सेदारी है।

### इस शादी सीजन देश में 42 लाख शादियों से होगा 5.5 लाख करोड़ का कारोबार

नई दिल्ली (एजेंसी)। शादियों के इस सीजन (15 जनवरी से 15 जुलाई) के दौरान 42 लाख शादियां होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिससे विवाह संबंधित खरीदारी और सेवाओं के माध्यम से करीब 5.5 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हो सकता है। यह आकलन कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने राज्यों के विभिन्न 30 शहरों के व्यापारी और सेवा प्रदाताओं से बातचीत के आधार पर किया है।

**दिल्ली में 4 लाख विवाह होने का अनुमान :** कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने बताया कि पिछले साल 14 दिसंबर को समाप्त हुए विवाह सीजन में लगभग 35 लाख विवाह हुए थे, जिनके खर्च का अनुमान 4.25 लाख करोड़ रुपए था। इस साल 15 जनवरी से 15 जुलाई तक शादियों के सीजन में 42 लाख शादियां हो सकती हैं। जिनसे 5.5 लाख करोड़ रुपए का कारोबार हो सकता है। दिल्ली में इस शादियों के मौसम में 4 लाख से अधिक विवाह होने की संभावना है। जिससे करीब 1.5 लाख करोड़ रुपए का कारोबार कारोबारियों को मिल सकता है।

## एक नजर

### मुखिया ने बेलाबार में पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के बेलाबार गांव में सोमवार को मुखिया मुंगा साह ने पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। उक्त पीसीसी सड़क पंद्रहवें वित्त की राशि 2.50 लाख रुपए की राशि से हकीमुद्दीन अंसारी के घर से आयुब अंसारी के घर तक बनेगा। इस अवसर पर मुखिया मुंगा साह ने कहा की पंचायत क्षेत्र के सभी कच्ची सड़क को धीरे-धीरे पक्कीकरण किया जायेगा। मुखिया ने कहा की विकर्मा लोहार के घर से जमालुद्दीन अंसारी के घर तक मनरेगा योजना से इस सड़क का निर्माण जल्द कराया जायेगा। इससे ग्रामीणों को आवागमन में सहुलियत होगी। इस मौके पर वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह, कसमुद्दीन अंसारी,कुण्डल सिंह, साबित अंसारी, मुजाहिदीन अंसारी, निसार अंसारी, जुबैर अंसारी, फुजैल अंसारी , सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### वाहन नहीं छोड़ने पर मुखिया ने ओपी प्रभारी को किया परेशान


**मेदिनीनगर।** बढ़ते सड़क दुर्घटना को लेकर कसमार ओपी थाना प्रभारी मंटू कुमार सिंह के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बिना हेलमेट और कागजात के पकड़े गए दो पहिया वाहनों को मंटू कुमार सिंह के द्वारा जप्त कर फाइन के लिए भेजा गया। जब वाहनों को फाइन के लिए भेजा गया तो वहां के स्थानीय मुखिया के द्वारा मंटू कुमार सिंह को सभी वाहन को छोड़ने की चेतावनी दी गई।वाहन नहीं छोड़ने पर मुखिया के द्वारा मंटू कुमार सिंह के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही गई है। वही कसमार गांव के कम्युनिस्ट नेता विराट सिंह एव पंचायत समिति सूर्यदेव पासवान के द्वारा जानकारी दी गई की स्थानीय मुखिया के द्वारा कसमार ओपी प्रभारी को गाड़ी नहीं छोड़ने पर परेशान किया जा रहा है।

### महायज्ञ कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक डॉ शशिभूषण मेहता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पांकी प्रखंड के फुलवरिया चांपी में माँ दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं श्री सतचंडी महायज्ञ में धार्मिक अनुष्ठान के साथ कलश यात्रा निकली गई ! कलश यात्रा में श्रद्धालुओं ने पवित्र कलशपात्र सिर पर उठाया ! कलश यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता श्रद्धालुओं को कलश देकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया ! मौके पर प्रो बच्चन ठाकुर, भाजपा नेत्री मंजुलता दुबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष शत्रुधन सिंह, भाजपा नेत्री रीमा शर्मा , कमेश यादव, रौशन सिंह, मंटू शर्मा, साधु मांझी, महायज्ञ कमिटी अध्यक्ष ईश्वरी यादव, सचिव अजय विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार यादव, उपाध्यक्ष महेन्द्र साहू, उपसचिव योगेन्द्र भुईयां, मुख्य पुजारी रामनाथ भुईयां, लछु यादव, पिंटू साव, सरंक्षक मनोज सिंह, विरेन्द्र साहू, सहित कई लोग उपस्थित थे !

# स्वामी दयानंद आधुनिक भारत के आधुनिक रचनाकार, समाज सुधारक व महान दार्शनिक

## एमके डीएवी में मनाई गई महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल पलामू में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200 वीं जयंती धूम-धाम से मनाई गई। ज्ञात हो कि इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली एवं एमके डीएवी पब्लिक स्कूल प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के सौजन्य से महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200 वीं जयंती को उनके जन्म स्थान टंकारा, गुजरात में तीन दिवसीय जन्मोत्सव एवं स्मरणोत्सव के रूप में (10 फरवरी से 12 फरवरी 2024 तक) मनाया जा रहा है। इस आयोजन में देश की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का भी आगमन हो रहा है। इस समारोह में देश-विदेश के आर्य समाजी पधारे हुए हैं। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य डॉक्टर देवव्रत जी महामहिम राज्यपाल गुजरात, श्री भूपेंद्र भाई पटेल माननीय मुख्यमंत्री गुजरात सरकार भी उपस्थित थे।महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने टंकारा में स्थापित होने जा रहे स्वामी दयानंद स्मारक का आभासी माध्यम से शिलान्यास किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वामी दयानंद जी को आधुनिक भारत का रचनाकार,समाज सुधारक एवं महान दार्शनिक बताया। उन्होंने बताया कि स्वामी जी को समाज में व्याप्त रूढ़ियों, कुरीतियों एवं अन्य सामाजिक बुराइयों से संघर्ष करना पड़ा। महामहिम ने कहा कि भारत प्राचीन काल में आध्यात्मिक गुरु रहा है किंतु कालांतर में मुगलों एवं अंग्रेजों के आक्रमण से हमारे आध्यात्मिक मूल्यों में गिरावट आई है। किंतु आज देश जागृत हो चुका है । आइए आज हम सभी इसे फिर से आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने में जुट जाएं ।? इस अवसर पर डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान आर्य रत्न ,पद्मश्री, डॉक्टर पूनम सूरी जी ने भी संबोधन दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, डी.ए.वी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जी. एन. खान ने कहा कि महर्षि दयानंद जी का जीवन, मानव कल्याण एवं स्वस्थ समाज निर्माण हेतु समर्पित था। उन्होंने जटिल पूजा पद्धति एवं पाखंड, आडंबरों का विरोध करते हुए कहा कि वेदों का अध्ययन करें एवं तद अनुसार आचरण करें। वेदों में ही असली ज्ञान छिपा है।उन्होंने वैदिक शिक्षा एवं आधुनिक शिक्षा पर समान रूप से बल दिया।

## महिला महासम्मेलन की वजह से यातायात बुरी तरह अस्त व्यस्त

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज शहर को शाहपुर से जोड़ने वाले इकलौते पुल पर जबरदस्त जाम लगा रहा। यह जाम काफी लम्बा और काफी देर तक रहा। जाम के थोड़े से हटाने के बाद फिर जाम की समस्या हो जा रही थी। यहां यह महत्वपूर्ण है। कि शाहपुर इलाके में भी बहुत सारे प्रतिष्ठित स्कूल है जिसमें स्कूल की बसें मारुति वैन और दूसरी स्कूल की गाड़ियां फंसी रही। छोटे-छोटे बच्चे इस पुल पर जाम में 15 मिनट से आधा घंटे तक जाम में फंसे रहे। यही जाम की स्थिति सदिक मंजिल चौक पर भी देखी गई यहां पर महिला कॉलेज रोड, नामधारी गुरुद्वारा रोड और 6 मुहान के तरफ जाने वाले सड़के बुरी तरह गाड़ियों से काफी भरी पड़ी थी। लोग बेचैन नजर आए। एक बीमार व्यक्ति जो टेंपो पर था। जिसे एमएचसीएच पहुंचने की जल्दी थी उसकी बेबसी और परेशानी बहुत अधिक थी। यह टेंपो सदीक मंजिल के पास पहुंच ही नहीं पा रहा था।

# पलामू शिवाजी मैदान में लगेगी शहीदों को भव्य प्रतिमा : राजेंद्र



नवीन मेल संवाददाता

**मेदनीनगर।** मेदनीनगर कचहरी परिसर में राजा मेदनीराय, शहीद निलांबर - पीताम्बर की प्रतिमा स्थापित करने के लिए पिछले दो महीनों से चल रहे अनशन को झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने तुड़वाया। कुछ दिनों पहले ही कचहरी परिसर में राजा मेदनीराय, शाहिद निलांबर - पीताम्बर की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिसे जिला प्रशासन द्वारा हटा दिया गया था, जिसके बाद संविधान बचाओ मोर्चा के लोगों द्वारा अनशन किया जा रहा था। अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने मोर्चा के सद्स्यों और पलामू उपायुक्त के साथ समन्वय स्थापित कर और वार्ता कर शिवाजी मैदान में भव्य प्रतिमा स्थापित करवाने की बात की, जिसके बाद मोर्चा के लोगों ने राजेंद्र सिन्हा का आभार जताया और अनशन को तोड़ा। सुनील उरांव, अजय सिंह चेरो, त्रिपुरारी सिंह भी प्रतिमा स्थापित करवाने को ले कर लगातार प्रयासरत थे। अनशन तुड़वाते हुए श्री सिन्हा ने कहा झामुमो भी एक आंदोलनकारी पार्टी है, हम सबों ने आंदोलन कर झारखंड राज्य लिया है। इसलिए झामुमो आपके आंदोलन का सम्मान करती है, यह आपके प्रयासों का ही नतीजा है की आज प्रशासन ने आपकी मांगों को स्वीकार किया है। जल्द ही शिवाजी मैदान में राजा मेदनीराय जी, शाहिद नीलांबर - पीताम्बर की भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी।

# हुसैनाबाद के आठ मैट्रिक परीक्षा केन्द्रों पर 12 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जैक द्वारा मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा 2024 में सोमवार की परीक्षा शांतिपूर्ण रही। हुसैनाबाद के सभी केंद्रों में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सरस्वती शिशु बिद्या मंदिर परीक्षा केंद्र में 650 में शून्य,प्लस टू बालिका उवि. में 590 में 4, स्तरोन्नत उवि. कामगारपुर में 459 में शून्य, हार्वे उवि. में 619 में 3 ,शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज में 718 में 1,बक्शी उवि में 360 में 3,उर्दू मवि में 218 में 1,बालक रामवि. में 2254 में शून्य परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस क्रम में फ्लाइंग टीम ने केंद्रों का निरीक्षण कर शांतिपूर्ण संचालन में जुटे परीक्षकों व केंद्राधीक्षकों को कई निर्देश दिया। परीक्षा के दौरान सक्रिय रहने की बात कहीं।दोनों पाली में मैट्रिक व इंटरमीडिएट की शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन के लिए अभिभावकों से भी सहयोग की अपील की। साथ ही द्वितीय पाली में सभी केंद्रों में इंटर की परीक्षा भी शांति पूर्ण रही। इस दौरान केंद्राधीक्षक बैजनाथ राम, अनिल कुमार रवि, बिश्वजीत चौबे,प्रेमप्रकाश सिंह, डॉ. सुजाउल हक, वीक्षक शंकर राम, दंडाधिकारियों में अंजनी कुमार, आशिष कुमार प्रजापति, अभिषेक कुमार, अरुंजय सिंह, अजय कुमार, दिग्विजय सिंह, दिलीप भगत हार्वे उच्च विद्यालय के केन्द्रधीक्षक डॉ.सुजाउल हक, राहुल कुमार सिंह, अजीत प्रसाद सिंह यादव, संतोष कुमार, दया प्रभाकर, वेद प्रकाश, कुलदीप कुमार, उपेन्द्र कुमार सिंह, संजय कुमार, अखिलेश्वर कुमार सिंह, प्रेमप्रकाश शाही,राजू कुमार दास, आलोक कुमार समेत कई विक्षक आदि सक्रिय रहे।

**इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण**



## सड़क दुर्घटना में एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल, रांची रेफर

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के दुबिया खाड़ में रविवार की शाम सड़क दुर्घटना में पांकी थाना क्षेत्र के ग्राम भवरदह निवासी मुन्नी भुइयां के पुत्र पवन कुमार उम्र 16 वर्ष की मौत हो गई।जबकि उसी गांव के गौतम भुइयां के पुत्र राजन कुमार उम्र 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में मृतक पवन के भाई रमेश कुमार ने बताया कि रविवार की दोपहर दोनों युवक सदर प्रखंड के दुबिया खाड़ में मेला देखने गए थे। मेला देखकर जब शाम को घर वापस लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद राहगीरों के द्वारा इस घटना की जानकारी सतबरवा थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सतबरवा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया।

# एसपी रमेशन ने पुलिसिंग में की व्यापक सुधार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के पलामू आने के बाद पुलिसिंग व्यवस्था काफी सुधर चुकी है। किसी भी घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस 2 मिनट के अंदर घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट जाती है। इसके वजह से पब्लिक को भी काफी राहत महसूस हो रही है। बताते चले की सदर अस्पताल में चिकित्सकों के साथ कोई भी व्यक्ति दूव्यवहार करता है। तो पुलिस तुरंत पहुंच कर त्वरित कार्रवाई करते हुए चिकित्सकों की सुरक्षा में लग जाती है।बताते चले की रविवार की रात करीब 9 बजे सदर अस्पताल में एक गंभीर मरीज महुंचा था।गंभीर मरीज के परिजन शराब के नशे में सदर अस्पताल पहुंच कर हल्ला हंगामा कर रहे थे।और डॉक्टर के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे। इसके बाद चिकित्सकों के द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टिओपी वन प्रभारी निर्भय कुमार सिंह टाइगर मोबाइल के जवान विनोद कुमार यादव,इसरार खान,सरोज कुमार चालक संजीव कुमार 5 मिनट के अंदर सदर अस्पताल पहुंच कर हल्ला हंगामा कर रहे शराबियो को शांत करा कर घर भेजा।

## बीडीओ ने बीपीओ, रोजगार सेवक से पूछा स्पष्टीकरण

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने बीपीओ मनोज कुमार, सभी रोजगार सेवक और कम्प्यूटर आपरेटर से बीना जानकारी दिये मनरेगा अंतर्गत 53 नये योजनाओं को स्वीकृति देने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा हैं। बीडीओ ने कहा कि 25 जनवरी को मुझे योगदान देने के पश्चात 19 सिंचाई कूप, 25 मेडबंदी, 3 डोभा, 6 तलाब की स्वीकृति कैसे हो गयी। उन्होंने उक्त कमीर्यों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण पुछा है उचित जवाब नहीं देने पर विभागीय कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है की 25 जनवरी को नये बीडीओ सावित्री कुमारी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार प्रभारी बीडीओ नंदजी राम से लिया था इसके बाद 31 जनवरी तक 53 नये योजनाओं का स्वीकृति बीडीओ के बीना जानकारी के दे दिया गया है। फिलहाल बीडीओ ने सभी योजनाओं का भुगतान पर रोक लगा दी है।

# सरकारी आयोजन में स्कूल बंद करना बच्चों के साथ अन्याय : रूचिर तिवारी



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने उपयुक्त पलामू के माध्यम से झारखंड के माननीय मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री या कोई बड़ा सरकारी आयोजन मैं स्कूल बंद कर प्राइवेट स्कूल के बसों का इस्तेमाल कर अपने लोगों को लाने ले जाने का इस्तेमाल करने का प्रथा को बंद करने का अनुरोध किया है। पत्र में श्री तिवारी ने कहा कि सरकारी पदाधिकारी के द्वारा बच्चों का स्कूल बस ले लेने और स्कूल बंद कर देने के कारण बच्चों का पठन-पाठन ठप किया जा रहा है और यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है पिछले 10 फरवरी को भी सभी प्राइवेट स्कूलों का बस लेकर स्कूल को बंद कर दिया गया और आज दिनांक 12 फरवरी को भी सखी मंडल कार्यक्रम के लिए पलामू उपयुक्त में सभी प्राइवेट स्कूलों को बसों को लेकर स्कूल को बंद करवा दिया जिसका परेशानी का सामना अभिभावक गण भी कर रहे हैं। इन्होंने कहा कि पिछले भाजपा सरकार के द्वारा बच्चों के स्कूल बंद कर स्कूल बस का इस्तेमाल कर भीड़ जुटाना का काम को वर्तमान सरकार भी आगे बढ़ाने को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं जिससे छात्रों एवं विभाग को को परेशानी है एवं छात्रों के मौलिक अधिकार का हनन है। मुख्यमंत्री श्री चंपई सोरेन को केरल सरकार का भी उदाहरण बनकर बिना प्राइवेट स्कूल बंद किया सरकारी कार्य को सुचारू रूप से करवाना चाहिए।

# भारत जोड़ो यात्रा पलामू में होगा ऐतिहासिक : धनंजय तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राहुल गांधी का भारत जोड़ो यात्रा को सफल व एतिहासिक बनाने के लिऐ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता तन मन से लग चुके है, युक्त बातें हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा के वरिष्ट नेता सह झारखंड प्रदेश सचिव धनंजय कुमार तिवारी ने कहीं। उन्होंने कहा की न्याय यात्रा के अगुआ और देश के जन जन के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी 14 फरवरी को नीलांबर पीतांबर की धरती पलामू में पहुंच रहें है। इसी क्रम में 15 फरवरी को छतरपुर- हरिहरगंज के मुख्य सड़क होते हुए बिहार में प्रवेश करेंगें। छतरपुर में उनका रोड शो और हरिहरगंज में भव्य स्वागत किया जाएगा। धनंजय कुमार तिवारी ने हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के साथ साथ पलामू जिला के कांग्रेस कार्यकताओं के साथ साथ पलामूवासियों को इस न्याय यात्रा में शामिल होने की अपील की है।इस मौके पर प्रदेश महासचिव सत्यानारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष अवध बिहारी सिंह, लक्ष्मीनारायण राम, मुस्ताक अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

**14 फरवरी को पलामू पहुंच रहें हैं राहुल गांधी**



### राहुल का नावा बाजार में रात्रि विश्राम हमारा सौभाग्य

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा दूसरे चरण में झारखण्ड में 14 फरवरी को पुनः छत्तीसगढ़ के रास्ते गढ़वा ज़िले में प्रवेश करेगी । यह यात्रा गढ़वा के रास्ते रेहला, बी मोड़, पड़वा मोड़ होते हुये नावा बाजार में 14 फरवरी को रात्रि विश्राम करेगी । झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव पूर्णिमा पाण्डेय ने विधानसभा वासियों के लिये सौभाग्य की बात है कि राहुल गांधी जी हमारे विधानसभा पहुँच रहे हैं और उनका रात्रि विश्राम नावा बाजार में हो रहा है जिसके बाद अगले दिन 15 फरवरी को उनकी यात्रा छत्तरपुर-हरिहरगंज होते हुये झारखण्ड-बिहार बॉर्डर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर जी द्वारा बिहार प्रदेश अध्यक्ष को फ़्लैग हैंडओवर कर यह यात्रा बिहार में प्रवेश करेगी।

## पेज एक के शेष

**राज्य में असिस्टेंट प्रोफेसर...**

- झारखंड माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2023 को अधिनियमित करने के लिए झारखंड माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक को आगामी बजट सत्र में पुनर्स्थापित करने के बिन्दु पर मंत्रिपरिषद की स्वीकृति दी गई।
- राज्यपाल सचिवालय की स्थापना में राज्यपाल के वरीय आप्त सचिव का 01 (एक) पद सृजित करने की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड सम्पूर्ण बिजली आच्छादन योजना अन्तर्गत शेष बचे हुए कार्यों को पूर्ण करने के लिए मार्च तक योजना के अवधि विस्तार की स्वीकृति की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्य विधि आयोग की कार्यावधि 14 नवंबर 2023 से 13 नवंबर, 2025 तक भूतलक्षी प्रभाव से विस्तारित करने की घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- झारखंड विधि पदाधिकारी (सगाई) नियमावली, 2018 में संशोधन की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्यान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के नियंत्रणाधीन छात्रावास निर्माण, संचालन एवं प्रबंधन के लिए झारखण्ड अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति/अल्पसंख्यक छात्रावास पोषण योजना, 2024 के गठन की स्वीकृति दी गई।
- कर्त्तव्य के दौरान नक्सली घटनाओं में मारे गये इंडिया रिजर्व बटालियन के जवानों के शेष कर्त्तव्य अवधि के वेतन के समतुल्य राशि उनके आश्रितों को भुगतान करने की स्वीकृति दी गई।

### कृषि ऋणों पर अब चार फीसदी की छूट

कैबिनेट की बैठक में कृषि ऋणों पर बड़ा निर्णय लिया गया। अब किसानों को कृषि ऋण के ब्याज पर तीन की जगह चार फीसदी की छूट दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल 25 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। वैसे किसान जो कृषि लेकर उसे एक वर्ष के भीतर लौटाएंगे, उन्हें ही इस योजना का लाभ मिल सकेगा।

### सड़क निर्माण की चार योजनाओं को स्वीकृति

बैठक में चार विभिन्न निर्माण योजनाओं को स्वीकृति दी गई है। इसके तहत गढ़वा जिले में नगरउंटारी गरबांध- रोहनीया सड़क का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 61,52,41,700 रुपये की स्वीकृति दी गई। इसी तरह जिले के डेंटल मोड़ से नावाडोहरी भाया हुर चारमुहान पथ निर्माण के लिए 97,60,16,200 रुपये दिए गए। एनएच -75 से मंझिआंव पीडब्ल्यूडी पथ भाया विकताम दलेली पथ का 39,33,73,000 रुपये से चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पुनर्निर्माण किया जाएगा।

### छात्राओं की तकनीकी शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति

छात्राओं की तकनीकी शिक्षा को लेकर अहम निर्णय लिया गया है। राज्य की छात्राएं तकनीकी शिक्षा लेने से वंचित न रहें, इसलिए उन्हें छात्रवृति दी जाएगी। राज्य के छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना लागू करने की स्वीकृति दी गई है। इसके अतिरिक्त कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा के अंतर्गत जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में संचालित लॉ फैकल्टी को जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के रूप में अंगीभूत करने की स्वीकृति दी गई।

**बिहार विधानसभा में...**

पार्टियों के नेताओं ने अपनी बात रखी है। जितने लोगों ने अपनी बात रखी है, उन्हें मैं धन्यवाद देता हूं। नीतीश कुमार ने कहा कि आरजेडी को जब शिक्षा मंत्रालय दिया तो गड़बड़ी करने लगे। ये लोग कमाने में लग गए और यह बात मुझे मालूम चला तो अलग हो गए। अब सबका हम जांच करवाएंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले स्पीकर के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में भी नीतीश कुमार के पक्ष में 125 और विपक्ष में 112 विधायकों ने वोट किया है।

## राजभवन से अनुमति ले ई टेंडर निकालने की तैयारी

# जेम पोर्टल से होगी कॉपियां की खरीदारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय वाणिज्य मंत्रालय के जेम पोर्टल से कॉपियां खरीदने की योजना बना चुका है। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय इसके लिए राजभवन की अनुमति लेकर ई टेंडर निकालेगा। इस ई टेंडर में वह 8 पेज के उत्तर पुस्तिका के खरीदारी के लिए कोटेशन डालेगा जेम भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय का एक पोर्टल है। जिससे पब्लिक और पब्लिक के संस्था चीजों की खरीदारी उचित और पारदर्शी तरीके से खरीदते हैं। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय में 60,000 से भी ज्यादा छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। इन्हें अपने पढ़ाई के दौरान आंतरिक टेस्ट देना पड़ता है। यह आंतरिक टेस्ट को 8 पन्ने की उत्तर पुस्तिका में ही देते हैं। इस आठ पन्ने की उत्तर पुस्तिका को सत्र आंतरिक मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका कहा जाता है। इस समय नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के पास इस तरह की 8 पन्नों की उत्तर पुस्तिका की घोर कमी है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एमके दीपक ने प्रेस को बताया कि औसतन एक पाठ्यक्रम सत्र में 2 लाख ऐसी उत्तर पुस्तकों की जरूरत होती है। यह एक बड़ी जरूरत इस तरह से नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय इस बात की कोशिश कर रहा है। कि वह दो या चार लाख कॉपियां एक साथ भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के जेम पोर्टल पर ई टेंडर के माध्यम से क्रय कर ले। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने प्रेस को बताया कि वे राजभवन से ई टेंडर निकालने के लिए अनुमति प्राप्त करेंगे जैसे ही राज भवन उन्हें ई टेंडर निकालने की अनुमति प्रदान कर देगा वह इस आठ पन्ने की सत्र आंतरिक मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका जो 8 पन्नों की होगी उसके क्रय का रास्ता खुल जाएग। उन्होंने माना कि विद्यार्थियों की यह काफी लंबे समय से मांग आ रही है। कि उन्हें यह आठ पन्नों की सत्र आंतरिक मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई जाए। एस के ना उपलब्ध होने पर विद्यार्थी खुद की कॉपी पर आंतरिक टेस्ट दे रहे हैं। इन बड़ी खरीदारी के बाद सत्र आंतरिक मूल्यांकन उत्तर पुस्तिका की कमी से आसानी से निपटा जा सकता है। ऐसा विश्वास प्रभारी कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने किया।




# पोस्टमार्टम हाउस का फ्रीजर खराब हो रही है परेशानी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में रखे डीप फ्रीजर सफेद हाथी का दांत बना हुआ हैं। इसे लेकर जिम्मेदारों को भी कोई परवाह नहीं है।पोस्टमार्टम हाउस में आने वाले अज्ञात शवों को सड़ने गलने से बचाने के लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से तीन शवों को रखने के लिए फ्रीजर की व्यवस्था कराई गई थी। पिछले कई महीनों से पोस्टमार्टम हाउस में रखे फ्रीजर कार्य नहीं कर रहे हैं जिससे लावारिस शव को रखने में दिक्कत होने लगी है। पोस्टमार्टम हाउस में जिन स्लैव पर शवो को रख कर पोस्टमार्टम किया जाता है वह भी गंदगी से भरा पड़ा हैं। इसके साथ ही भवन में लगी अधिकांश लाइट कार्य नहीं कर रहे हैं जिसके चलते पोस्टमार्टम करते समय डॉक्टरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन सभी समस्याओं को लेकर जिम्मेदार अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं।ऐसे में पोस्टमार्टम के लिए रखे जाने वाले अज्ञात शव सड़ गल कर दुर्गंध मारने लगते हैं। पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारी इसे ठीक कराने के लिए बार-बार अफसरों से कहते हैं लेकिन सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। अभी एक महीना बाद गर्मी का मौसम शुरू हो जाएगा। गर्मी के मौसम में अज्ञात शव कि और भी दुर्दशा हो जाती है। पोस्टमार्टम हाउस के आसपास सैकड़ों घर हैं,शव से निकलने वाली दुर्गन्ध से आसपास के क्षेत्र में काफी दुर्गंध फैलती है,जिससे लोगों का जीना मुहाल हो जाता है। इस संबंध में पूछे जाने पर अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस में रखे गए डीप फ्रीजर को यहां के मैकेनिक सही नहीं कर पा रहे हैं।



KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap


Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिबल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# मौत की सजा माफ, कतर से लौटे सात भारतीय

**फैसले का स्वागत**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कतर की अदालत ने भारतीय नौ सेना के आठ पूर्व कर्मियों को रिहा कर दिया है। इनमें से सात भारत लौट आए हैं। इस बात की जानकारी विदेश मंत्रालय (एमईए) ने दी है। विदेश मंत्रालय ने नौ सेना के पूर्व कर्मियों को रिहा करने के कतर अदालत के फैसले का स्वागत किया। जिन्हें पहले मौत की सजा सुनाई गई थी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा भारत सरकार दाहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई का स्वागत करती है। जिन्हें कतर में हिरासत में लिया गया था। उनमें से आठ में से सात भारत लौट आए हैं। हम इन नागरिकों की रिहाई और घर वापसी को तय करने के लिए कतर के अमीर के फैसले की सराहना करते हैं। इससे पहले, कतर और भारत के बीच राजनयिक वार्ता के बाद जेल में बंद भारतीय नौसेना के कर्मियों की मौत की सजा को कारावास में बदल दिया गया था।

विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि कतर में कैद आठ पूर्व भारतीय नौसेना अधिकारियों में से सात भारत लौट आए हैं। अंतिम रिहा किए गए कर्मी को घर लाने की व्यवस्था की जा रही है। आठ भारतीय नागरिक जो पहले भारतीय नौसेना के कर्मी थे, को कथित रूप से जासूसी करने के आरोप के बाद अक्टूबर 2022 में कतर में कैद कर लिया गया था। भारतीय नागरिकों को कतर की अदालत ने जासूसी का दोषी माना था और मौत की सजा सुनाई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अदालत का फैसला बेहद चौंकाने वाला था और कहा कि वे भारतीय नौसेना के पूर्व कर्मियों के खिलाफ आरोपों को हटाने के लिए सभी कानूनी विकल्प तलाशेंगे। मामले में पिछले साल एक बड़ा परिवर्तन तब आया, जब कतर की अदालत ने भारत सरकार के हस्तक्षेप के बाद भारतीय नागरिकों की मौत की सजा को कम कर कारावास की सजा में बदल दिया गया।

## कई देशों में मोदी सरकार बनी 'संकटमोचक'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया में एक बार फिर भारत सरकार की सफल कूटनीति दिखी। कतर में काम कर रहे 8 भारतीय नौसेना के पूर्व अफसरों को रिहा कर दिया गया है, जिनमें 7 सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। भारत लौटे सभी पूर्व अधिकारियों ने मोदी सरकार को इसका पूरा श्रेय दिया। बता दें कि इन सभी पूर्व अधिकारियों को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद कतर की एक अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। वहीं, मोदी सरकार के हस्तक्षेप के बाद फांसी की सजा को घटाकर उम्रकैद में बदला गया और आज सरकार की सफल विदेश नीति के बाद कतर ने 8 पूर्व अधिकारियों को सुरक्षित छोड़ दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने दुबई में सीओपी 28 शिखर सम्मेलन में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से भेंट की थी। द्विपक्षीय साझेदारी और कतर में रहने वाले भारतीयों की भलाई पर चर्चा भी की थी। इसके अलावा विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल ने भी इस मुद्दे को कतर के सामने बार-बार उठाया था। इसी का नतीजा है कि 18 महीने बाद सोमवार को 8 पूर्व भारतीय अधिकारियों की वतन वापसी हो पाई। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब मोदी सरकार की कूटनीति को जीत मिली हो। भारत सरकार ने अपने कार्यकाल में कई रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिए भारतीय नागरिकों को सकुशल स्वदेश पहुंचाया है। बीते नौ सालों में विदेश मंत्रालय ने कई अभियानों के तहत युद्धग्रस्त देशों से हजारों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। खास बात ये भी है कि मोदी सरकार में दूसरे मुल्कों से न केवल भारतीय नागरिक सुरक्षित स्वदेश लौटे, बल्कि इन ऑपरेशन के तहत दूसरे देशों के लोगों को भी सकुशल उनके घर पहुंचाया। यूक्रेन-रूस के बीच छिड़ी जंग के बीच से मोदी सरकार ने ऑपरेशन गंगा के तहत 22,500 से अधिक भारतीयों को सुरक्षित निकाला। इसी तरह 2023 में ऑपरेशन कावेरी के तहत सूडान से 3,800 से अधिक भारतीयों की वतन वापसी करवाई। इसके अलावा, साल 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान ने कब्जा कर लिया था। इसके बाद भारत सरकार ने ऑपरेशन देवी शक्ति के जरिए अफगानिस्तान से लगभग 1,200 लोगों को सकुशल बाहर निकाला। इन लोगों में अफगान हिंदू/सिख अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखने वाले 206 अफगान भी शामिल थे।

## भारत का समय आ गया है, पूरा विश्व भारत की ओर उम्मीदों से देख रहा है : मोहन भागवत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ रहे प्रभाव का जिक्र करते हुए कहा है कि आज पूरा विश्व ठोकरे खा रहा है, लड़खड़ा रहा है और भारत की तरफ उम्मीद से देख रहा है कि अब दुनिया को भारत से ही रास्ता मिलेगा। भगवान महावीर स्वामी के 2250वें निर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य में दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि भारत के बारे में कहा जाता है कि यहां विविधता में एकता है। वास्तव में यहां एकता की ही विविधता हमारे ध्यान में आती है कि हम सब एक हैं। उन्होंने कहा कि हम सब के एक होने से हम प्रतापी, शक्तिसम्पन्न, ताकतवर और प्रभावशाली बन जाएंगे, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमें दुनिया को जीतना है बल्कि हमें सारी दुनिया को जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि हम (भारत) प्रभावशाली बन जाएंगे तो इसका उपयोग दुनिया को जोड़ने के लिए करेंगे क्योंकि ऐसा उच्च जीवन दर्शन हमारे यहां मिला है और सारी दुनिया को यह रास्ता बताना हमारा कर्तव्य है और उसका समय फिर से आ गया है।भागवत ने आगे कहा कि दो हजार वर्षों में अनेक प्रकार के प्रयोग करने के बाद विश्व आज ठोकरे खा रहा है, लड़खड़ा रहा है और भारत की ओर आशा से देख रहा है।

दुनिया को यह लगता है कि भारत से ही उपाय मिलेगा और ऐसा विश्व इसलिए सोचता है क्योंकि विश्व को पता है कि ऐसे ही दर्शनों, तत्वों और व्यवहारों के आधार पर ही बहुत पहले भारत ने पूरे विश्व को शांति और समृद्धि के रास्ते पर बनाए रखा था। उन्होंने अयोध्या में हुए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का जिक्र करते हुए कहा कि अयोध्या के बारे में कहा जाता है कि वहां कलह नहीं होता और जब कैकेई के मन में कलह आया तो भगवान राम 14 वर्षों के लिए वनवास चले गए और पूरी दुनिया का कलह खत्म कर वापस लौटे। उन्होंने कहा कि एक बार फिर भगवान राम वापस अयोध्या लौटे हैं। भारत में सबके एक होने की बात कहते हुए संघ प्रमुख ने यह भी कहा कि हम चाहे किसी भी समाज से ताल्लुक रखते हों, लेकिन हम सब एक हैं और हम सब का एक होना ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है।

## मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मान ने परिवार सहित किए रामलला के दर्शन



**एजेंसी। लखनऊ**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन किए। दोनों मुख्यमंत्री परिवार के साथ श्री रामलला के दर्शन करने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैंने अपने परिवार के साथ और भगवंत मान ने अपने परिवार के साथ अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन किए। मेरे साथ मेरी पत्नी, मेरे माता-पिता और मान साहब की पत्नी और उनकी माता जी हम सबको रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। केजरीवाल ने कहा कि रामलला के दर्शन करके असीम शांति का अनुभव हुआ है। उसका वर्णन नहीं किया जा सकता है। यह पूरे देश-समाज के लिए सौभाग्य की बात है। इतना भव्य और सुंदर मंदिर तैयार हुआ है। हर रोज लाखों लोग दर्शन कर रहे हैं। उनकी आस्था देखकर दिल गदगद हो जाता है। भगवंत मान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि परिवार के साथ भगवान श्रीराम के दर्शन किए। बड़े दिनों से इच्छा थी, जो आज पूरी हो गई।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए चंदा देने के मामले में आंध्र प्रदेश सबसे आगे

**एजेंसी। अमरावती**



राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए चंदा देने के मामले में आंध्र प्रदेश पहले स्थान पर है। आंध्र प्रदेश ने पूर्व-पश्चिम यात्रा के लिए अब तक 1.02 करोड़ रुपये से अधिक का दान दिया है। कांग्रेस सांसद और तेलंगाना के पार्टी प्रभारी मनिकम टैगोर ने सोमवार को सबसे अधिक सार्वजनिक दान वाले पांच राज्यों की सूची साझा की। आंध्र प्रदेश से दान 1,02,32,907 रुपये है। 86,42,697 रुपये के दान के साथ राजस्थान दूसरे स्थान पर है। हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर है। उन्होंने कहा, राजनीति में पारदर्शिता को बढ़ावा देने, आंध्र प्रदेश में मजबूत समर्थन हासिल करने के लिए राहुल गांधी के दूरदर्शी नेतृत्व को धन्यवाद। इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए एपीसीसी अध्यक्ष वाई एस, शर्मिला रेड्डी की सराहना। आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शर्मिला ने आंध्र प्रदेश की जनता को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया। मैं तहे दिल से आंध्र प्रदेश के लोगों को धन्यवाद देती हूं जो न्याय में योगदान देने में राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान पर रहे। यह इस सच्चाई का ज्वलंत प्रमाण है कि राज्य कांग्रेस पर भरोसा करता है और पार्टी को आशा की किरण के रूप में देखता है। यह सिर्फ शुरूआत है और हम प्रतिबद्धता के साथ राज्य के हित के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। शर्मिला को पिछले महीने कांग्रेस नेतृत्व ने एपीसीसी अध्यक्ष नियुक्त किया था, जिसे आंध्र प्रदेश में खोई हुई जमीन वापस पाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। राज्य के विभाजन पर जनता के गुस्से के कारण 2014 में आंध्र प्रदेश से कांग्रेस पार्टी का लगभग सफाया हो गया था। 2019 में लगातार दूसरे चुनाव में, कांग्रेस को आंध्र प्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कोई फायदा नहीं हुआ।

## पति से झगड़े का गिरोह ने उठाया फायदा पत्नी से किया दुष्कर्म, पांच गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कोप्पल जिले के गंगावती शहर में मदद के बहाने 6 सदस्य वाले गिरोह ने एक विवाहित महिला से बलात्कार किया। पुलिस ने बताया कि पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। पांचों आरोपियों की पहचान मौला हुसैन, शिवकुमार, प्रशांत, महेश और मदेश के रूप में हुई है। मुख्य आरोपी की पहचान लिंगराज के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि बेंगलुरु की मूल निवासी 21 वर्षीय पीड़िता 9 फरवरी को रात करीब साढ़े नौ बजे गंगावती शहर में अपने पति से मिलने आई थी। पीड़िता अपने पति से मिली, लेकिन जल्द ही दंपति के बीच झगड़ा शुरू हो गया। पुलिस ने कहा कि गिरोह ने दंपति के बीच झगड़े में हस्तक्षेप किया और पत्नी का पक्ष लिया। मदद करने के बहाने गिरोह ने उसके पति पर हमला किया और उसे खींचकर ले गए। पुलिस ने बताया कि इसके बाद उन्होंने पीड़िता को बहलाया-फुसलाया और सुनसान जगह पर ले गए और उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने कहा, मुख्य आरोपी की पहचान लिंगराज के रूप में हुई है, जिसने महिला के साथ बलात्कार किया, जबकि अन्य ने अपराध करने में उसकी मदद की। पुलिस ने बताया कि दुष्कर्म के बाद आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ पीड़िता को छोड़कर मौके से फरार हो गया। बाद में पीड़िता ने घटना के संबंध में गंगावती पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

## दिल्ली पुलिस ने धारा 144 की लागू, 12 मार्च तक जुलूस व प्रदर्शन पर प्रतिबंध

**किसानों का विरोध**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने किसानों के 'दिल्ली चलो मार्च' के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में 12 मार्च तक 30 दिनों की अवधि के लिए धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। रविवार को दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने आदेश जारी किया कि, संयुक्त किसान मोर्चा, किसान मजदूर मोर्चा और कई अन्य किसान यूनियनों और संघों ने अपनी मांगों को दबाने के लिए संसद भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन करने के लिए 13 फरवरी को 'दिल्ली चलो' मार्च की घोषणा की है, और आशंका है कि उपरोक्त मार्च में भाग लेने वाले, नई दिल्ली पहुंचने और अपनी मांगों पर जोर देने के लिए प्रदर्शन करने के लिए निकटवर्ती राज्यों के साथ अपनी सीमाओं के विभिन्न प्रवेश बिंदुओं से दिल्ली के क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास कर सकते हैं। आदेश में आगे कहा गया है कि मार्च में भाग लेने वालों के दिल्ली/नई दिल्ली के क्षेत्र में प्रवेश करने के कारण व्यापक तनाव, सार्वजनिक उपद्रव, सार्वजनिक झुंझलाहट, सामाजिक अशांति और हिंसा की संभावना का आसन्न खतरा है। इसे लेकर निषेधाज्ञा लागू किया गया है।

## मिथुन चक्रवर्ती को मिली अस्पताल से छुट्टी बोले- जल्द ही फिल्मों की शूटिंग शुरू करुंगा

**कोलकाता।** भाजपा नेता और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सोमवार दोपहर कोलकाता के अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। डॉक्टरों ने उन्हें नियमित दवाई लेने और कम से कम 15 दिनों तक लम्बे आराम करने की सलाह दी है। अस्पताल से बाहर निकलकर मिथुन चक्रवर्ती ने कहा कि वह बिल्कुल ठीक हैं और जल्द ही फिल्मों की शूटिंग शुरू करेंगे। शनिवार को एक बांग्ला फिल्म की शूटिंग के दौरान ब्रेन स्ट्रोक आने की वजह से अस्पताल में भर्ती करना पड़ा था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी रविवार को उनसे फोन पर बात की थी।

## अमेरिकी रेस्तरां के बाहर हमले में भारतीय मूल के टेक अधिकारी की मौत

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**



वाशिंगटन में एक रेस्तरां के बाहर हमले के कुछ दिनों बाद अमेरिका में एक टेक कंपनी के भारतीय मूल के एक 41 वर्षीय अधिकारी की मौत हो गई है। डायनेमो टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष और सह-संस्थापक विवेक तनेजा ने 2 फरवरी को शोटो रेस्तरां के बाहर एक व्यक्ति द्वारा हमला किए जाने के बाद गुरुवार को दम तोड़ दिया। एक मौखिक विवाद के बाद संदिग्ध ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया और उसका सिर फुटपाथ पर दे मारा। पुलिस घटना रिपोर्ट के अनुसार, तनेजा एक महिला साथी का बचाव कर रहे थे जिसे संदिग्ध परेशान कर रहा था। पुलिस को वह करीब 2 बजे फुटपाथ पर जानलेवा चोटों के साथ मिला था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

तनेजा को जानने वाले एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि लड़ाई रेस्तरां के अंदर शुरू हुई जिसके बाद दोनों को बाहर निकाल दिया गया। पुलिस ने बार के बाहर घूमते हुए संदिग्ध का एक निगरानी वीडियो जारी किया। उसकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 25 हजार डॉलर तक का इनाम देने की पेशकश की गई है। तनेजा वर्जीनिया विश्वविद्यालय से स्नातक थे और उनके पड़ोसी उनसे बहुत प्यार करते थे।

## 1979 की इस्लामी क्रांति की वर्षगांठ मनाने पूरे ईरान में सामूहिक रैलियां आयोजित

**एजेंसी। तेहरान**



देश की 1979 की इस्लामी क्रांति की जीत की 45वीं वर्षगांठ मनाने के लिए रविवार को पूरे ईरान में सामूहिक रैलियां आयोजित की गईं। रैलियों में देश के अधिकारी और सैन्य कमांडर भी शामिल हुए। यह देश के 1,400 शहरों और 35,000 गांवों में स्थानीय समयानुसार सुबह 9:00 बजे शुरू हुईं। राजधानी तेहरान में लोगों ने 13 स्थानों से आजादी स्क्वॉयर की ओर मार्च किया, जहां ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने भाषण दिया। उनके कार्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार, रायसी ने कहा कि देश के सतर्क, व्यावहारिक और जागरूक लोग दुश्मनों के कारण होने वाली सभी समस्याओं पर काबू पाने में कामयाब रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान न तो पूर्व और न ही पश्चिम पर निर्भर है और वह स्वयं निर्णय लेता है और कार्य करता है। उन्होंने मानवाधिकार समर्थक होने का दावा करने वाले पश्चिमी राज्यों के समर्थन से गाजा में किए गए इजरायली अपराधों की भी निंदा की। तेहरान में रैलियों के दौरान, लोगों ने नारे लगाए और ईरान, इसकी इस्लामी क्रांति और फिलिस्तीनियों के समर्थन में समान नारे वाले बैनर ले रखे थे। उन्होंने अमेरिका और इजराइल की निंदा भी की। रैलियों के मार्गों पर, कई घरेलू मिसाइलों और सिमोर्ग नामक एक लॉन्च वाहन को प्रदर्शन के लिए रखा गया था। ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति ने अमेरिका समर्थित शाह शासन को उखाड़ फेंका था और देश को इस्लामी गणराज्य के दिवंगत संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में ला दिया।

## पाक चुनाव में खंडित जनादेश : पीएमएल (एन) ने 'सहभागी गठबंधन सरकार' का रखा विचार



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

आम चुनावों में मिले जनादेश के बीच, पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) (पीएमएल-एन) ने एक भागीदारी वाली गठबंधन सरकार का सुझाव दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह खबर दी है। डॉन ने बताया देश में राजनीतिक परिदृश्य और भविष्य की कार्रवाई पर पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ विचार-विमर्श करने के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए। पीएमएल (एन) नेता और पूर्व कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने कहा कि हम सेंटर में सरकार बनाने के लिए पूर्व सहयोगियों के साथ परामर्श कर रहे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा देश के व्यापक हित में सभी को संघीय सरकार बनाने के लिए हाथ मिलाना चाहिए। चुनावों में धांधली के आरोपों के बीच, तरार ने कहा कि नेशनल असेंबली में एक भी राजनीतिक दल ने बहुमत हासिल नहीं किया है, जो दर्शाता है कि चुनाव निष्पक्ष थे।

### पीटीआई का पीएमएल(एन) व पीपीपी के साथ गठबंधन से इनकार

**इस्लामाबाद।** सरकार बनाने के लिए पीपीपी और पीएमएल (एन) के साथ गठबंधन से इनकार करते हुए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने कहा है कि उनके साथ हाथ मिलाने के बजाय विपक्ष में बैठना बेहतर है। डॉन को दिए एक साक्षात्कार में पीटीआई प्रमुख गौहर अली खान ने कहा कि पार्टी उन दोनों (पीपीपी और पीएमएल-एन) के साथ सहज महसूस नहीं करती है और उनके साथ सरकार बनाने से बेहतर है कि विपक्ष में बैठें। पीटीआई आरक्षित सीटों पर दावा करने के लिए किसी अन्य पार्टी से हाथ मिलाएगी, क्योंकि उसके अभाव में राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं में सरकार बनाने की उसकी संभावनाओं को गंभीर झटका लगेगा।

### पाकिस्तान में विस्फोट में दो की मौत, तीन घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। बचाव दल ने यह जानकारी दी। सरकारी रेस्क्यू 1122 ने एक बयान में कहा कि यह घटना रविवार को प्रांत के निचले दीर इलाके के एक बाजार क्षेत्र में हुई। घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां तीनों की हालत गंभीर है। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी।

## ज्ञानवापी पर मुस्लिमों की याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई 15 को

**प्रयागराज (यूपी)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के एक तहखाने में हिंदू प्रार्थनाओं की अनुमति देने के वाराणसी जिला अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 15 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति द्वारा दायर अपील पर आदेश पारित किया, जो काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे मस्जिद के मामलों की देखभाल करती है। मुस्लिम पक्ष के वकील - पुनित गुप्ता और एसएफए नकवी को विस्तार से सुनने के बाद, न्यायमूर्ति अग्रवाल ने नकवी के अनुरोध पर मामले में आगे की सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तारीख तय की। मस्जिद समिति की ओर से पेश हुए एसएफए नकवी ने अदालत के समक्ष कहा कि विवादित संपत्ति पर वादी (व्यास) का क्या अधिकार है, यह अभी तक तय नहीं हुआ है और इसलिए वादी के अधिकार का पता लगाए बिना, तहखाने में पूजा की अनुमति देने का आदेश गैरकानूनी है।